RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 125
नई दिल्ली, रविवार, 12 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



शुभमन गिल की शतकीय पारी
स्पोर्ट्स-12

# आज के कारीगरों को कल का बड़ा उद्यमी बनाना है: प्रधानमंत्री

- मोदी ने कहा, छोटे कारोबारियों की मदद के लिए समयबद्ध तरीके से मिशन बनाकर काम करने की जरूरत
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना पर आयोजित वेबिनार में बोले नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कारीगरों, छोटे कारोबारियों की मदद के लिए समयबद्ध तरीके से मिशन बनाकर काम करने की जरूरत को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि पीएम-विश्वकर्मा योजना का ध्यान ऐसे ही एक बहुत बड़े और बिखरे हुए समुदाय की तरफ है। मोदी ने बजट के बाद प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना पर आयोजित एक वेबिनार में कहा, हमारा उद्देश्य आज के कारीगरों को कल का बड़ा उद्यमी बनाना है। इसके लिए उनके व्यापार मॉडल में स्थिरता जरूरी है।

उन्होंने सभी हितधारकों से छोटे कारीगरों को अपनी मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना का उद्देश्य कारीगरों के कौशल को निखारना, उनके लिए आसानी से ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना और ब्रांड प्रचार में उनकी मदद करना है ताकि उनके उत्पाद बाजार में जल्दी पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य कारीगरों और लघु कारोबार से जुड़े लोगों की भी मदद करना भी है। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया मिशन के तहत करोड़ों लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लघु स्तर के कारीगर स्थानीय शिल्प के निर्माण और देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का ये बजट वेबिनार भारत के करोड़ों लोगों के हुनर और उनके कौशल को समर्पित है। कौशल जैसे क्षेत्र में हम जितना विशिष्ट रूप से केंद्रित होंगे, हमारा रूख जितना लक्ष्य आधारित होगा, उतने ही बेहतर परिणाम मिलेंगे और पीएम-विश्वकर्मा योजना उसी सोच का नतीजा है। मोदी ने कहा कि आजादी के बाद हमारे कारीगरों को सरकार से जिस सुगढ़ तरीके के हस्तक्षेप की आवश्यकता थी, वो नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि आज कई लोग अपना पुश्तैनी और पारंपरिक व्यवसाय छोड़ रहे हैं, हम इस वर्ग को ऐसे ही अपने हाल पर नहीं छोड़ सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे गांवों और शहरों में विभिन्न कारीगर हैं जो अपने हाथ के कौशल से औजार का उपयोग करते हुए जीवन यापन करते हैं। पीएम-विश्वकर्मा योजना का फोकस ऐसे ही एक बहुत बड़े और बिखरे हुए समुदाय की तरफ है। उन्होंने कहा कि हमने छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों के लिए पीएम-स्वनिधि योजना बनाई, इसका उन्हें लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम-विश्वकर्मा योजना से करोड़ों लोगों की बड़ी मदद होने जा रही है। हर विश्वकर्मा साथी को आसानी से लोन मिले, उनका कौशल बढ़े, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

मोदी ने कहा, पीएम-विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों की समृद्ध परंपरा को संरक्षित करने के साथ ही उसका विकास भी करना है। अब हमें कौशल आधारभूत प्रणाली को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार नए सिरे से तैयार करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य आज के कारीगरों को कल का बड़ा उद्यमी बनाना है और विश्वकर्मा साथियों के लिए उनके कारोबारी मॉडल में स्थायित्व जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी नजर केवल स्थानीय बाजार पर नहीं है बल्कि हमारा लक्ष्य वैश्विक बाजार भी है। कारीगरों को हम मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनाकर ही मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग ऐसे लोगों ( शेष पेज 8 )

## नौकरी के बदले जमीन मामला

# ईडी का दावा-600 करोड़ की संपत्ति का पता चला



- अपराध के माध्यम से हासिल की गई यह संपत्ति, लालू के परिवार पर छापों में मिली एक करोड़ की अघोषित नकदी जब्त
- सीबीआई ने तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए बुलाया लेकिन व्यक्तिगत कारणों से नहीं हुए उपस्थित, नई तारीख देने का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय ने शनिवार को बताया कि भारतीय रेल के नौकरियों के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के खिलाफ छापों में एक करोड़ रुपए की अघोषित नकदी जब्त की है और अपराध के माध्यम से प्राप्त 600 करोड़ रुपए की संपत्ति का पता चला है। वहीं सीबीआई ने तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए शनिवार को बुलाया था, लेकिन वह व्यक्तिगत कारणों से उपस्थित नहीं हो सके और नई तारीख देने का अनुरोध किया है। केन्द्रीय एजेंसी ने कहा कि लालू प्रसाद के परिवार और उनके सहयोगियों के लिए रियल एस्टेट और अन्य क्षेत्रों में किए गए निवेशों का पता लगाने ( शेष पेज 8 )

## नीतीश कुमार ने साधा केंद्र पर निशाना, भाजपा का पलटवार

- कहा- 2017 में भी ऐसा ही हुआ था, जब वह भाजपा विरोधी गठबंधन में थे
- भाजपा ने बिहार के सीएम से पूछा, क्या 2021 में उन्होंने खुद लालू, राबड़ी देवी और तेजस्वी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग नहीं की थी

**पीएनएस/एजेंसी।** पटना/नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि इस तरह की चीजें 2017 में भी हुई थी जब वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोधी गठबंधन में थे।

वही भाजपा ने नीतीश पर पलटवार करते हुए पूछा कि 'क्या 2021 में उन्होंने खुद लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग नहीं की थी। सीबीआई और ईडी की छापेमारी पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जनता अब जागरूक हो गई है और वह चाहती है कि हर भ्रष्टाचारी तत्व को सबक सिखाया जाए। भाटिया ने कहा कि 'राजनीतिक प्रतिशोध' के तहत सरकार पर आरोप लगाने के बजाय जांच का सामना कर रहे विपक्षी नेताओं को अदालत से क्लीन चिट लेनी चाहिए और खुद को पीड़ित के तौर पर पेश नहीं करना चाहिए।

उन्होंने लालू और उनके परिवार के खिलाफ चल रही जांच को सही ठहराया। वहीं नीतीश ने यह टिप्पणी कर संकेत दिया है कि वह राजद की इस दलील ( शेष पेज 8 )

# लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा कम करने की अनुमति नहीं दी जा सकती: उप राष्ट्रपति

- संसद में माइक बंद कर दिया जाता है, इससे बड़ा असत्य और कुछ नहीं हो सकता: धनखड़

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ, लखनऊ



मेरठ में आयुर्वेद महासम्मेलन में एक ओडीओपी स्टॉल पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर संसद में विपक्ष के माइक बंद करने संबंधी टिप्पणी को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि एक आख्यान बनाने के लिए इससे बड़ा झूठ नहीं हो सकता। धनखड़ ने कहा कि आपातकाल के काले अध्याय के दौरान ऐसा किया गया था, लेकिन अब यह संभव नहीं है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा को कम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपनी अदूरदर्शिता के कारण देश की उपलब्धियों को कमतर करने की कोशिश कर रहे हैं। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने यहां चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, लोकतांत्रिक मूल्य महत्वपूर्ण हैं और हम लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा को कम नहीं होने दे सकते क्योंकि हम लोकतंत्र की जननी हैं।

गांधी की माइक संबंधी टिप्पणी पर, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने उनका नाम लिए बिना कहा, इससे बड़ा झूठ नहीं हो सकता है जब कोई यह कहकर एक आख्यान बनाने की कोशिश करता है कि सबसे बड़ी पंचायत, संसद में, माइक बंद कर दिए जाते हैं। उन्होंने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में आयुर्वेद महाकुंभ में कहा, अदूरदर्शिता के कारण, कुछ लोग अपनी आवाज पर नियंत्रण नहीं रखते और इस महान देश की बड़ी उपलब्धियों को कमतर करने के लिए कुछ भी कहते हैं। कांग्रेस नेता गांधी ने सोमवार को लंदन में हाउस ऑफ कॉमन्स के ( शेष पेज 8 )

# संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दा नहीं उठा पा रहा पाकिस्तान

- पाक विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने इसके पीछे भारत की कूटनीति बताया, भारत का जिक्र करते हुए जुबान लड़खड़ाई, पहले मित्र फिर पड़ोसी कहा

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र



**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने स्वीकार किया है कि उनके देश के सामने कश्मीर मामले को संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे के केंद्र में लाने का मुश्किल कार्य है।


भारत का जिक्र करते हुए जरदारी की जुबान लड़खड़ाई और उन्होंने पड़ोसी शब्द का इस्तेमाल करने से पहले उसके लिए हमारे मित्र शब्दों का इस्तेमाल किया। जरदारी ने फलस्तीन और कश्मीर के हालात को एक समान बताए जाने वाले एक प्रश्न के जवाब में शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, आपने यह सही कहा कि हमारे सामने कश्मीर को संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे के केंद्र में लाने का विशेष रूप से मुश्किल काम है। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के हर मंच पर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाता है, भले ही किसी भी विषय या एजेंडे पर चर्चा की जा रही हो।

बहरहाल, वह इस मामले में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों का व्यापक समर्थन हासिल करने में विफल रहा है। अधिकतर देश कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मामला मानते हैं। चौंतीस-वर्षीय विदेश मंत्री ने कहा, और कभी कश्मीर का ( शेष पेज 8 )

# आबकारी नीति: बीआरएस नेता के. कविता से नौ घंटे पूछताछ

- ईडी ने तेलंगाना के सीएम चंद्रशेखर राव की बेटी को 16 मार्च को फिर पूछताछ के लिए बुलाया
- एजेंसी कार्यालय के बाहर समर्थकों का प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय में पूछताछ के लिए पहुंची कविता

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में शनिवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता से नौ घंटे पूछताछ की। उन्हें 16 मार्च को पूछताछ के लिए फिर बुलाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की 44 वर्षीय बेटी कविता रात करीब आठ बजे एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित एजेंसी के मुख्यालय से रवाना हुईं। वह पूर्वाह्न करीब 11 बजे लगभग तुगलक रोड स्थित अपने पिता के सरकारी आवास से ईडी कार्यालय पहुंची थी। अधिकारियों ने कहा कि बीआरएस की नेता को 16 मार्च को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले, ईडी कार्यालय में भारी संख्या में दिल्ली पुलिस और केंद्रीय अर्द्धसैन्य बलों के कर्मियों को तैनात किया गया था। बीआरएस नेता के समर्थकों ने एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर प्रदर्शन भी किया। कविता ने एजेंसी के कार्यालय में प्रवेश करने से पहले मुठ्ठी बंद करके हाथ ऊपर उठाया। बीआरएस की विधान पार्षद के साथ उनके स्टाफ के कुछ सदस्य भी थे, जो बाहर रुक गए। ईडी ने कविता को नौ मार्च को पेश होने के ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,135 | |
| निफ्टी | 17,412 | |
| सोना | 55,540 | /10g |
| चांदी | 62,095 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सिक्किम में भारी बर्फबारी करीब 900 पर्यटक फंसे

**गंगटोक।** नाथूला और सोमगो झील से शनिवार शाम सिक्किम की राजधानी की ओर लौटते हुए करीब 900 पर्यटक भारी बर्फबारी के कारण रास्ते में फंस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सेना के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया जा रहा है और अब तक कुल 89 वाहनों में से 15 वाहनों को निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि बर्फ को धीरे-धीरे रास्तों से हटाया जा रहा है और निकाली गई गाड़ियों को 46 किलोमीटर दूर गंगटोक के लिए रवाना कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि कुछ पर्यटकों को रात सेना के एक शिविर में बितानी पड़ सकती है। सेना ने फंसे हुए पर्यटकों की हरसंभव मदद का वादा किया है। प्रशासन ने पूर्वी सिक्किम में भारी बर्फबारी के कारण कुछ दिन के लिए नाथूला और सोमगो झील के लिए पास जारी करना हाल में बंद कर दिया था।



नई दिल्ली में शनिवार को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में जी20 फ्लॉवर फेस्टिवल के दौरान रंग-बिरंगे फूलों को निहारते लोग।

# सात दलों की 66 प्रतिशत आय अज्ञात स्रोतों से

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** की सात राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों की 2021-22 में हुई कुल आय का 66 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा चुनावी बांड और अन्य अज्ञात स्रोतों से आया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्मस (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है।

चुनाव सुधार की दिशा में काम करने वाले एनजीओ ने आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा है कि सात राजनीतिक दलों... भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (माकपा) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने 2021-22 में अज्ञात स्रोतों से 2,172 करोड़ रुपए ( शेष पेज 8 )

# अंतरिक्ष में सेटेलाइट कचरे से निपटने को होगा समझौता

- भविष्य में वैश्विक अंतरिक्ष उद्योग के विस्तार से पहले उपग्रहों की भीड़ को सीमित करने की तैयारी

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**पृथ्वी** की कक्षा में सेटेलाइटों (उपग्रह) की संख्या इस समय 9,000 है और 2030 तक यह संख्या बढ़कर 60,000 तक हो जाएगी। यही नही करीब 1000 खरब से ज्यादा पुराने उपग्रहों के टुकड़े भी पृथ्वी का चक्कर लगा रहे हैं।

भविष्य में वैश्विक स्पेस इंडस्ट्री के विस्तार से पृथ्वी की कक्षा में उपग्रहों की भीड़ न हो यह सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक एक समझौते को आगे बढ़ा रहे हैं। वैज्ञानिकों ने यह गौर किया कि सेटेलाइट तकनीक सामाजिक तथा पर्यावरणीय लाभों के लिए बेहद मददगार है लेकिन यह आशंका है भी जताई जा रही है कि इंडस्ट्री के विकास के साथ पृथ्वी की कक्षा उपयोग करने के लायक ही न रहे जैसा कि समुद्र के साथ हुआ, जहां प्लास्टिक प्रदूषण की भरमार हो गई है।

अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की टीम ने जर्नल साइंस में लिखा है कि यह इस जरूरत पर बल देता है कि बेहतर तरीके से पृथ्वी की कक्षा का संचालन कैसे किया जाए, इसके लिए तुरंत वैश्विक सहमति कायम की जानी चाहिए। करीब 200 देशों द्वारा समुद्र को बचाने पर सहमति जताने के बाद यह कानून समझौता अस्तित्व में आया है। इंडस्ट्री और देशों द्वारा सेटेलाइट के टिकाऊपन पर ध्यान केंद्रित करने की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा कि इस पर किसी भी समझौते में निर्माता और उपयोगकर्ता को सेटेलाइट और मलबे के जिम्मेदार ठहराए जाने के उपाय किए जाएं।

विशेषज्ञों को मानना है कि जब तक तुरंत कोई कदम नहीं उठाया जाएगा, तब तक हमारे ग्रह के आसपास खतरा मंडराता रहेगा जैसे ज्यादा मछली मारने, रिहायश के खत्म होने, गहरे समुद्र में खनन और प्लास्टिक प्रदूषण के कारण समुद्रों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस लेख को लिखने वालों में प्लेमाउथ विश्वविद्ययालय, अरिबाड़ा इनीशिएटिव, आस्टिन स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, कैलीफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नासा जेट प्रपल्सन लेब्रोरेटरी, स्पेसपोर्ट कार्नवॉल तथा जेएसएल (जूलोजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन) के शोधार्थी शामिल हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ प्लेमाउथ की डॉ. इमोजेन नैप्पर ने कहा प्लास्टिक प्रदूषण तथा और बहुत सी चुनौतियां हमारे समुद्रों के सामने हैं, अब उन पर पूरा विश्व ध्यान दे रहा है। लेकिन इस पर सीमित तौर पर ही मिलकर काम किया जा रहा तथा धीमी गति से अमल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में मलबे को लेकर हम इसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। समुद्र से हमने जो सबक लिया है उसको ध्यान में रखते हुए हम इन गलतियों से बच सकते हैं तथा अंतरिक्ष में किसी हादसे को रोक सकते हैं।

पायनियर

नई दिल्ली, रविवार, 12 मार्च, 2023



# गाजियाबाद में लगाई जाएंगी ढाई हजार नई स्ट्रीट लाइटें

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद।

- 2 करोड़ की लागत से निगम खरीदेगा

शहर में करीब ढ़ाई हजार स्ट्रीट लाइट नई लगाई जाएंगी। इन लाइटों की खरीद के लिए जल्दी ही नगर निगम वर्क ऑर्डर जारी करेगा। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने यह जानकारी दी।

दरअसल यह मामला नगर निगम प्रशासन द्वारा पार्षदों की बुलाई गई बैठक में उठा था। कई पार्षदों का कहना था कि शहर में स्ट्रीट लाइट का बुरा हाल है, जगह-जगह स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं जिससे क्राइम की घटनाएं भी होती हैं। नगर निगम प्रशासन ने भी इसे गंभीरता से लिया। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने तत्काल इस पर फैसला लियाए उनका कहना है कि जल्दी ही 90 वॉट की नई स्ट्रीट लाइट की खरीद की जाएंगी। इसके लिए करीब दो करोड़ रुपया खर्च किया जाएगा, नगर निगम 2310 स्ट्रीट लाइट की खरीद करेगा।

नगर आयुक्त डॉ गौड़ का कहना है कि शहर में पुरानी स्ट्रीट लाइट को ठीक कर लगाया जा रहा है। इस पर पार्षद हिमांशु मित्तल का कहना है कि जो स्ट्रीट लाइट ठीक कर लगाई जा रही हैं, वे कुछ समय के बाद ही खराब हो रही हैं।

ऐसे में शहर में नई स्ट्रीट लाइट की खरीद कर उन्हें लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा कई और पार्षदों ने भी यह मसला उठाया। बीजेपी के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने भी नगर आयुक्त से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने, वॉटर सप्लाई सुधार और साफसफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है।



### मुख्य सड़क पर लगेगी 90 वॉट की एलईडी

इस पर नगर आयुक्त डॉ गौड़ ने कहा कि पार्षदों ने जो बात उठाई है उन सब को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम करीब दो करोड़ रुपये की लागत से 2310 नई स्ट्रीट लाइट की खरीद करेगा जो 90 वॉट की होंगी। इन्हे मेन रोड पर अलग से लगाया जाएगा, वहां से जो लाइट उतारी जाएंगी उन्हें शहर के अन्य हिस्सों में लगाया जाएगा।

# फ्लैट लाभार्थियों की झुग्गी होगी ध्वस्त

- नोएडा के प्राधिकरण ने दस अप्रैल तक दिया अल्टीमेटम, लाभ नहीं लेने वालों का आवंटन होगा निरस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



औद्योगिक सेक्टर-4,5,8, 9 और 10 में प्राधिकरण अपनी ही जमीन नहीं बचा सका। जब तक उसे पता चला वहां 20 हजार से ज्यादा झुग्गी झोपड़ी बनकर तैयार हो चुकी थी। अब इन झुग्गी वासियों को दूसरे स्थान पर बसाकर जमीन को खाली कराया जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण ने पुर्नस्थापन योजना निकाली। झुग्गी वासियों को फ्लैट आवंटित किए। अब वे यहां से जाने को तैयार नहीं हो रहे है। इन चारों सेक्टरों में महज कुछ झुग्गी वाले ही यहां से अपने फ्लैट में शिफ्ट हुए। उनको तोड़ने का काम किया जा रहा है।

इसको लेकर एक बैठक प्राधिकरण सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने की। बैठक में सर्किल-1 और 6 के अधिकारी के अलावा एसीईओ स्तर के अधिकारी शामिल हुए। सीईओ ने निर्देश दिया कि जिन झुग्गी वालों को फ्लैट का आवंटन हो चुका है। और जिनकी झुग्गी सील हो चुकी है 10 अप्रैल तक उनको ध्वस्त कर जमीन पर कब्जा लिया जाए। जो झुग्गी वाले आवंटन के बाद भी मकान पर कब्जा नहीं ले रहे और झुग्गी खाली नहीं कर रहे, ऐसे आवंटियों का आवंटन एक सप्ताह में निरस्त किया जाए। यही नहीं जिन्होंने कब्जा लेने के बाद किस्तों का भुगतान नहीं जमा किया है उनको नोटिस जारी किया जाए।

वहीं सेक्टर-122 में बने इन मकानों में टूट फूट की मरम्मत के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिस जमीन पर झुग्गी झोपड़ी वालों का कब्जा है। उसकी लागत अरबों रुपए है। 2016 से पहले यहां अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी एनफोर्समेंट विंग की थी। जिसके असफल रहने पर 2016 में इस विंग को भंग करी दिया गया था। साथ ही इसकी जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण ने सर्किल को दे दी थी। लेकिन अब भी कुछ ही झुग्गियों को हटाया जा सका है।

**1. सेक्टर-4 में 140 झुग्गी वालों को फ्लैट दिए गए करीब 301.05 वर्गमीटर जमीन खाली कराई गई 27 झुग्गी तोड़ी गई।**

**2. सेक्टर-5 में 19 झुग्गी झोपड़ी वालों में फ्लैट दिए गए 55,75 वर्गमीटर जमीन खाली कराई 5 झुग्गी ध्वस्त की गई।**

**3. सेक्टर.8 में 760 झुग्गी झोपड़ी वालों में फ्लैट दिए गए 356.80 वर्गमीटर जमीन खाली कराई 32 झुग्गी ध्वस्त की गई।**

**4. सेक्टर-9 में 471 झुग्गी झोपड़ी वालों को फ्लैट दिए गए 256.45 वर्गमीटर जमीन खाली कराई गई 23 झुग्गी ध्वस्त की गई।**

**5. सेक्टर-10 में 179 झुग्गी झोपड़ी वालों में फ्लैट दिए गए 390.25 वर्गमीटर जमीन खाली कराई गई 35 झुग्गी तोड़ी गई।**

## अगले माह से चलेंगी राजधानी एक्सप्रेस-बसें

**गाजियाबाद।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ को जोड़ने के लिए अगले महीने से प्रत्येक जिले से राजधानी एक्सप्रेस बसें चलेंगी। गाजियाबाद से भी इस रूट पर बस संचालन के लिए 25 से 30 तारीख के बीच 12 बसें यूपी रोडवेज को मिल जाएंगी।

इन बसों के संचालित होने से रोडवेज की इनकम भी बढ़ेगी। साथ ही लखनऊ के लिए सीधी बस सेवा शुरू होने से आम लोगों को भी सीधा फायदा होगा। अभी अगर किसी को लखनऊ जाना होता है तो उसे जिला स्तर पर बस नहीं मिलती है। उसे दिल्ली के आनंद विहार, कश्मीरी गेट या फिर सराय काले खां दिल्ली से लखनऊ के लिए बस पकडऩी पड़ती है जिससे समय भी व्यर्थ होता और समस्या भी पैदा होती है। आम लोगों की सुविधा के लिए यूपी रोडवेज ने प्रदेश के हर जिला मुख्यालय से लखनऊ के लिए राजधानी एक्सप्रेस.बस संचालित करने का प्लान तैयार किया है। इसके लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय से लखनऊ के लिए बसें मिलेंगी। रोडवेज के गाजियाबाद रीजन में 3 जिले हैं जिनमें गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ शामिल हैं। इन जिलों को लखनऊ रूट के लिए राजधानी एक्सप्रेस-बस के तौर पर चलाने के लिए बसे मिलने जा रही हैं।

# जिला अस्पताल में टांके लगवाने के नाम पर वार्ड बॉय ने मांगी रिश्वत

- डीएम को निरीक्षण में मिलीं खामियां, कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



अस्पताल में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मनीष

जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने शनिवार को नोएडा के जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में जिलाधिकारी को कई खामियां मिलीं। एक मरीज के द्वारा जिलाधिकारी से रिश्वत लेने की शिकायत की गई। उसने बताया कि टांके लगवाने के नाम पर वार्ड बॉय ने उससे पैसे मांगे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

गौतमबुद्ध नगर के डीएम मनीष वर्मा नोएडा के जिला अस्पताल पहुंचे और उन्होंने वहां पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इलाज कराने अस्पताल आए लोगों से बातचीत भी की। इस दौरान एक व्यक्ति ने डीएम को बताया कि यहां पर टांके लगवाने के नाम पर रिश्वत मांगी गई है। पीड़ित ने बताया कि उनसे टांके लगवाने के नाम पर 3000 की रिश्वत मांगी गई है, जिसकी उन्होंने ऑनलाइन पेमेंट की। डीएम को उस व्यक्ति ने पूरी डिटेल दिखाई और उस व्यक्ति का फोटो भी दिखाया जिसने पैसे लिए थे।

इसके बाद जिलाधिकारी ने सीएमओ और सीएमएस से इस बारे में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर उन लोगों ने कहा कि इस मामले में कमेटी बना दी गई है। जिस व्यक्ति पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है वह वार्ड बॉय और संविदा पर है। अगर दोषी पाया जाता है तो उसे तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाएगा। डीएम मनीष वर्मा ने इसके बाद अस्पताल का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे अस्पताल में सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए।

कहीं पर भी गंदगी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लोग यहां पर इलाज कराने के लिए दूर-दूर से आते हैं, इसलिए इलाज में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए और सभी लोगों को समय पर और मुफ्त इलाज मिले। यह सभी लोगों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी के भी इलाज में कोई भी कोताही बरती गई तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



**सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य यूरिनरी प्रॉब्लम होने पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशाम्बी पहुंचे । जहां सी एम डी डॉ पी एन अरोड़ा ने उन्हें रिसीव किया। डॉ पी.बी सिंह ने लक्ष्मण प्रसाद को परामर्श दिया।**

### स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर 63 पुलिस ने एक शातिर किस्म के तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस तस्कर के कब्जे से 15.47 ग्राम स्मैक बरामद किया है। इस स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 175000 बताई जा रही है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ गौतम बुद्ध नगर में पुलिस ने विशेष अभियान छेड़ा हुआ है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश के बाद लगातार शराब तस्कर, गांजा तस्कर और स्मैक तस्करों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। नोएडा की थाना सेक्टर 63 पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी, तभी पुलिस ने तिकोना पार्क छिजारसी के पास से एक संदिग्ध को पकड़ा और जब संदिग्ध की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 15. 47 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया, साथ ही उसके कब्जे से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी पुलिस ने बरामद किया।

### चतुर्थ श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के लिए भूमि पूजन

**नोएडा।** श्री श्याम सेवक परिवार नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दिल्ली के द्वारा आज सेक्टर.21ए नोएडा स्टेडियम में 13 मार्च को आयोजित होने वाले चतुर्थ श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, चेयरमैन नवनीत गुप्ता, मूलचंद गुप्ता, सौरभ सिंघल, अमित गोयल, निखिल अग्रवाल, पंकज गर्ग, विनय जैन, प्रिंस जैन, भारत बंसल, मनोज, अंकुर बंसल, सुंदर मित्तल, सुरेश गुप्ता, राजेश कुमार, सचिन गोयल, सुभाष शर्मा, किशन राजपूत, राकेश कुमार, नवीन कुमार, संदीप गर्ग, विशाल कुमार, नरेश बंसल सहित अन्य श्याम प्रेमी उपस्थित रहें। विकास जैन ने बताया कि चतुर्थ श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन नोएडा स्टेडियम में 13 मार्च को अपराहन 2 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस महाउत्सव में भजन सम्राट कन्हैया मित्तल अपनी आवाज का जादू चलाएंगे।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाई झाड़ू

गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई का जिम्मा उठाया। हाथों में झाड़ू लेकर वह खुद साफसफाई करते हुए नजर आए। उनके साथ अन्य कर्मचारी और अधिकारी भी कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई करने में जुट गए। उन्होंने सभी को अपने आसपास सफाई रखने और अपने कार्यों में तत्परता और तेजी लाने के निर्देश दिए। समस्त विभागों के कार्यालय परिसर में मानकों के अनुरूप पत्रावलियों का रखरखाव एवं कार्यालय परिसर में साफसफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के द्वारा एक अनूठी पहल की गई। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर कलेक्ट्रेट परिसर की साफसफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से श्रमदान किया। इस अवसर पर जिला अधिकारी के साथ उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट ग्रेटर नोएडा उमेशचंद्र निगम, जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी गण एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारी गण के द्वारा भी कलेक्ट्रेट परिसर में साफसफाई कर श्रमदान किया गया।

# दरिंदगी: बिस्किट देने के बहाने बच्ची से दुष्कर्म

- अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद में दरिंदगी के दो मामले सामने आए हैं। लोनी क्षेत्र में जहां 5 वर्षीय बच्ची से रेप हुआ है, वहीं भोजपुर इलाके में 9 साल के बच्चे के मुंह में कपड़ा ठूंसकर कुकर्म किया गया है। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लोनी थाना क्षेत्र के चिरौड़ी इलाके में राजमिस्त्री का परिवार रहता है। शुक्रवार को राजमिस्त्री और उनकी काम पर चले गए। घर में पांच साल की बच्ची अकेली मौजूद थी। पीछे से पड़ोस में रहने वाला 25 वर्षीय युवक आ गया और उसे बिस्किट खिलाने के बहाने अपने घर पर ले गया। वहां पर उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। शाम को मां-बाप घर आए तो बच्ची ने रोते हुए सब बताया। इसके बाद परिजनों ने थाने पर पहुंचकर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट व रेप का केस दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



### मुंह में कपड़ा ठूंसकर कुकर्म

वहीं भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में भी 9 साल के मासूम से कुकर्म का मामला सामने आया है। ये घटना शुक्रवार की है। दो नाबालिग अपने एक साथी को बहला-फुसलाकर ट्यूबवैल पर ले गए और वहां उसके साथ गंदा काम किया। विरोध करने पर आरोपियों ने बच्चे की पिटाई की। इतना ही नहीं, उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, जिससे वो शोर न मचाने पाए। वारदात के बाद बच्चा किसी तरह अपने घर पहुंचा और जानकारी दी। इसके बाद परिवार ने थाना भोजपुर पर आकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने 10 घंटे के भीतर ही दो बाल अपचारियों को हिरासत में ले लिया है। दोनों आरोपियों की उम्र 13 और 15 साल है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को कोर्ट ने सुनाई सात साल की सजा

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार दिया है। अपर सत्र विशेष न्यायाधीश पॉक्सो 2 ने दोषी को सात साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 70000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न देने पर दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

विशेष लोक अभियोजक जेपी भाटी और धर्मेंद्र जयंत ने बताया कि जेवर थाना क्षेत्र के जहांगीरपुरी कस्बा निवासी नाबालिग के पिता ने पुलिस को बताया कि 30 जून 2011 को उसकी बेटी खुर्जा कोचिंग जाने के लिए दोपहर में 1:30 बजे घर से निकली। शाम तक वह वापस घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश शुरू की। 1 जुलाई 2011 को पीड़ित ने जेवर पुलिस से शिकायत की।

घटना के लगभग एक महीने बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि जहांगीरपुरी कस्बे के रहने वाले दो लोगों ने उसे बताया कि एक महीने पहले उन्होंने उसकी बेटी को गांव के रिंकू उर्फ राजकुमार के साथ बाइक पर जाते देखा था।

# होली त्योहार पर 14 करोड़ की शराब गटक गए नोएडा वासी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

होली के त्यौहार पर गौतमबुद्ध नगर जनपद में रहने वाले लोग 14 करोड़ रुपए की शराब गटक गए। गौतमबुद्ध नगर के आबकारी विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस बार होली से दो दिन पहले जनपद में करीब 14 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री हुई।

आबकारी विभाग ने बताया कि पिछले साल होली से पहले शराब की बिक्री करीब 11.5 करोड़ रुपए की हुई थी, जबकि 2022 के 30 और 31 दिसंबर को लगभग नौ करोड़ रुपए की शराब बिकी थी। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने बताया कि इस वर्ष होली पर गौतम बौद्ध नगर में छह और सात मार्च को लगभग 14 करोड़ रुपए की देशी-विदेशी मदिरा बिकी है जो जिले में किसी भी उत्सव के अवसर पर शराब की बिक्री से उत्पन्न उच्चतम राजस्व है। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 549 शराब की दुकानें हैं, जिनमें विदेशी और देशी शराब बेचने वाली दुकानें शामिल हैं।

# पेड़ पर लटका मिला पूर्व इनकम टैक्स कर्मी का शव

- पास में पड़ा था पत्नी का शव, तीन दिन से थे लापता

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में शनिवार दोपहर पति-पत्नी के शव मिले हैं। पति का शव पेड़ पर लटका मिला है, जबकि पत्नी की लाश कुछ दूर खेत में पड़ी थी। पति.पत्नी तीन दिन पहले बुलंदशहर से लापता हुए थे। पुलिस का कहना है कि पति ने पत्नी की हत्या करने के बाद खुदकुशी की है। इनके शव मुरादनगर थाना क्षेत्र में चितौड़ा-मसूरी मार्ग पर गंगनहर पटरी के किनारे मिले हैं।

मृतक शख्स आर्मी से रिटायर होने के बाद इनकम टैक्स ऑफिस दिल्ली में टैक्स असिस्टेंट के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि चितौड़ा-मसूरी मार्ग के गंगनहर पटरी रोड पर सामान्य दिनों में भी लोगों की कम आवाजाही रहती है। होली के कारण रास्ता और सुनसान था। आज दोपहर यहां से गुजर रहे एक शख्स की नजर जंगल के किनारे खेत में पड़े शव पर पड़ी। उसके बाद उसने पेड़ से लटकते एक आदमी के शव को भी देखा। उसने तुरंत आस.पड़ोस के ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद यहां भीड़ लग गई। लोगों ने पुलिस को शवों की जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया। पुलिस ने बताया कि देखने से शव करीब दो दिन पुरानी लग रहे हैं। रेखा के गले पर दबाने के निशान हैं। आशंका है रेखा को गला दबाकर मारा गया है। जिस बाइक से वे दोनों गए थे, वो भी घटनास्थल पर पड़ी मिली है। मृतकों की पहचान रनपाल सिंह 42 और पत्नी रेखा देवी 38 के रूप में हुई है।

वे मूल रूप से बुलंदशहर जिले में बीबीनगर थाना क्षेत्र के गांव तिबड़ा के रहने वाले थे। वर्तमान में गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर-4 स्थित शिप्रा टॉवर में रह रहे थे। दोनों 7 मार्च को गांव तिबड़ा में होली पर देवता पूजने के लिए आए थे। 8 मार्च को होली खेलकर दोपहर 3 बजे वे बाइक से गाजियाबाद के लिए रवाना हुए, लेकिन घर नहीं पहुंचे।

# रैपिड रेल: मेरठ तिराहा स्टेशन होगा सबसे व्यस्तम

- ट्रेन स्टेशन के सेकेंड फ्लोर से होकर गुजरेगी और ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



संभावना है कि इसी महीने से करीब 17 किलोमीटर लंबे रूट पर हाईस्पीड ट्रेन फर्राटा भरने लगेगी।

आरआरटीएस इसकी तैयारी में जुटा है, शहर में इस रूट पर चार स्टेशन बनाए गए हैं। इनमें से कई स्टेशन का सिविल वर्क का कार्य पूरा हो चुका है। इस पूरे रूट पर सबसे अधिक चार स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इनमें साहिबाबाद, मेरठ रोड तिराहा, गुलधर और दुहाई स्टेशन शामिल हैं। चारों स्टेशनों में मेरठ रोड तिराहा स्टेशन को सबसे ज्यादा आकर्षित बनाया गया है जो मुंबई के बाद दूसरा मल्टीयूज स्टेशन होगा। यहां ट्रेन स्टेशन के सेकेंड फ्लोर से होकर गुजरेगी और ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग होगी। फर्स्ट फ्लोर पर यहां हाईस्पीड ट्रेन के लिए किट आदि काउंटर होगा व सेंकंड फ्लोर से ट्रेन मिलेगी तो थर्ड फ्लोर पर मल्टीप्लेक्स, शॉपिंग मॉल होटल आदि की सुविधा होगी। वैसे तो इस रूट के सभी स्टेशन खास ही हैं, लेकिन मेरठ रोड तिराहा स्टेशन का लुक खास होगा।

आरआरटीएस इस स्टेशन को इंटरनेशनल लुक देने की कोशिश कर रहा है। एक तरह से दिल्ली से मेरठ तक की हाईस्पीड ट्रेन के इस रूट पर सबसे खास यही स्टेशन रहेगा।

इस स्टेशन के लुक को चार चांद लगाने की कोशिश में आरआरटीएस जुटा हुआ है। इसका सिविल वर्क पूरा हो चुका है और अब इस स्टेशन को फाइनल लुक देने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा यह स्टेशन इस रूट का सबसे बड़ा स्टेशन भी होगा, यानी इस स्टेशन में जगह काफी अधिक होगी।

# ज्यादा ब्याज दिलाने का झांसा देकर करोड़ों का लगाया चूना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- फाइनेंस कंपनी बनाकर लोगों को ठगा, आरोपी गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने एक फाइनेंस कंपनी के निदेशक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर एक कंपनी बनाकर आम लोगों के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया था।

इस दौरान उसने 500 से ज्यादा लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाया था और उन लोगों के साथ करोड़ों रुपए की ठगी की थी। दादरी थाना पुलिस ने नेचमत्रंद निदेशक मांगेराम को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी मांगेराम जारचा थाना क्षेत्र के उपरालसी का रहने वाला है। पीड़ित कोसिन्दर कुमार ने बताया कि आरोपी मांगेराम और उसकी पत्नी शशि ने मिलकर एक फाइनेंस कंपनी खोली थी। मांगेराम और उसकी पत्नी उसके निदेशक थे। इन लोगों ने आर्य नगर पेट्रोल पंप के पीछे दादरी में इसका ऑफिस बनाया था।

यह अपनी फाइनेंस कंपनी में लोगों का खाता खुलवाया करते थे। इस दौरान इन्होंने अपनी कंपनी में काम के लिए सैलेरी पर एजेंट को रखा और इन एजेंट के द्वारा ही लोगों से पैसे इकट्ठे कराए जाते थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# 'महिला अपराध रोकने को आगे आए समाज'

## डीसीडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार समारोह में सीएम ने 100 महिलाओं को किया सम्मानित

● मुख्यमंत्री ने डीटीसी बस महिला चालकों को कार्य पर जताई खुशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को डीसीडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार के विजेताओं को सम्मानित किया। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) द्वारा शुरू किए गए पुरस्कार समारोह में करीब 100 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है जिन्होंने महिलाओं के प्रति असाधारण साहस और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है।राष्ट्रीय राजधानी के इंडिया हैबिटेट सेंटर में शनिवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, साल में सभी 365 दिन महिलाओं के लिए हैं लेकिन यह महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक खास दिन है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में 104 वर्षीय और 106 वर्षीय महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज डीसीडब्ल्यू अवार्ड्स प्रतिष्ठित पुरस्कार बन गए हैं। पुरस्कार जीतने वाली सभी महिलाओं को बधाई।

पुरस्कार समारोह में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय, समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद और राज्यसभा सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा भी मौजूद थे। पुरस्कार प्रदान करने वाले इस अवसर पर कनाडा की कार्यवाहक उच्चायुक्त अमांडा स्ट्रोहन, एयर मार्शल आरती सरीन, वीएसएम, डीडीजी बीआरओ ब्रिग आशीष गंभीर और जॉर्ज पी चेरियन, एडीजी भारतीय तट रक्षक आईजी नीरज तिवारी, एडीजी एनसीसी मेजर जनरल एस पी विश्वासराव और बीएसएफ के आईजी डेविड लालरिनसांगा भी उपस्थित थे।

**डीटीसी की 31 महिला चालक पुरस्कृत**

मुख्यमंत्री ने डीटीसी की 31 महिला बस चालकों के साथ-साथ कुछ आम लोगों को उनकी बहादुरी और असाधारण कार्य के लिए सम्मानित किया।



दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के पुरस्कार समारोह में विजेताओं के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

### पुरस्कार प्राप्त करने वालों में प्रमुख चेहरे

पुरस्कार जीतने वाले प्रमुख चेहरों में भारतीय अंडर-19 क्रिकेटर सोनिया मेंदिया, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मुमताज खान और जूनियर वर्ग की अंतरराष्ट्रीय पहलवान मुस्कान भी शामिल हैं। इसके अलावा शहीद निशांत मलिक और राइफलमैन मनोज भाटी के परिवारों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए थे।

### दिल्ली पुलिस के 22 अधिकारी सम्मानित

दिल्ली पुलिस के 22 बहादुर अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें एक प्रमुख नाम स्वर्गीय एएसआई शंभू दयाल का था। जो एक स्नैचर से लड़ते हुए शहीद हो गए थे। इनमें से कुछ अधिकारियों को गुमशुदा बच्चों को बरामद करने और आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

### महिला सैन्यकर्मियों का सम्मान

भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना, बीआरओ, बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, भारतीय तट रक्षक और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों को भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल ऋचा दत्त को सम्मानित किया जो सबसे वरिष्ठ महिला सेना अधिकारी हैं। मुख्यमंत्री ने 2022 में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाली बीएसएफ की सीमा भवानी मोटर साइकिल टीम के सदस्यों को सम्मानित किया। बीएसएफ अधिकारी तनुश्री पारिख को भी सम्मानित किया गया। सीमा सड़क संगठन की कर्नल अर्चना सूद, विंग कमांडर दीपिका मिश्रा, लेफ्टिनेंट कमांडर स्वाति भंडारी और गणतंत्र दिवस परेड में शामिल सीआरपीएफ की सभी महिला टुकड़ी के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

### इन महिलाओं ने बुढ़ापे कर दिया बेमानी

सीएम अरविंद केजरीवाल ने 105 साल की कुट्टीयम्मा, 105 साल की रामबाई और 95 साल की भगवानी देवी डागर समेत 3 ऑक्टोजेरियन को भी सम्मानित किया। 104 साल की उम्र में कुट्टियम्मा कोंथी ने केरल जिला साक्षरता परीक्षा में 89 फीसदी अंक प्राप्त किए। सुपर दादी राम बाई 105 वर्ष की आयु में विभिन्न एथलेटिक्स मीट में 21 स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं। भगवानी जी ने वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, फिनलैंड में भारत के लिए 3 मेडल जीते।

# पिता ने बचपन में किया था मेरा यौन उत्पीड़न : स्वाति मालीवाल

● कहा- चौथी कक्षा तक मुझे मारते थे, बचने के लिए पलंग के नीचे छिप जाती थी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि उनके पिता ने बचपन में उनका यौन उत्पीड़न किया था और इस आघात ने उन्हें महिलाओं के अधिकारों के वास्ते लड़ने के लिए प्रेरित किया था। मालीवाल ने यहां डीसीडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा कि चौथी कक्षा तक उन्हें दुर्व्यव्यहार का सामना करना पड़ा था।

उन्होंने कहा कि जब मैं बच्ची थी तब मेरे पिता ने मेरा यौन उत्पीड़न किया था। मैं उस समय बहुत छोटी थी। मेरे पिता मुझे मारते थे और मैं खुद को बचाने के लिए पलंग (बेड) के नीचे छिप जाती थी। उन्होंने कहा, पलंग के नीचे छिपकर मैं सोचती थी, मैं ऐसे पुरुषों को कैसे सबक सिखाऊंगी जो महिलाओं और बच्चों के साथ दुर्व्यव्यवहार करते हैं और मैं महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने में कैसे मदद कर सकती हूं। अपनी आपबीती सुनाते हुए मालीवाल ने कहा कि उनके पिता उनकी चोटी पकड़कर उनकी पिटाई करते थे, जिससे खून भी बहने लगता था। उन्होंने कहा, यह तब तक हुआ जब तक मैं चौथी कक्षा में थी।

गौरतलब है कि अभिनेत्री एवं राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की सदस्य खुशबू सुंदर ने हाल में कहा था कि आठ साल की उम्र में उनके पिता ने उनका यौन शोषण किया था।

# जेल में कष्ट हो सकता है, पर हौसला नहीं टूटेगा: सिसोदिया

● पूर्व डिप्टी सीएम ने जेल से जनता को भेजा संदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने तिहाड़ जेल से भेजे एक संदेश में कहा है कि कैद करके उन्हें कष्ट दिया जा सकता है, लेकिन उनके हौसले को नहीं तोड़ा जा सकता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2021-22 में दिल्ली आबकारी नीति बनाने और उन्हें लागू करने में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। यह नीति अब रद्द की जा चुकी है। सिसोदिया को इस सप्ताह की शुरुआत में प्रवर्तन निदेशालय ने भी गिरफ्तार किया था। सिसोदिया के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से हिन्दी में ट्वीट किया गया, साहेब, जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुंचा सकते हो, लेकिन मेरे हौसले नहीं तोड़ सकते। अंग्रेजों ने भी स्वतंत्रता सेनानियों को कष्ट दिए थे, मगर उनके हौसले नहीं टूटे। - जेल से मनीष सिसोदिया का संदेश। सिसोदिया ने सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद दिल्ली मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।



### स्वतंत्रता सेनानियों से तुलना गलत : भाजपा

**नई दिल्ली।** सिसोदिया ने अपनी तुलना स्वतंत्रता सेनानियों से करने की दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कड़ी निंदा की है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि सिसोदिया एवं उनके आराजक साथी यह कल्पना भी नहीं कर सकते कि अंग्रेज शासक, उनकी पुलिस एवं न्यायलय स्वतंत्रता सेनानियों से किस अमानवीयता से व्यवहार करते थे, उनको जेल में तो यातनाएं देते ही थे।

# साइक्लोथॉन: यमुना को फिर से स्वच्छ करने का संकल्प



● राजधानी पहुंची यात्री, दल में युवाओं के साथ सेना के 200 पूर्व सैनिकों शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यमुना को फिर से जीवित करने के लिए साइक्लोथॉन को दिल्ली-एनसीआर में भरपूर समर्थन मिला है। 750 किमी की इस यात्रा 750 किमी की है और दल में सेना के 200 पूर्व सैनिकों शामिल है।

यमुना को बचाने के लिए दल में विशेष रूप से युवा साइक्लोथॉन में शामिल हुए। यमुना साइक्लोथॉन यात्रा उत्तराखंड में यमुनोत्री से शुरू हुई है और राजधानी उसका एक पड़ाव है। अतुल्य गंगा ट्रस्ट के संस्थापक गोपाल शर्मा ने कहा यमुना को हमारी जरूरत है, सभी को एक साथ आना चाहिए और यमुना को पुनर्जीवित करने के लिए हाथ मिलाना चाहिए। कर्नल मनोज केश्वर ने कहा कि यमुना दिल्ली में लुप्त हो जाती है। नदी को पुनर्जीवित करने के लिए सख्त कदम उठाने की है। लेफ्टिनेंट जनरल आलोक सिंह क्लेर ने नदियों को बचाने के लिए राजधानी में प्रदूषण कम करने की बात कही। लेफ्टिनेंट कर्नल हेम लोहुमी, एसएम (सेवानिवृत) ने कहा कि यमुना आज लगभग एक मृत नदी के समान है, जो कि अब पानी नहीं बल्कि मानव सीवेज बन चुकी है।

### प्लास्टिक और प्रदूषण से लड़ने की जरूरत

यात्रा को यमुना नदी के इलाकों में पेड़ों और पौधों की सुरक्षा और अस्तित्व पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अतुल्य गंगा का प्रयास है कि युवाओं से जुड़ें, जागरूकता बढ़ाएं और उनकी भागीदारी सुनिश्चित कर देश के सबसे बड़े दुश्मन प्लास्टिक और प्रदूषण से लड़ें और विलुप्त होती नदियों की रक्षा करें।

# वजीराबाद ट्रीटमेंट प्लांट की क्यों नहीं हुई सफाई : एलजी

● एलजी ने दिल्ली के सीएम को पत्र लिखकर उठाए सवाल



राजेश कुमार। नई दिल्ली

दिल्ली उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के बीच संघर्ष का एक और मोर्चा खुल गया है।

यह मोर्चा राजधानी के बड़े हिस्से को जलापूर्ति करने वाले वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) की खस्ता हालत और गंदगी से संबंधित एलजी द्वारा मुख्यमंत्री केजरीवाल को लिखने के बाद यह मामला सामने आया है।

एलजी ने अपने पत्र में वजीराबाद बैराज के पीछे तालाब जलाशय की सफाई/डीसिल्टिंग पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की तरफ से घोर लापरवाही को चिह्नित किया है। ज्ञात रहे कि वजीराबाद और चंद्रावल जल उपचार संयंत्रों को पानी की आपूर्ति करता है। एलजी ने केजरीवाल से तत्काल इस मामले को संज्ञान में लेते हुए इस घोर लापरवाही पर कार्रवाई करने और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही शुरू करने को कहा है। एलजी ने शनिवार को संयंत्र का दौरा किया और संयंत्र की बिगड़ती स्थिति को देखकर अपनी चिंता व्यक्त की।

केजरीवाल को भेजे गए पत्र के अनुसार उपराज्यपाल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 2013 से डिसिल्टिंग का ठेका होने के बावजूद अभी तक कोई डिसिल्टेशन नहीं हुआ, जिसके परिणामस्वरूप पिछले 8 वर्षों के दौरान तालाब की गहराई 4.26 मीटर से घटकर मात्र 0.42 मीटर रह गई है।

डब्ल्यूटीपी के भंडारण तालाबों में वर्तमान में 10 लाख घन मीटर गाद जमा हो चुकी है, जिसे तत्काल साफ किए जाने की जरूरत है। उन्होंने दिल्लीवासियों को आपूर्ति किये जा रहे पेयजल की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए पूछा क्या यह वाकई पीने लायक है। क्या हम दूषित जल की आपूर्ति कर दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं कर रहे हैं। राजधानी के लोगों 9,12,500 मिलियन गैलन पानी केवल इसलिए नहीं मिलता क्योंकि डीजेबी ने भंडारण तालाबों की सफाई नहीं की।

# बिजली सब्सिडी: एलजी ने 15 दिन में फैसला करने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार से बिजली विभाग को यह निर्देश देने को कहा है कि बिजली सब्सिडी सीमित करने संबंधी दिल्ली विद्युत नियामक आयोग की सलाह मंत्रिपरिषद के समक्ष रखे और 15 दिनों के भीतर निर्णय ले।

उपराज्यपाल ने गरीब और जरूरतमंद उपभोक्ताओं के लिए बिजली सब्सिडी सीमित करने के संबंध में दिल्ली सरकार को दी गई डीईआरसी की वैधानिक सलाह पर यह निर्देश दिया। बहरहाल, इस परामर्श को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। दिल्ली सरकार ने इस निर्देश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उपराज्यपाल ने एक बार फिर अपने कार्यक्षेत्र से अवैध तरीके से परे जाकर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और संविधान का उल्लंघन किया है।

सक्सेना ने मुख्य सचिव कुमार से बिजली विभाग को यह निर्देश देने को कहा है कि वह डीईआरसी की सलाह मंत्रिपरिषद के समक्ष रखे और 15 दिनों के भीतर निर्णय ले। अधिकारियों ने कहा कि सक्सेना के निर्देश जिस रिपोर्ट पर आधारित हैं, वह कुमार ने तैयार की थी।

# होली पर जापानी महिला से अभ्रदता करने पर पुलिस ने तीन को पकड़ा

● वीडियो हुआ वायरल, विदेशी महिला ने शुक्रवार को देश छोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में होली पर एक जापानी महिला को कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से परेशान किए जाने और उसे जबर्दस्ती स्पर्श करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद एक किशोर समेत तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस वीडियो में नजर आ रहा है कि कुछ लोग एक विदेशी को रंग लगा रहे हैं और वह विदेशी महिला असहज जान पड़ती है। उसमें यह भी दिख रहा है कि एक व्यक्ति उसके सिर पर अंडा फोड़ देता है। वह बाय बाय कहती हुई सुनी जा सकती है। पुलिस के अनुसार यह वीडियो होली का है और इसे पहाड़गंज में शूट किया गया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो में दिख रही लड़की जापानी पर्यटक है, जो पहाड़गंज में ठहरी थी और शुक्रवार को वह बांग्लादेश चली गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की ने कोई शिकायत नहीं की है और न ही उसने अपने देश के दूतावास से संपर्क किया है।

### ड्रग्स बेचने के आरोप में दो तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को पूर्वी दिल्ली में कथित तौर पर मादक पदार्थ मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाम्फेटामाइन बेचने वाले दो लोगों को पकड़ा है।

पुलिस ने बताया कि उन्होंने गीता कॉलोनी निवासी सागर नंदा (28) और लक्ष्मी नगर निवासी रमन (23) के पास से 22 ग्राम एमडीएमए (एक सिंथेटिक दवा जो मूड और धारणा को बदल देती है) और 320 ग्राम स्मैक जब्त किया। पुलिस के मुताबिक, मादक पदार्थ बेचने के लिए इस्तेमाल की जा रही एक बाइक और स्कूटर को भी जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मयूर विहार थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# सतीश कौशिक केस: फार्महाउस से दवाइयां मिली

● पुलिस ने बुधवार रात पार्टी वाले स्थान की ली तलाशी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने उस फार्महाउस से कुछ दवाइयां बरामद की है जहां अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक एक पार्टी में शामिल हुए थे।

इसके एक दिन बाद दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कौशिक (66) का बृहस्पतिवार सुबह गुरुग्राम के एक अस्पताल ले जाते वक्त दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उनकी बुधवार रात को तबीयत बिगड़ी थी और उन्हें दिल्ली से सटे गुरुग्राम के फोर्टिस हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस कौशिक की मौत की असल वजह का पता लगाने के लिए विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के उस फार्महाउस से कुछ दवाइयां बरामद की गई हैं, जहां कौशिक बुधवार को एक पार्टी में शामिल हुए थे।

पार्टी में आए मेहमानों की एक सूची भी तैयार की गई है। कौशिक का पोस्टमार्टम दिल्ली के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में किया गया।

तेरे नाम और मुझे कुछ कहना है जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले कौशिक के परिवार में पत्नी शशि और बेटी वंशिका है।

# जीवन की खिली मुस्कान में शामिल करें फूल और पौधे

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एनडीएमसी जी-20 फ्लावर फेस्टिवल का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने रंग और जीवंतता के विषय पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) जी-20 फ्लावर फेस्टिवल का उद्घाटन किया।

फूल महोत्सव के उद्घाटन के बाद संबोधित करते हुए भूपेंद्र यादव ने जी20 सदस्य देशों के फूल महोत्सव के आयोजन की दिशा में एनडीएमसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राजधानी के लोगों से आग्रह किया कि वे अपने आस-पास के स्थान को सुशोभित करने के लिए फूलों के पौधे लगाएं और अपने जीवन में हर्षित मुस्कान भी शामिल करें।

पालिका परिषद के अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि प्रकृति फूलों के माध्यम से मुस्कुराती है और लोग आंतरिक आत्मा को सुशोभित करने के लिए मुस्कुराते हुए प्रकृति के आनंद को इनके माध्यम से महसूस कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एनडीएमसी ने दो दिवसीय पुष्प उत्सव का आयोजन किया है जिसमें जी 20 देशों के विभिन्न रंगों और किस्मों के पौधों को विभिन्न रूपों और स्थापनाओं में प्रदर्शित किया गया है। एनडीएमसी ने भारतीय उपमहाद्वीप की विविधता को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न फूलों के पौधों को भी यहां प्रदर्शित किया। इस महोत्सव में राष्ट्रीय फूल या जी 20 सदस्य देशों और अतिथि देशों के प्रमुख फूलों के बागानों जैसे फूलों की पेंटिंग और तस्वीरें भी प्रदर्शित की गयी हैं। फ्लावर फेस्टिवल के दौरान विभिन्न प्रकार की फूल/सजावट या फूलों की व्यवस्था का प्रदर्शन भी किया गया।

इस स्थल पर स्कूली बच्चों के बीच फूलों की थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है। इस अवसर पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष अमित यादव, पालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, परिषद सदस्य विशाखा शैलानी, जी-20 सचिवालय के सचिव मुक्तेश परदेसी, पालिका परिषद सचिव डॉ. अंकिता चक्रवर्ती, वित्तीय सलाहकार पुष्कल उपाध्याय, पालिका परिषद के वरिष्ठ अधिकारी, चीन, नीदरलैंड और जापान के प्रतिभागी सदस्य भी उपस्थित थे।




जी-20 फ्लावर फेस्टिवल में दिखा सेल्फी का क्रेज।

### राष्ट्रमंडल दिवस पर रवांडा उच्चायोग के साथ पौधरोपण करेगा एमसीडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के रवांडा के उच्चायोग के साथ मिलकर 13 मार्च को राष्ट्मंडल दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।

रवांडा गणराज्य के पास वर्तमान में राष्ट्रमंडल संगठन की अध्यक्षता है। 13 मार्च 2023 को राष्ट्रमंडल दिवस के उपलक्ष्य में रवांडा उच्चायोग ने दिल्ली नगर निगम के मध्य क्षेत्र एवं ग्रामालय नामक गैर सरकारी संगठन के साथ मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम दिल्ली नगर निगम के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित विद्यालय में किया जाएगा। इस आयोजन में सभी 50 राष्ट्रमंडल देशों के प्रतिनिधि सहित विद्यालय के छात्र एवं आरडब्ल्यूए और एमटीए के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

# मासूम का यौन उत्पीड़न करने का आरोपी बुजुर्ग गिरफ्तार

● पीड़िता की मां शिकायत पर केस हुआ दर्ज, आरोपी है पड़ोसी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गुलाबी बाग इलाके में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने सात-वर्षीया बच्ची के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी व्यक्ति (60) पीड़िता का पड़ोसी है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार की रात नाबालिग लड़की अपनी मां के साथ थाने आई थी। बच्ची की मां के अनुसार, दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली उसकी बेटी ने शिकायत की थी कि उसका पड़ोसी पिछले आठ-दस दिनों से उसका यौन उत्पीड़न कर रहा है। पुलिस ने पीड़िता की मां के हवाले से बताया, आरोपी व्यक्ति ने कथित तौर पर किशोरी के कपड़े उतार दिए और उसके निजी अंगों को छुआ और जब लड़की ने अपनी मां को इसके बारे में बताया, तो वह (मां) आरोपी से भिड़ गई तथा उनके बीच झगड़ा शुरू हो गया। रात के करीब साढ़े दस बजे पुलिस को झगड़े की सूचना मिली।

पुलिस ने बताया कि थाने में दर्ज महिला के बयान के आधार पर, आरोपी के खिलाफ 376 और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा-छह के तहत मामला दर्ज किया गया।

# सिर्फ किताबों में नहीं जमीनी स्तर पर दें पर्यावरण का ज्ञान : नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### ई-किड्स नारायणा स्कूल खेड़कीदौला में कही यह बात

### स्कूल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नवीन गोयल

**ई-किड्स** नारायणा स्कूल खेड़की दौला में आयोजित समारोह में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने पर्यावरण के प्रति जागरुक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों का भी यह कर्तव्य बनता है कि वे विद्यार्थियों को सिर्फ किताबों में पर्यावरण विषय ना पढ़ाएं, बल्कि फील्ड में बच्चों से पौधारोपण कराकर उन्हें इस विषय का जमीनी स्तर पर ज्ञान दें। गुरुग्राम में पांच शाखाओं वाले नारायणा स्कूल की प्राचार्य पूर्वा खरबंदा की ओर से नवीन गोयल का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया गया। नवीन गोयल ने आगे कहा कि जिस तरह से स्कूल



गुरुग्राम के ई-किड्स नारायण स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ करते नवीन गोयल।

बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ सांस्कृतिक, स्पोर्ट्स आदि क्षेत्रों में विकास के लिए काम कर रहा है, उसी तरह पर्यावरण विषय पर भी काम करें। अपनी, अपनों की उम्र बढ़ाने के लिए हमें पेड़ों की संख्या बढ़ानी होगी। तब तक ऐसा नहीं होगा, हमारा जीवन खतरे में ही रहेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा दें कि वे अपने जन्मदिन, परिवार में किसी कार्यक्रम या फिर किसी की याद में पेड़ लगाने की परम्परा बनाएं। इस तरह से हम अपनों को सदा याद रख सकेंगे और पर्यावरण में सुधार कर सकेंगे। नवीन गोयल ने कहा कि शिक्षा के मंदिर से सीखी गई बातें जीवन भर याद रहती हैं। बच्चों में ऐसे संस्कार पैदा करें कि वे भविष्य के एक जिम्मेदार नागरिक बनें। पर्यावरण ही नहीं, हर सकारात्मक कार्य में वे अपने को भागीदार बनाएं। नवीन गोयल ने बच्चों को पौधे लगाकर उनका पालन पोषण करने, जल का सीमित मात्रा में उपयोग करने, पॉलीथिन की जगह कपड़े के थैले उपयोग करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि इन सब विषयों पर हमें कुछ खर्च नहीं करना, बल्कि जागरुक होना है। सभी संसाधन हमारे घरों में हैं, लेकिन हम जागरुक नहीं है। जागरुकता का अभाव ही हमें कष्ट दे रहा है। इस अवसर पर टीचर प्राची, अभिषेक अग्रवाल, लोकेश नारंग, प्राची खन्ना उपस्थित रहे।

# उद्योगपतियों की मांग : हरियाणा के एक्सपोर्टर्स के लिए फ्रेट सब्सिडी पर हो विचार



अपनी मांगों को लेकर हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बक्शी को पत्र सौंपते उद्योगपति।

**गुरुग्राम।** फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री का एक डेलिगेशन मानेसर में हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बक्शी से हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के कार्यालय में मिला। इस मुलाकात में उद्योगों से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की।

फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (एफआईआई) के महासचिव दीपक मैनी ने गुरुग्राम में भी एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशनल या एग्जिबिशन हॉल बनाए जाने का सुझाव भी दिया। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में लगभग 2000 एक्सपोर्ट यूनिट्स हैं, जिनसे साल में कई हजार करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट किया जाता है। हरियाणा से गुरुग्राम आईटी क्षेत्र की सेवाओं का भी लगभग 70 परसेंट एक्सपोर्ट करता है। इसलिए गुरुग्राम में भी एक एग्जीबिशन हॉल की सख्त आवश्यकता है। आने वाले समय में ऑटो, गारमेंट से संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए तथा गुरुग्राम में विदेश से ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए समय-समय पर एग्जीबिशन लगाने तथा अलग-अलग उद्योगों से संबंधित सेमीनार कराने की आवश्यकता है। इससे हरियाणा के उद्योगों में एक्सपोर्ट से संबंधित जागरुकता भी बढ़ेगी तथा हरियाणा में रोजगार तथा राजस्व की वृद्धि भी होगी। दीपक मैनी ने अपनी टीम के साथ चेयरमैन अनुराग बक्शी से अनुरोध किया गया है कि एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल तथा मुख्यमंत्री एक बार फिर से हरियाणा के एक्सपोर्टर्स के लिए फ्रट सब्सिडी को शुरू करने पर विचार करें। एफआईआई के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने यह भी अनुरोध किया कि हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल अलग-अलग देशों में एक्सपोर्ट होने वाली वस्तुओं के बारे में हरियाणा के उद्योगों को जागरूक करें। हरियाणा हरियाणा के उद्योगों के लिए विदेशों में नए-नए मार्केट खोजकर वहां एक्सपोर्ट किए जाने वाले प्रोडक्ट के बारे में उद्योगों को बताएं। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री गुरुग्राम के महासचिव डॉक्टर एसपी अग्रवाल ने हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बक्शी से आयुर्वेदिक दवाइयों के एक्सपोर्ट को प्रमोट करने तथा इनसे संबंधित आने वाली दिक्कतों को दूर करने पर भी विचार करने के बारे में अनुरोध किया। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की तरफ से बजट में फेडरेशन द्वारा भेजे गए कुछ सुझावों को मान लिए जाने पर फेडरेशन की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा अनुराग बक्शी का आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात के दौरान फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की तरफ से राजेश सहीजवानी, राकेश बत्रा, अंजनी जिंदल, विनोद अग्रवाल, डॉक्टर मोहित अग्रवाल शामिल हुए।

# सरकार लटकाकर रखना चाहती है आयुध डिपो के दायरे में निर्माण का मामला

### राज्यसभा सांसद ने कहा, ऐसा तो तब है जब 8 साल से केंद्र व हरियाणा में बीजेपी की ही है सरकार

### कहा, खट्टर सरकार युवाओं को रोजगार, किसानों को सहूलियत देने में विफल रही

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**आम** आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि सरकार जान-बूझकर गुरुग्राम में आयुध डिपो के 300 व 900 मीटर दायरे में निवासियों पर अवैध निर्माण की तलवार लटकाए रखना चाहती है। जो सरकार कश्मीर में धारा-370 का विवाद सुलझाने का दावा करती है, इस मुद्दे को क्यों जिंदा रखना चाहती है। यह तो तब है जब 8 साल से केंद्र व हरियाणा में बीजेपी की ही सरकार है। यह बात उन्होंने यहां मोहल्ला कार्यकर्ता मीटिंग में कही।




मोहल्ला कार्यकर्ता मीटिंग में बोलते आप के राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता।

उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार युवाओं को रोजगार, किसानों को सहूलियत, व्यापारियों को अनुकूल माहौल, आम जनता को अच्छे स्कूल व अस्पताल, महिलाओं को वाजिब हक व सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में विफल रही है। हरियाणा सरकार जनता का विश्वास समग्र रूप से खो चुकी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में सभी चुनाव पार्टी चिन्ह पर लड़ेगी। गुरुग्राम, फरीदाबाद व मानेसर नगर निगम के चुनाव में पार्टी पूरी तैयारी व मजबूत इरादों के साथ मैदान में उतरेगी। निगमों में फैले भ्रष्टाचार पर झाड़ू चलाओ अभियान को पूरी तरह से अमल में लाएंगे व सम्बंधित नगर को बेहतरीन व भ्रष्टाचार मुक्त छोटी सरकार देंगे। पार्टी के नेता अशोक वर्मा एडवोकेट, अभय जैन एडवोकेट, वरिष्ठ सदस्य जेएस कादयान, महावीर वर्मा, युवा नेता रुस्तम चौहान ने भूपेन्द्र शर्मा पहलवान द्वारा आयोजित मोहल्ला कार्यकर्ता मीटिंग को सफल बनाने में सहयोग दिया। इस अवसर पर राम अदलखा, धीरेन्द्र डागर, मुकेश डागर, राजीव यादव, प्रमोद कटारिया, संदीप सिंह, मंजीत जैलदार, युवा नेता धीरज यादव, सीनीयर सिटीजन सतीश गरचा, ओपी वर्मा व बीएस यादव, के अलावा राजेश, गौरव गोत्तम, नरेंद्र तोमर, कुलदीप यादव आदि पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राष्ट्रपति के अभिभाषण, बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक



जेवर विधानसभा के दयानतपुर गांव में राष्ट्रपति के अभिभाषण व बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक में मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पदाधिकारी।

**नोएडा।** राष्ट्रपति के अभिभाषण और बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर जेवर विधानसभा क्षेत्र के गांव दयानतपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जेवर विधानसभा के रबूपुरा मंडल में हुई बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर पार्टी की रीति-नीति और कार्यो के बारे में विस्तार से बताएया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला आईडी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज ने शिरकत की।

इस बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सरल ऐप और नरेंद्र मोदी ऐप को लेकर भी बैठक में जानकारी साझा की गई। चंद्रमणि भारद्वाज ने पार्टी की रीति-नीति और सरल ऐप के बारे में बूथ सशक्तिकरण अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस बैठक के संयोजक संयोजक जिला कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी मनजीत सिंह ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को सभी बूथ अध्यक्षों वह मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं ग्राम वासियों को पढ़कर सुनाया, जिसका सभी लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उदयवीर चौधरी ने की। संचालन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नरेश पंडित ने किया। महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष माया कौशिक, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक सुनील शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री रबूपुरा मंडल के प्रभारी धर्मेंद्र भाटी, मंडल संयोजक शिवकांत आकद सैंकड़ों कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे।

# कैनविन का चौथा पॉलीक्लीनिक जनता की सेवा में आज होगा समर्पित

### अशोक विहार फेज-2 के चौ. धर्मबीर कटारिया टावर में बनाया गया है यह पॉलीक्लीनिक

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की जनता के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए कैनविन फाउंडेशन ने अब एक कदम और बढ़ाया है। शहर में अपना चौथा पॉलीक्लीनिक स्थापित किया जा रहा है, जो कि सेक्टर-5 क्षेत्र स्थित अशोक फेज-2 में चौ. धर्मबीर कटारिया टावर में बनाया गया है। कल रविवार 12 मार्च को इसका विधिवत उद्घाटन होगा।

अब से पहले सेक्टर-38 में, न्यू कालोनी गीता भवन में और राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में कैनविन पॉलीक्लीनिक चलाकर लोगों की छोटी-छोटी बीमारियों का उपचार किया जा रहा है। अब रविवार 12 मार्च 2023 को अशोक विहार फेज-2 में



डा. डीपी गोयल। नवीन गोयल।

पॉलीक्लीनिक की शुरुआत के बाद अगला लक्ष्य सेक्टर-54 क्षेत्र होगा। वहां से भी आरडब्ल्यूए व अन्य लोगों की ओर से फाउंडेशन से आग्रह किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर करेंगे, सानिध्य शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर का होग। मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में उप-चिकित्सा अधीक्षक नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 शिरकत करेंगे। गोयल बंधुओं ने गुरुग्राम के लोगों से आग्रह किया है कि सेक्टर-5 के निकट अशोक विहार फेज-2 में रविवार 12 मार्च को कैनविन पॉलीक्लीनिक के उद्घाटन समारोह में पहुंचें।

# एफआईआई डेलिगेशन ने लोस, रास का सेंट्रल हॉल व पीएम म्यूजियम देखा

### एफआईआई का 90 सदस्यीय दल पहुंचा

### लोस अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश पर पार्लियामेंट के स्टाफ ने किया सहयोग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फेडरेशन** ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (एफआईआई) के 90 सदस्यों का एक डेलिगेशन डायरेक्टर जनरल डॉ. दीपक जैन की अध्यक्षता में भारत की लोकसभा, राज्यसभा, सेंट्रल हॉल और प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा करने पहुंचा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देशानुसार पार्लियामेंट के स्टाफ मेंबर्स ने न केवल एफआईआई के सभी सदस्यों को संपूर्ण लोकसभा, राज्यसभा, सेंट्रल हॉल, प्रधानमंत्री संग्रहालय का उचित और व्यवस्थित



लोकसभा, राज्यसभा, सेंट्रल हॉल और प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा करने पहुंचे फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रतिनिधि।

दौरा कराया। साथ ही उन्हें बताया कि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही किस प्रकार संचालित और व्यवस्थित की जाती है। वहां पर हर प्रकार के प्रोटोकॉल का पालन किस प्रकार किया जाता है।

एफआईआई के सभी सदस्यों ने इस जानकारीपूर्ण कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। सर्वसम्मति से अनुरोध किया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिए। इस कार्यक्रम में एफआईआई की विभिन्न समितियों के प्रमुख डॉ शैलेंद्र व्यास, उदितेंदु वर्मा, विनीता जैरथ, नीना वाघ, डॉ. अंशुल ढींगरा, हितेंद्र मेहता, सुनीता जैन निदेशक एफआईआई, डॉ. द्रव्या जैन सलाहकार, एफआईआई हरियाणा के अध्यक्ष सरदार हरभजन सिंह, प्रांत महासचिव दीपक मैनी, गुरुग्राम के अध्यक्ष पीके गुप्ता, महासचिव डॉ. एसपी अग्रवाल समेत अनेक पदाधिकारी, सदस्य शामिल रहे।

# बाइक सवार को पत्थर मारकर घायल किया, केस दर्ज

**सोहना।** शराब के नशा में धुत्त दर्जन भर युवकों ने पहले बाइक सवार को पत्थर मार गिरा लिया। शिकायत करने पर थप्पड़-मुक्का, ईंट-पत्थर और डंडों से हमला करके गंभीर रुप से घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के दो दिन अस्पताल में उपचार लेते हुए पुलिस को बयान देकर मामला दर्ज कराया। शहर थाना पुलिस ने 6 नामजद समेत करीब 10 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शहर के वार्ड-14 में रहने वाले जोनी ने पुलिस को बताया कि बुधवार को वह वार्ड-13 की पीर कॉलोनी में अपनी बुआ के घर होली खेलकर अपने घर आ रहा था। उसके साथ चचेरा भाई साहिल पीछे बैठा हुआ था। वह पहाड़ कॉलोनी में सड़क किनारे यहां का निवासी गोलू अपने 8-9 साथियों के साथ खड़ा था। जिसने बाइक पास आने पर उसके सिर पर पत्थर फेंक कर मारा। जिसकी चोट लगने से वह बाइक और उसके चचेरा भाई साहिल बाइक समेत सड़क पर गिर गए। सड़क से उठने पर जब गोलू से पत्थर मारने का कारण पूछा तो उसके साथ खड़े अन्य युवकों ने थप्पड़-मुक्के मारे।

# जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है युवाओं का स्वर्णिय भविष्य

**गुरुग्राम।** वर्तमान मशीनी युग में युवाओं की दशा और दिशा परिवर्तित व विकसित करने का अनुपम मार्ग है, जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। इसके अस्तित्व में आने से मानव-मशीन संबंधों में एक नया प्रतिमान स्थापित हुआ है। यह कहना है अमेरिका की टेक कंपनी में वरिष्ठ निदेशक एवं डाटा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिजनेस विशेषज्ञ श्रेष्ठ शर्मा का।

श्रेष्ठ के मुताबिक जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक मशीनों की मदद से नवीन विचार और समाधान बनाने की उत्पादकता प्रदान करती है। इसके प्रयोग से चिंतन, व्यवसायों की कार्य प्रणाली और उन्हें लोगों द्वारा उत्पादित करने के लिए नए आयाम मिलेंगे। वह पुरातन विकसित संबंध था, जब मानव निर्देश देते थे और मशीनों को उनका पालन करना होता था। जो युवा भविष्य की नवीन तकनीकों से भविष्य की संरचना में तकनीकी विकास की दिशा में जुटे हैं, उनका उद्देश्य केवल तकनीक विकसित करना मात्र नहीं है। यह सुनिश्चित करना भी है कि वे कौशल व मानसिक तौर पर भी स्वयं को तैयार करें, ताकि



श्रेष्ठ शर्मा।

लगातार प्रगतिशील और बदलती दुनिया में विभिन्न स्तरों पर उन्नति कर सकें। श्रेष्ठ शर्मा का कहना है कि जेनरिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से नौकरी के बाजार में तेजी से बदलाव हो रहा है। युवा और व्यवसायों को इस नई तकनीकी दुनिया में सफल होने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें यह सोचना होगा कि ये मशीनें हमारी भागीदार है या प्रतिस्पर्धी। संकीर्ण मानसिकता वाले कुछ लोग नई तकनीकों और मशीनों को लोगों की नौकरियां छीन लेने वाले विरोधियों के रूप में और युवाओं के भविष्य पर मंडराते बादलों की तरह देखने की भूल कर सकते हैं।

# सोहना के पुराने बाजार में अतिक्रमण का जल्द होगा सफाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** के पुराने शहर के बाजारों में हो रहा अतिक्रमण का जल्द ही सफाया होगा। शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक से शिव कुंड जाने वाले मार्ग के दोनों लगे लोहे के जालों को उठाया जाएगा। नगर परिषद ने हाल ही में पुरानी बाजारों की सड़कों का सौंदर्यीकरण कराने की योजना तैयार की है। जिसके तहत पुराने शहर के बाजारों में दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण का सफाया होगा। जिसमें मुख्य रूप से शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से पुरानी सब्जी मंडी होता हुआ नौहट्टा चौक, ठाकुरवाड़ा मोहल्ला होते हुए शिवकुंड तक जाने वाले करीब एक किलोमीटर मार्ग का सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द ही शुरू होगा। इस मार्ग के शुरुआत में दोनों तरफ बैठे दुकानदारों ने दो से तीन फुट ऊंचे और 3 से 4 फुट चौड़े तथा 2 से 3 फुट सड़क पर लोहे के जाल बनाकर रखे हुए हैं। जिनके ऊपर जूता से लेकर कपड़ा, किराना सामान और क्रॉकरी आदि का सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। इसके अलावा दुकान से बाहर 3 से 4 फुट तक लोहे की एंगल व सरियां बाहर निकालकर सामान लगाया हुआ है।



सोहना के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से पुरानी सब्जी मंडी जाने वाला मार्ग।

### आज तक नहीं चला इस बाजार में अभियान

**नगर** परिषद प्रशासन ने कभी भी इस बाजार में हो रहा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान नहीं चलाया है। जिसके कारण मार्ग के साथ-साथ बैठें दुकानदारों का हौसला बुंदियों को छू रहा है। दुकानदारों में दुकान के बाहर एक दूसरे से ऊँचा और बड़ा लोहे का जाल लगाने की होड़ लगी है।

> “ **पुरानी** सब्जी मंडी जाने वाले मार्ग पर हो रहा अतिक्रमण का सफाया एक से डेढ़ माह के अंदर जड़ से ही सामाप्त कर दिया जाएगा। मार्ग पर दोनों तरफ रात में चमकने वाले रिफ्लेक्टर और स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। जिससे इस मार्ग पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदार के खिलाफ तुरन्त कार्रवाई की जा सके। **विक्की सिंह, एक्सइएन- ( नप सोहना )**

इसके अलावा दुकानों के बाहर खड़े होने वाली बाइक व स्कूटियों से मार्ग पर पैदल ही निकलने का रास्ता रह जाता है। जबकि इस मार्ग की चौड़ाई 6 से 8 फुट है। जिसमें से दो गाड़ियां रात के समय में आने-सामने आने पर बचकर निकल जाती है, लेकिन दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए जाने से दिन के समय में एक गाड़ी भी इस बाजार से नहीं निकल सकती।

# आईडीएफसी म्यूचुअल फंड रीब्रैंडिंग के बाद कहलाएगा बंधन म्यूचुअल फंड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आईडीएफसी** म्यूचुअल फंड सोमवार, 13 मार्च, 2023 को बंधन म्यूचुअल फंड के रूप में अपनी नई ब्रांड पहचान अपनाने के लिए तैयार है। इसके परिणामस्वरूप, फंड हाउस की प्रत्येक योजना के नाम में से आईडीएफसी शब्द को बंधन शब्द से बदल दिया जाएगा। चूंकि अंतर्निहित निवेश रणनीति, प्रक्रियाएं और टीम समान बनी रहती है, निवेशक उसी उच्च गुणवत्ता वाले निवेश दृष्टिकोण से लाभ उठा सकते हैं जिसके लिए फंड हाउस बेहद प्रतिष्ठित है।

ब्रांड पहचान में बदलाव के बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए विशाल कपूर, सीईओ, एएमसी ने कहा कि हमारा नया नाम हमारे नई स्पांसरशिप को दर्शाता है, और अब हमें बंधन समूह का हिस्सा बनने पर गर्व है। विरासत, सद्भावना और हमारे प्रायोजक जिस समग्रता का प्रतिनिधित्व करते हैं, हमें विश्वास है कि हमारे निवेशक उसी जुनून, विशेषज्ञता और फोकस से लाभान्वित होते रहेंगे जो उन्होंने वर्षों से अनुभव किया है। हमारी नई ब्रांड पहचान हमारी प्रतिबद्धता की व्यापकता और हर बचतकर्ता को निवेशक बनने में मदद करने के हमारे संकल्प की ताकत का एक प्रमाण है। फंड हाउस अच्छी तरह से सुगठित वित्तीय उत्पादों और समुदायों को सशक्त बनाने के लिए एक गहरी प्रतिबद्धता के माध्यम से निवेशकों की सेवा करने में एक मजबूत नींव रखता है। इस रीब्रांडिंग के दिल में, जिसमें नाम और लोगो का परिवर्तन शामिल है, यह विश्वास है कि वित्तीय सुरक्षा और समृद्धि केवल कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए है। बंधन म्यूचुअल फंड बनने के लिए यह रीब्रांडिंग फंड हाउस की यात्रा में एक नया अध्याय है और इससे इसके बिजनेस में नई ऊर्जा आने की उम्मीद है। नए ब्रांड का लॉन्च देखें mpy icon Bandhan Mutual Fund Unveiling.mpy

**उच्च-रिजॉल्यूशन ब्रांड लोगो:** jpg icon Bandhan Mutual Fund Logo.jpg

उन्होंने बताया कि लोग पोर्टल पर https://www.bandhan-mutual.com

पर अधिक जानकारी के लिए, यहां लॉग ऑन करें।

# पानी समुदाय का, सभी उसके बराबर के हकदार: डा. किरण बेदी



बी द चेंज-विमेन फॉर वॉटर कार्यशाला में प्रतिनिधियों के साथ डा. किरण बेदी।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना/गुरुगाम

### बी द चेंज-विमेन फॉर वॉटर कार्यशाला का आयोजन

**नवज्योति** इंडिया फाऊंडेशन एवं वॉटर रिसोर्सेस काउंसिल, विमेंस इंडियन चैंबर्स ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने क्षेत्रीय कार्यशाला-बी द चेंज-विमेन फॉर वॉटर का आयोजन किया। नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की निर्देशिका एवं हरियाणा प्रदेश की प्रेसिडेंट वाटर रिसोर्सेज काउंसिल चांदनी बेदी ने बताया कि इस दो दिवसीय रीजनल वर्कशॉप का उद्देश्य सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल योद्धा और लीडरशिप स्किन को बढ़ाना एवं ट्रेनिंग देना है।

कार्यक्रम की शुरुआत दमदमा झील और नवज्योति द्वारा बनाए गए चेक डैम की फील्ड विजिट के साथ हुई। डॉ. किरण बेदी ने कार्यक्रम में कहा कि पानी की कमी एक बड़ी समस्या है। पानी समुदाय का है और सभी उसके बराबर के हकदार हैं। नव ज्योति संस्थान सदा पर्यावरण को बचाने के लिए कार्य करता है, आगे भी करता रहेगा। डॉक्टर मानसी ने नीर और नारी को जीवन का आधार बताते हुए नारी शक्ति की बात की। डॉक्टर सबिता माधवी ने सरकार की पानी को लेकर अलग-अलग योजनाओं और पानी से जुड़कर काम कर रही महिलाओं के बारे में बताया। गढ़ी बजिदपुर से नवज्योति के साथ जुड़ी गीता और कांता ने बायो सैंड फिल्टर के बारे में बताया।

इस अवसर पर नेशनल प्रेसिडेंट-रिसोर्सेज काउंसिल विमेंस इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री डॉक्टर मानसी बल भार्गव, ज्वाइंट डायरेक्टर मिनिस्ट्री ऑफ जल शक्ति डॉक्टर सबिता माधवी सिंह और देश के अलग-अलग राज्यों जैसे जम्मू कश्मीर, चेन्नई, तेलंगाना, कर्नाटक, पंजाब, हरियाणा, इत्यादि से पानी से जुड़ी बड़ी-बड़ी कॉरपोरेट कंपनीज, साइंटिस्ट, संस्थाओं के डायरेक्टर, प्रोफेसर, फिल्म निर्माता, यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स आमंत्रित थे।

# डिप्टी सीएम के आदेश पर भी नहीं मिली दिव्यांगजन को नौकरी

## दिव्यांगता विभाग के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने दिए अधिकारियों को आदेश

**कविता।** फरीदाबाद

**दिव्यांगता** विभाग के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने जिले में दिव्यांगजनों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए उनकी समस्याओं को सुना। समाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों संग एक बैठक की। जिसमें उनके सामने दिव्यांगजनों ने जो समस्याएं रखी, उन्हें सूनकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह दिव्यांगजनों को प्राथमिका दें और उनकी समस्याओं का समाधान करें।


बीके में आर्थो चिकित्सक से पूछताछ करते आयुक्त राजकुमार मक्कड़।

**हेल्थ डिपार्टमेंट को निर्देश:** आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने बीके अस्पताल का दौरा कर रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर दिव्यांगजनों के चलने के लिए बनी फ्लोर टाइल्स और अन्य खामियों को दूर करने निर्देश दिए। अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें बताया कि फिलहाल मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जल्द ही दिव्यांगजनों के लिए टाइल्स लगवाई जाएगी। यह टाइल्स मरम्मत के कारण उखड़ गई हैं। दिव्यांगजनों के टॉयलेट के बारे में पूछने पर बताया गया कि जल्द ही टॉयलेट बनाया जाएगा। उन्होंने अस्पताल में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए आने वालों को समय पर ही बुलाने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने रेडक्रॉस के पुर्नवास केन्द्र का दौरा किया और वहां दिव्यांगों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। इस मौके पर सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. राजेश धीमन, डॉ. राकेश, डॉ. अभिषेक, जयपाल, विमल खंडेलवाल और अन्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।


ओपन कोर्ट में दिव्यांगजनों की शिकायतें सुनते राजकुमार मक्कड़

**लगाई ओपन कोर्ट :** आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने सेक्टर-16 स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान के लिए ओपन कोर्ट का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने दिव्यागजनों की समस्याओं का समाधान किया। इस ओपन कोर्ट में पूरा जिला प्रशासन मौजूद रहा।

**यह आई शिकायतेः** आयुक्त के सामने एक मामला ऐसा आया, जिसमें दिव्यांग बच्ची को लोन नहीं मिलने की समस्या बताई, जिस पर उन्होंने एससीबीसी डिपार्टमेंट को लोन दिलवाने की जिम्मेदारी। वहीं दूसरा मामला आया कि दिव्यांग को बस अड्डे पर डिप्टी सीएम के आदेश के बाद भी पुछताछ केन्द्र की बजाय उसे दोनो पैर न होने के बावजूद स्वीपर की नौकरी दी गई। जिस पर उन्होंने ठेकेदार को खोजने के आदेश दिए।

वहीं 100 प्रतिशत से 87 प्रतिशत दिव्यांग दर्शाने के मामले में उनहोंने डायरेक्टर हेल्थ में शिकायत करने को कहा। क्योंकि रूल्स बदलने से लोगों को दिक्कतें आ रही है। इसके लिए डायरेक्टर हेल्थ के पास शिकायत की जा सकती है। उन्होंने ओपन कोर्ट के बाद समाजसेवी संस्थाओं के संग बैठक कर उन्हें दिव्यांगजनों की सहायता करने के निर्देश दिये।

# सांसद खेल महोत्सव के विभिन्न खेलों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्तः डीसी

## सीएसआर पार्टनर के तहत करवाए जा रहे हैं सांसद खेल महोत्सव-2

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में सीएसआर पार्टनर के तहत सांसद खेल महोत्सव-दो (2023) का आयोजन किया जा रहा है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अलग-अलग खेलों के मापदंडों के लिए नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। वहीं खेल से जुड़े सीएसआर पार्टनर भी बनाए गए हैं।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि एथलीट के लिए जिला वन अधिकारी राजकुमार व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राकेश मोर को नोडल अधिकारी लगाया गया है। अकोर्ड हस्पताल ग्रेटर फरीदाबाद और भारतीय स्टेट बैंक नीलम चौक इसके सीएसआर पार्टनर हैं। कबड्डी के नोडल अधिकारी एसडीएम बल्लभढ़ तिलोकचंद को नोडल अधिकारी बनाया गया है और एमएसएमई के अध्यक्ष राजीव चावला व इंडस बैंक इसके सीएसआर पाटनर हैं। फुटबॉल के लिए एसडीएम परमजीत चहल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। केएल मेहता दयानंद शिक्षण संस्थान के प्रधान आनंद मेहता व पार्क अस्पताल इसके सीएसआर पार्टनर हैं। बैडमिंटन के लिए एचएसवीपी के अस्टेट ऑफिसर अमित कुमार को नोडल अधिकारी लगाया गया है। इनके सीएसआर पार्टनर मानव रचना विश्वविद्यालय है। पैरा बैडमिंटन के नोडल अधिकारी जिला राजस्व अधिकारी विजेंद्र राणा है। इसके सीएसआर पार्टनर म मानव रचना विश्वविद्यालय है। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए एसडीएम बडखल पंकज सेतिया को नोडल अधिकारी लगाया गया है। औद्योगिक संगठन के प्रधान नरेंद्र अग्रवाल और फोर्टिस अस्पताल इनके सीएसआर पाटनर हैं। रस्साकशी के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी पलवल उपमा को नोडल अधिकारी लगाया गया है और डीएलएफ औद्योगिक संगठन के प्रधान जेपी मल्होत्रा और पवन अस्पताल इसके सीएसआर पार्टनर हैं। जिला परिषद पलवल के सीईओ जितेंद्र कुमार को खो-खो का नोडल अधिकारी लगाया गया है। वहीं एफ आईएमटीआईए और पंजाब नेशनल बैंक इसके सीएसआर पाटनर हैं। बास्केटबॉल के लिए आरटीए सचिव जितेंद्र गहलावत को नोडल अधिकारी लगाया गया है। एशियन अस्पताल और आई आई एफ इसके सीएसआर पाटनर हैं। हाँकी खेल के लिए हथीन के एसडीएम लक्ष्मी नारायण को नोडल अधिकारी लगाया गया है और सरूरपुर औद्योगिक क्षेत्र के संगठन के प्रधान जितेंद्र शाह व मेट्रो अस्पताल इनके सीएसआर पाटनर हैं। टेबल टेबल टेनिस के लिए पलवल की सीटीएम कुमारी द्विजा को नोडल अधिकारी लगाया गया है और अमृता अस्पताल ग्रेटर फरीदाबाद व एचडीएफसी बैंक इन केसीएसआर पाटनर हैं। वहीं कुश्ती के लिए संयुक्त आयुक्त नगर निगम श्रीमती शिखा को नोडल अधिकारी लगाया गया है और एफसीआई और सर्वोदय अस्पताल इनके सीएसआर पार्टनर हैं।


खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाते खिलाड़ी।

बॉक्सिंग के लिए संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एफएमडीए गौरी मिड्डा को नोडल अधिकारी लगाया गया है और मेट्रो अस्पताल व आईसीआईसीआई बैंक इसके सीएसआर पार्टनर हैं। एथलेटिक्स, कबड्डी, रस्साकशी, टेबल टेनिस व हॉकी खेल परिसर सेक्टर 12 में, बैडमिंटन इनडोर स्पोर्ट्स कंपलेक्स सेक्टर-31 व मानव रचना स्कूल सेक्टर- 14 में, वॉलीबॉल समय सिंह आशा ज्योति विद्यापीठ स्कूल सेक्टर -56 में, खो-खो ग्रीन फील्ड स्कूल सुनपेड में, फुटबॉल राजा नाहर सिंह स्टेडियम व मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 17 में, पैरा बैडमिंटन केएल मेहता दयानंद स्कूल सेक्टर-7 में, बॉक्सिंग केएल मेहता दयानंद स्कूल सेक्टर-10 में, कुश्ती इनडोर स्पोर्ट्स कंपलेक्स सेक्टर-31 व खेल परिसर सेक्टर 12 में और बास्केटबॉल इंदौर स्पोर्ट्स कंपलेक्स सेक्टर- 31व खेल परिसर सेक्टर-12 में आयोजित किए जा रहे हैं।

# बेंक्वेट हॉल में लगी आग 20 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पाया काबू



**फरीदाबाद।** सेक्टर-7-10 मार्केट में स्थित समर ग्रांड बेंक्वेटह हॉल में शनिवार को भयानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-7 प्रबंधक नवीन कुमार अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आग लगने की घटना दोपहर करीब 1.30 बजे की है। पुलिस टीम ने बहादुरी का परिचय देते हुए मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया।

आग लगने की सूचना मिली तब थाना प्रबंधक थाने में ही मौजूद थे। सूचना पर तुरंत पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे। उसी समय फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। मौके पर देखा कि बेंक्वेट हॉल में लगी आग ने भयानक रूप ले रखा था। थाना प्रबंधक ने सेक्टर-8 चौकी, सेक्टर 11, सेक्टर तीन चौकी इंचार्ज को मौके पर सहायता के लिए बुलाया। आग बुझाने के लिए पुलिस टीम ने अपने तौर पर पूरी कोशिश करते फायर ब्रिगेड का सहयोग किया। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। बेंक्वेट हॉल से 24 गैस सिलेंडरों को बाहर निकाला गया। जबकि अंदर अन्य करीब 10 सिलेंडर फट गए थे। अगर टाइम पर ही आग पर काबू नहीं किया जाता तो आग के कारण पड़ोस में बसे हुए लोगों की जान माल की हानि की संभावना बढ़ जाती। आग को बुझाने के लिए थाना प्रबंधक ने यातायात को डायवर्ट करते हुए वाईएमसीए रोड को पूर्ण खाली कराकर। फायर ब्रिगेड का रास्ता खोलकर फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। आग पूर्ण रूप से बुझा दी गई है। आग किसी शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। बेंक्वेट हॉल को आवश्यक उपकरण लगाने लगवाने की हिदयत दी गईं।

## संक्षिप्त समाचार

### जल जीवन मिशन महिला सशक्तिकरण में एक बड़ा कदम



**फरीदाबाद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन हरियाणा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गांव टीक के ग्राम सचिवालय में जिला स्तरीय स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान समारोह का करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने की। मुख्य अतिथि अरविंद रोहिल्ला नोडल अधिकारी एवं कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर एक रहे। मंच संचालन बीआरसी रघबीर सिंह ने किया। गांव की सरपंच सोनिका और पंच विशेष रूप से मंच पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अरविंद रोहिल्ला ने बताया कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य हर घर को नल से जल देना है वर्ष 2024। हरियाणा में वर्ष 2022 में ही हर घर को नल से जल देने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता व फील्ड टेस्टिंग टेस्टिंग किट, जल जीवन मिशन के घटकों, जल संरक्षण को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी और आशा वर्कर ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता व फील्ड टेस्टिंग टेस्टिंग किट, जल जीवन मिशन के घटकों, जल संरक्षण को लेकर प्रतियोगिता निर्णायक समिति के चेयरमैन सतपाल रोज, उपमंडल अभियंता, सदस्य रवि पूनिया, कनिष्ठ अभियंता व सदस्य संदीप कुमार, बीआरसी रहे। इस मौके पर ग्राम सचिव संजय वालिया बीआरसी चंद्रशेखर, बलकार सिंह मौजूद रहे।

### सेंट कोलंबस ने मनाया 22वां स्थापना दिवस समारोह




**फरीदाबाद।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेंट कोलंबस स्कूल, दयालबाग, में विद्यालय का 22वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। विद्यालय के संस्थापक सदस्यों की उपस्थिति में सरस्वती माता की पूजा अर्चना की गई। गतवर्षों की ही भांति भविष्य में भी, विद्यार्थियों एवं विद्यालय की दिन दूनी व रात-चौगुनी उन्नति व तरक्की की कामना की गई। इस उपलक्ष्य में विद्यालय को सुगंधित फू लों से सजाया गया विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर, प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष ऋषि चौधरी व प्रधानाचार्या श्रीलेखा वीएमजी इस अवसर पर अति उत्साहित दृष्टव्य हुए। उन्होंने पूजा-आरती कर, माता सरस्वती को भोग लगा कर, विद्यालय के 22वें स्थापना दिवस को मनाया। शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशियों की रौनक स्पष्ट दृष्टव्य थी। विद्यालय के मुख्य छात्र समीर यादव व मुख्य छात्रा वैष्णवी सहित सभी काउंसिल मैमबर्स व शिक्षक वृंद द्वारा पूजा अर्चना की गई। अधिकारी गणों ने शिक्षक वृंद सहित जरुरतमंद लोगों को भोजन व वस्त्र आदि प्रदान कर विद्यालय की प्राचीन परिपाटी को आगे बढ़ाकर पुण्यार्जन अर्जित किया। अध्यक्ष ऋषि चौधरी व प्रधानाचार्या श्रीलेखा वीएमजी ने विद्यार्थियों को सीख देते हुए कहा कि भौतिक जगत की प्रत्येक वस्तु सूर्य, चंद्रमा, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, वनस्पतियां, फू लफल, दिनरात मनुष्य के कल्याण में लगे हुए हैं। अतः व प्रत्येक कोलंबियन का यह कर्तव्य है कि उसे भी परोपकार, बिना कहे ही करना चाहिए।

### एशियन अस्पताल में गर्भवती महिलाओं ने किया रैम्प वॉक



**फरीदाबाद।** जब कोई महिला गर्भवती होती है तो उसके ही नहीं बल्कि पूरे परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रह जाता। गर्भावस्था स्त्री के जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण और खुशनुमा अहसास है। यह एक ऐसा समय होता है, जो स्त्री को भावानात्मक रूप से अपने बच्चे से जोड़ता है। हर गर्भवती महिला की बस एक ही इच्छा होती है कि वो एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे। इस कार्यक्रम में एशियन अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति विभाग की चेयरमैन डॉ. अनीता कांत ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक बदलावों और डिलीवरी के बाद बच्चे की देखरेख के बारे में अवगत कराया गया और उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार खान-पान, योग और व्यायाम के माध्यम से गर्भ में पल रहे बच्चे को स्वस्थ रख सकते हैं। नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित चक्रवर्ती ने बच्चों के टीकाकरण और उनकी देखभाल संबंधी जानकारी प्रदान की। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गयी और महिलाओ ने रैंप वाक भी किया। इस कार्यक्रम में तकरीबन 45 महिलाओं ने भाग लिया। फैशन शो में भाग लेने वाली महिलाएं गर्भावस्था की सभी श्रेणियों में शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेडियो जॉकी आशीष शर्मा रहे , एशियन के चेयरमैन डॉ. एनके पांडे, डॉ. अनीता कांत, डॉ. अरविन्द गुप्ता, डॉ. रमेश चांदना, डॉ स्मृति पांडे ने महिलाओं के अच्छे स्वस्थ्य की कामना की। इस मौके पर एशियन अस्पताल से डॉ. ऊषा प्रियंबदा, डॉ सोनम गुप्ता, डॉ जया देबबर्मन, डॉ. दिव्या कांत, डॉ चारु दत्ता अरोरा आदि जूरी मेंबर्स ने कार्यक्रम में भाग ले रही गर्भवती महिलाओं को जज किया। कार्यक्रम का संचालन लेक्टेशन कंसलटेंट सोनिया वैद ने किया। गर्भवती महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के भारतीय संस्कृति के परिधानों में रैंप पर वॉक किया। लोगों ने उन्हें खूब सराहा। मां बनने वाली महिलाओं को डॉ. अनीता कांत, डॉ. अरविन्द गुप्ता, डॉ. अमृता राजधान, डॉ ऐश्वर्या सिन्हा ने आशीर्वाद दिया। एशियन अस्पताल की ओर से उनकी गोद भराई की गई और उन्हें उपहार भेंट किए। कार्यक्रम विजेता गीतिका और दूसरी विजेत नेहा और तीसरी विजेता पालकी गुप्ता रहीं, इसके अलावा विभिन्न टाइटल जैसे लस्टरस चमकदार बाल मानसी, चबी चिक्स चित्रा, बेली ब्यूटीफुल संदीप कौर, ट्वींक्लिंग आई मनीषा, ग्लोइंग स्किन नेहा, मिलियन डॉलर स्माइल गरिमा, मोस्ट कॉंफिडेंट मदर कोमल भतिअ को सम्मनित किया गया।

### गर्भवती महिलाओं के लिए 'वैलनेस एंटीनेटल वर्कशॉप

**फरीदाबाद।** गर्भावस्था यानि प्रेगनेंसी हर महिला की जिंदगी का एक बहुत महत्वपूर्ण समय होता है। 9 महीने के दौरान गर्भवती महिलाओं को शारीरिक और मानसिक स्तर पर कई प्रकार की जटिलताओं से गुजरना पड़ता है। इसके मद्देनज़र सेक्टर-16 स्थित मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व (प्रीनेटल) एवं प्रसव के बाद संपूर्ण स्वास्थ्य की देखभाल संबंधित जानकारी देने के उद्देश्य से 'वैलनेस एंटीनेटल वर्कशॉप' का आयोजन किया गया। इस दौरान हॉस्पिटल के वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट, डायटीशियन और साइकोलॉजिस्ट द्वारा प्रेग्नेंट महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान एवं प्रसव के बाद स्वयं और शिशु की उचित देखभाल, प्रसवपूर्व चेयर पर बैठकर एक्सरसाइज करने, प्रेगनेंसी के दौरान एवं प्रसव के बाद पोषणयुक्त आहार, जन्म के तुरंत बाद शिशु को स्तनपान कराने और प्रेगनेंसी के पूरे सफ़र के दौरान मानसिक स्वास्थ्य को ठीक बनाए रखने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में ऑब्सटेट्रिक्स गायनोकॉलोजी एवं एडवांस्ड गायनी लेप्रोस्कोपी डिपार्टमेंट की डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. निशा कपूर, फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन विभाग के एचओडी डॉ. कपिल चौहान, क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट डॉ. जया सुकुल, आहार विभागाध्यक्ष डॉ. निशांत तंवर सहित हॉस्पिटल के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# खेलों में हारने वालों को भी जीतने की मिलती है प्रेरणा : नयनपाल रावत

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** वैयर हाऊसिंग के चेयरमैन एवं पृथला विधान सभा क्षेत्र के विधायक नयन पाल रावत ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का बेहतरीन मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों में एक नए जोश का संचार होता है और वह बड़ी प्रतियोगिताओं में कुछ करने का जज्बा लेकर यहां से निकलते हैं।

विधायक नयन पाल रावत सेक्टर-31 में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में शनिवार को खिलाड़ियों की हौसला अफजाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच है कि सांसद खेल महोत्सव के जरिये उन छुपी हुई प्रतिभाओं को निखाराना है। जहां खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म तैयार कर रहे हैं। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता और भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह एक दूरदर्शी सोच है। उन्होंने कहा कि इस खेल महोत्सव के माध्यम से दूरदराज के शहरों और गांवों में उन छुपी हुई प्रतिभाओं को जो छोटे कस्बों और शहरों में रहते है, उन्हें



एक ऐसा मंच मिले, जहां वो अपनी प्रतिभा को दिखा सके। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में इस सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। विधायक नयन पाल रावत ने कहा कि हरियाणा तो खिलाड़ियों की खान है। दुनिया में देश और प्रदेश के नाम का परचम फहराने और देश के गौरव को बढ़ाने का काम हमारे हरियाणा के खिलाड़ियों ने किया है। आज हिंदुस्तान का नाम अगर खेलों में चमक रहा है, तो उसमें हरियाणा के खिलाड़ियों की बहुत बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की खेल नीति का परिणाम है कि हरियाणा के खिलाड़ी पूरे देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर रहे हैं। नई खेल नीति ने खेलों में हरियाणा के बच्चों की रुचि बढ़ाई है।

# क्राउन प्लाजा में दस दिवसीय सीफूड फेस्टिवल शुरू

## सीफूड सिम्फनी, फूड प्रेमियों को समुद्री व्यंजनों का आनंद देने की कोशिश : शरद उपाध्याय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अगर** आप सी-फूड प्रेमी हैं तो यह आपके लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट समुद्री खाने के व्यंजनों के साथ अपनी भूख बढ़ाने का सही समय है। क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा ने दिल्ली/एनसीआर के फूड प्रेमियों के लिए 10 दिवसीय विशिष्ट सी-फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। होटल के प्रसिद्ध रेस्तरां चाओबेला में यह सीफूड फेस्टिवल 19 मार्च तक चलेगा।

इस फूड फेस्टिवल के माध्यम से विशेष रूप से समुद्री भोजन के शौकीनों के लिए अपने ही शहर में लज़ीज सी-फूड का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। मसल्स से लेकर केकड़े, स्क्वीड, सीप और क्लैम जैसी कई व्यंजन यहां मौजूद हैं। फूड प्रेमियों के लिए अला कार्टे मेनू से स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ प्रचुर मात्रा में मीठे व्यंजन भी फेस्टिवल में उपलब्ध रहेंगे। सीपीजीएन के एग्जीक्यूटिव शेफ सौरभ सिंह चंदेल ने सी फूड लवर्स के स्वाद और पसंद को ध्यान में रखते हुए यह प्रामाणिक मेन्यू तैयार किया है। क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा के महाप्रबंधक शरद के. उपाध्याय ने कहा,''सीफूड फेस्टिवल विदेशी व्यंजनों से भरा एक बड़ा उत्सव है। हम अपने मेहमानों के लिए आकर्षक और अनोखे अनुभव तैयार करने के लिए



जाने जाते हैं। सीफूड सिम्फनी के साथ हम फूड प्रेमियों को समुद्र के व्यंजनों का आनंद देने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी थाली में इस अनोखे समुद्री प्रसंग का अनुभव करने के लिए कृपया हमसे जुड़ें। हम चाओ बेला में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। सौरभ सिंह चंदेल ने कहा, व्यंजन के रूप में समुद्री भोजन में कई प्रकार के व्यंजन होते हैं और सभी अपने अलग-अलग स्वाद के साथ आते हैं, यह एक विशेष व्यंजन है।

# टूटने लगे मंगवाए नए स्ट्रेचर, गिरा एक और मरीज

## एक सप्ताह पहले बीके अस्पताल में मरीजों के लिए मंगवाए थे 16 नए स्ट्रेचर

**कविता।** फरीदाबाद

**पिछले** दिनों ऑपरेशन के बाद एक मरीज के स्ट्रेचर से गिरने की घटना शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में सामने आई थी। पायनियर ने उसे प्रमुखता के साथ गत 28 फरवरी के अंक में प्रकाशित किया था। जिसे मानव अधिकार आयोग के पास समाजसेवी अनीशपाल ने भेजा था। जिसमें उन्होंने स्ट्रेचर की खराबी से मरीज गिरने पर आग्रह किया था कि यह व्यवस्था के खिलाफ है। पिछले





स्ट्रेचर का पहिया टूटने से मिलने वाला मरीज। फर्श पर बैठे पीड़ित को बिस्तर पर लिटाने के लिए निर्देश देती स्टाफ नर्स।

चार-पांच साल से स्ट्रेचर नहीं मंगवाए जा रहे है।

मानव हित को देखते हुए स्ट्रेचर मंगवाने के निर्देश जारी किए जाए। जिस पर एक सप्ताह पहले अस्पताल में 16 नए स्ट्रेचर मंगवाए गए हैं, लेकिन शनिवार को एक मरीज यहां आए नए स्ट्रेचर का पहिया टूटने के कारण गिर गया। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि इस मामले की जांच करवाई जाएगी, क्योंकि नए स्ट्रेचर से मरीज का गिरना हैरानी की बात है।

**यह है पूरा मामलाः** पलवल निवासी बलराम को उसके परिजन सांस लेने में दिक्कत होने पर शनिवार को बीके अस्पताल लेकर आए थे। बलराम को चलने में दिक्कत होने लगी तो उसके साथ आए दोनों बेटों ने स्ट्रेचर पर बलराम को लिटा दिया और अपातकालीन कक्ष में लेकर जाने लगे। लेकिन उसी दौरान स्ट्रेचर का पहिया टूट गया और बलराम स्ट्रेचर से नीचे जा गिरा। जिससे उसकी कमर में चोट लग गई। बलराम और उसके साथ आए दोनों बेटों ने कहा कि स्ट्रेचर का पहिया मुड़कर टूट गया और बलराम नीचे गिर गए।

**दिलवाया बिस्तरः** बलराम को उसके परिजन अंदर लेकर आए तो बाहर न तो दूसरा स्ट्रेचर था और न ही बिस्तर खाली था। जिस पर स्टाफ नर्स ने आनन-फानन में बलराम को बिस्तर दिलवाया। तब जाकर उसका इलाज शुरू हुआ।

**पहले भी गिरा मरीजः** गत 21 फरवरी को बहादुर नामक बुजुर्ग व्यक्ति के कूल्हे का ऑपरेशन बीके अस्पताल में हुआ था। जिसे चिकित्सक ने अगले दिन एक्स-रे करवाने भेजा। वहां एक्स-रे करवाने के लिए ओपीडी के कमरा नम्बर 26 में पहुंचा तो वहां स्ट्रेचर की खस्ता हालत के कारण नीचे गिर गया। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि उसे चोट अधिक नहीं लगी।

# देश में सबसे बेहतर खेल नीति हरियाणा कीः गुप्ता

**फरीदाबाद।** विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा है कि हरियाणा की देश में सबसे बेहतर खेल नीति है। इसी की बदौलत से विश्व में प्रदेश के खिलाडी मेडल जीत देश का नाम रोशन रोशन कर रहे हैं। फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता आज शनिवार को सांसद खेल महोत्सव-2 के दूसरे दिन स्थानीय सेक्टर-12 स्थित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव-2 मे मुख्य अतिथि के तौर शिरकत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ही देन है कि आज विश्व स्तर के खेलों में पूरे भारत में हरियाणा प्रदेश के युवा सबसे ज्यादा मेडल लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहीं कांग्रेस की सरकारों ने केवल अपने रिश्तेदारों और परिजनों को ही आगे



बढ़ाने का काम किया था। लेकिन प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की निति को क्रियान्वित करके सभी को एक समान लेकर चल रहे हैं। विधायक नरेन्द्र गुप्ता सेक्टर-12 स्थित सांसद खेल प्रतियोगिता में कबड्डी मैथ का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के लिए विशेष सुविधाएं दी हैं।

# मुख्तार अंसारी गैंग देश का सबसे दुर्दांत गिरोह

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी, शातिर अपराधी रामू मल्लाह की जमानत अर्जी खारिज





भाषा। प्रयागराज

**मुख्तार** अंसारी गिरोह के सदस्य और दुर्दांत अपराधी रामू मल्लाह की जमानत अर्जी खारिज करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस गिरोह को देश का सबसे दुर्दांत गिरोह करार दिया है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह ने कहा, आरोपी याचिकाकर्ता एक दुर्दांत अपराधी और भारत के सबसे दुर्दांत अपराधी गिरोह मुख्तार अंसारी गिरोह का सदस्य है। उस पर कई जघन्य अपराध के मुकदमे चल रहे हैं। आरोपी याचिकाकर्ता की जमानत की अर्जी का विरोध करते हुए अपर शासकीय अधिवक्ता रतेंदु कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि गवाहों के मुकरने की वजह से आरोपी याचिकाकर्ता बरी हो सका। इस पर अदालत ने कहा, यदि सरकार गवाहों को सुरक्षा नहीं देती है तो मुकदमे की निष्पक्ष सुनवाई और निष्पक्ष गवाही संभव नहीं है। भारत में देखा गया है कि गवाहों को जान से मारने या उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धमकी से गवाह मुकर जाते हैं और आरोपी बरी हो जाता है। अदालत ने एक मार्च को पारित आदेश में कहा, कुछ मामलों में गवाहों के मुकरने से आरोपी यदि बरी हो गया तो इससे उसका आपराधिक इतिहास खत्म नहीं हो जाता। अदालत ने कहा, यदि एक अपराधी को जेल से बाहर आने दिया जाता है तो वह गवाहों को प्रभावित करने की स्थिति में होगा और सही गवाही असंभव होगी। इसलिए मुझे आरोपी याचिकाकर्ता के वकील की इस दलील में कोई दम नजर नहीं आता कि चूंकि आरोपी बरी हो चुका है, इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। इस तरह से, जमानत की अर्जी खारिज की जाती है। अदालत ने कहाए ष्यदि सरकार गवाहों को सुरक्षा नहीं देती है तो मुकदमे की निष्पक्ष सुनवाई और निष्पक्ष गवाही संभव नहीं है,भारत में देखा गया है कि गवाहों को जान से मारने या उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धमकी से गवाह मुकर जाते हैं और आरोपी बरी हो जाता है।

## मकान की छत गिरने से दो महिलाओं की मौत, दो बच्चे घायल

**एटा।** जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव में पुराने मकान की छत गिर जाने से एक परिवार की दो महिलाओं की मौत हो गई और दो बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम चिलासनी में शुक्रवार देर माता पूर्णागिरि का दर्शन करके घर वापस लौटकर आए एक परिवार के ऊपर सोते समय कमरे की छत गिर गई। पुलिस के अनुसार इस घटना के समय सुमन (32), सोनम (20), कार्तिकेय (11) और प्रियांशी (नौ) कमरे में सोए हुए थे जो दब गए। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में सुमन और सोनम की मौत हो गई और दोनों बच्चे घायल हो गय। पुलिस ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार मृतका सोनम पत्नी कालीचरण अलीगढ़ जिले के ग्राम जरारी कला की निवासी है और वह अपनी ननिहाल चिलासनी निवासी संजय के घर आई थी। पुलिस के अनुसार पूरा परिवार माता पूर्णागिरि देवी के दर्शन करके रात्रि में ही वापस लौटा था और जैसे ही ए लोग सोए तभी यह हादसा हो गया।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात सुनील कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात छत गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई तथा दो बच्चे घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बीएसए के निरीक्षण में 18 शिक्षक मिले गैरहाजिर,वेतन रोका

### स्कूलों का औचक निरीक्षण कल से होगा तेजः प्रवीण कुमार



**प्रयागराज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने आज जिले के 63 परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान इन विद्यालयों में विभिन्न योजनाओं मिड डे मील ऑपरेशन कायाकल्प निपुण भारत अभियान छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति आधार नामांकन सहित अन्य योजनाओं की जांच की गई। इस दौरान एक विद्यालय बंद पाया गया जिसमें कार्यरत सभी कार्मिकों का वेतन अग्रिम आदेश तक के लिए अवरुद्ध कर दिया गया और उनसे तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण तलब किया गया है ऐसा न करने पर उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई शुरू होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कुल 18 शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षामित्र और अनुदेशक विधालय से अनुपस्थित पाए गए हैं। जिनका निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर आज का वेतन मानदेय अवरुद्ध किया जाता है और उनसे तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। उन्होंने बताया कि स्पष्टीकरण तीन दिन के अंदर न देने पर उनके खिलाफविभागीय कार्रवाई शुरू होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण सहित अन्य योजनाओं की विभागीय जांच जारी रहेगी। ऐसे में शिक्षक शिक्षिकाएं समय से विद्यालय पहुंचकर बेहतर शिक्षण पर अपना विशेष ध्यान दें। जिससे विभागीय कार्रवाई से वह बच सकें। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि बंद उच्च प्राथमिक विद्यालय मोरहूं सोरांव के इंचार्ज प्रधानाध्यापक का वेतन अवरुद्ध किया गया है और शेष कार्मिकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि प्रदेश के बेसिक शिक्षा महानिदेशक डीजी विजय किरन आनंद ने सोमवार से सभी विद्यालयों में और चक निरीक्षण तेज करके सभी संचालित विभिन्न योजनाओं की जांच करके उनके प्रगत की रिपोर्ट मांगी है। ऐसे में विद्यालयों का औचक निरीक्षण जारी रहेगा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं समय से विद्यालय पहुंचकर शिक्षण करें जिससे कि उनको कोई परेशानी ना होने पाए और वह विभागीय कार्रवाई से बचें रहे।

## पति-पत्नी के शव गाजियाबाद में मिले

गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले के मुरादनगर थानाक्षेत्र में गंग नहर के समीप जंगल में पुलिस ने शनिवार सुबह एक दंपति का शव बरामद किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दंपति की पहचान बुलंदशहर जिले के बीबीनगर थाना इलाके के तिबड़ा गांव निवासी रणपाल सिंह (40) और उसकी पत्नी रेखा सिंह (38) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार रणपाल गाजियाबाद के वैशाली में रहते थे। पुलिस के अनुसार पति-पत्नी होली मनाने के लिए अपने पैतृक गांव गए थे और आठ मार्च को ही अपने गांव से गाजियाबाद के लिए निकले लेकिन पहुंचे नही। पुलिस के अनुसार जब वे गाजियाबाद नही पहुंचे तो रणपाल के भाई रतिपाल सिंह ने बीबी नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। गाजियाबाद के पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) रवि कुमार ने बताया कि महिला रेखा का शव जमीन पर पड़ा था जबकि रणपाल का शव रस्सी के सहारे पेड़ पर लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि दोनो शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए है और मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है। कुमार ने बताया कि रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्वाई की जाएगी।रणपाल सिंह के रिश्तेदार सोनू ने बताया कि रणपाल उसके ताऊ का बेटा था और होली पर घर आया था। सोनू ने बताया कि रणपाल होली खेलने के बाद घर आकर लेट गए और थोड़ी देर बाद उठे तो ड्यूटी पर जाने की बात कहकर निकल गए। पुलिस के अनुसार रणपाल सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद दिल्ली में नौकरी कर रहे थे। सोनू ने बताया कि टोल पर लगे कैमरे की फुटेज में देखा था तो वह बाइक पर जाते हुए दिखाई दिए थे, लेकिन इसके बाद कुछ पता नही चला और दोनो के फोन बंद हो गए। उन्होंने बताया कि इसके बाद शनिवार को उनके शव बरामद होने की सूचना मिली। बुलंदशहर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि रणपाल सिंह बीबी नगर थाना क्षेत्र के मूल निवासी है और गाजियाबाद के वैशाली में रहते है। उन्होंने बताया कि बीबीनगर मे उनकी गुमशुदगी का मामला दर्ज है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है और पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## प्रभावशाली संवाद के जरिए होगी प्रतियोगिता

**प्रयागराज।** कार्यक्रम को लेकर तमाम प्रकार की योजनाएं बन रहीं हैं। अमेज़न मिनी टीवी अमेज़न की फ्री वीडियो स्ट्रीमिंग प्रीमियम सर्विस ने अमेज़न शॉपिंग ऐप और फायर टीवी पर आज अपनी आने वाली सीरीज हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा की घोषणा करते हुए एक दांतों तले उंगली दबाने वाले टीज़र को पेश किया है। इस एक्शन थ्रिलर में बॉलीवुड के सबसे जाने माने और दिग्गज एक्शन सितारों में से एक सुनील शेट्टी एसीपी विक्रम सिन्हा के रूप में प्रमुख भूमिका में हैं। इसमें प्रमुख भूमिकाओं में ईशा देओल राहुल देव और बरखा बिष्ट जैसे शानदार कलाकारों के साथ मिहिर आहूजा टीना सिंह चाहत तेजवानी करणवीर शर्मा सिद्धार्थ खेर गार्गी सावंत और पवन चोपड़ा को भी शामिल किया गया है। सारेगामा इंडिया लिमिटेड के फिल्म डिवीजन यूडली फिल्म्स द्वारा निर्मित और प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा निर्देशित यह आठ भाग की प्रासंगिक सीरीज बाइस मार्च को अमेज़ॅन मिनीटीवी पर फ्री में रिलीज़ के लिए तैयार है। सारेगामा के सबसे बेहतरीन गीतों के बीच तेज तर्रार एक्शन दिलचस्प परफॉर्मेंस प्रभावशाली संवाद और एक मजबूत कहानी के सेट के साथ यह सीरीज दर्शकों को बांधे रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## स्मार्ट क्लास का शुभारम्भ

**अयोध्या।** अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप की सीएसआर शाखा- लोढ़ा वेंचर्स फाउंडेशन ने स्कूल के छात्रों के लिए उत्तर प्रदेश स्थित अयोध्या में एक विशेष शैक्षिक कार्यक्रम की नींव रखी है। अयोध्या के तिहुरा माझा में कम्पोजिट स्कूल के छात्रों के लिए इस पायलट कार्यक्रम को शुरू करने का उद्देश्य स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच शुरुआती विकासात्मक सीखने के कौशल को बढ़ावा देना है। स्मार्ट क्लास नाम के इस कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा पहली से लेकर नौवीं तक के 400 से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे। उद्घाटन के अवसर पर सीएसआर फाउंडेशन के अधिकारियों सहित संयुक्त आयुक्त , जिला मजिस्ट्रेट और जिला शिक्षा अधिकारी एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। फाउंडेशन की ओर से रामनंदनम पांडे ने कहा, एलवीएफ में, हमारा विश्वास समुदायों को समृद्ध बनाने में है। समाज का उत्थान करने और उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए छोटे बच्चों को श्रेष्ठतम शिक्षा प्रदान करने से बेहतर और कोई तरीका नहीं हो सकता है। यह पहल ग्रामीण सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के सीखने के स्तर में वृद्धि करने का लक्ष्य रखती है।

## नए ब्रांड कैंपेन की घोषणा

कानपुर। पेप्सी ने अपने नए ब्रांड कैंपेन ष्राइज़ अप बेबी! की घोषणा की है। इस नए कैम?पेन को लेकर उत्साहित सौम्या राठौड़, कैटेगरी लीड, पेप्सी कोला, पेप्सिको इंडिया ने कहा,पेप्सी ऐसा ब्रैंड है जो हमेशा से आज के दौर की युवा पीढ़ी की आवाज़ से आवाज़ मिलाता आया है। हम भारत के युवाओं की बाधाओं के खिलाफ उनकी यात्रा में उनके साथ सबसे आगे खड़े हैं और उन्हें वास्तविक, साहसी और खुद पर यकीन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हमने रोमांचक विकास के साथ नए वर्ष में प्रवेश किया है और हमें विश्वास है कि हमारे उपभोक्ता श्राइज अप बेबीश् कैम?पेन के साथ एक जबरदस्त तालमेल विकसित करेंगे।

## व्यापार मंडल का होली मिलन समारोह 16 मार्च को धूमधाम से मनाया जायेगा

**लालगंज** रायबरेली। उ0प्र0 उद्योग व्यापार मंडल का होली मिलन समारोह 16 मार्च को धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें समाज में चेतना उत्पन्न करने वाले व सेवा भाव से जुडे लोगो को सम्मानित भी किया जायेगा। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने बताया कि 16 मार्च गुरूवार को चिकमंडी स्थित श्री लगन उत्सव लान में व्यापार मंडल के तत्वाधान में होली मिलन सामारोह का आयोजन किया जायेगा। श्री भदौरिया ने बताया कि चिकमंडी स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने श्री लगन उत्सव लान में कार्यक्रम सायं 6 बजे से आयोजित किया जायेगा। उन्होने क्षेत्र के गणमान्यो से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा कि आपसी समरसता के इस त्योहार में हमसभी एक दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाये। प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री व जिला अध्यक्ष पंकज मुरारका होगें।

## इलेक्ट्रिक वाहन कठिन परिस्थितियों में भी बेहतर

वाराणसी।यह यात्रा हमारे लिये खास रही है, क्योंकि मेरे सहकर्मियों और मैंने ऐसा कुछ पहली बार किया था- देश हर कोने से गुजरते हुए चार हजार तीन किलोमीटर की ड्राइव करना, वह भी एक इलेक्ट्रिक वाहन द्वारा सबसे कम समय में। इसके पीछे यह दिखाने का लक्ष्य था कि हमारे ग्राहक नेक्सॉन ईवी की बढ़ी हुई रेंज और लगातार बढ़ रहे चार्जिंग के बुनियादी ढांचे पर भरोसे के साथ लंबी यात्राओं की योजना बना सकते हैं। सबसे तेज के2के ड्राइव के लिये इंडिया बुक ऑफरिकॉर्ड्स में अपनी जगह बनाकर अपनी क्षमताओं को साबित कर दिया जोकि भारत के ईवी पारितंत्र के लिये अपने आप में एक बेहतरीन उपलब्धि है।

## अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर बताया जीवन में महिलाओं का महत्व

।**वाराणसी** । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर, मैं हूं अपराजिता से श्वेता तिवारी, मीत से आशी सिंह, लग जा गले से तनिशा मेहता, रब से है दुआ से अदिति शर्मा, भाग्य लक्ष्मी से ऐश्वर्या खरे और प्यार का पहला नाम राधा मोहन की निहारिका रॉय जैसे ज़ी टीवी के कलाकार अपनी ज़िंदगी में महिलाओं की अहमियत बता रहे हैं, ज़ी टीवी के 'मैं हूं अपराजिता' में अपराजिता की भूमिका निभा रहीं श्वेता तिवारी ने कहा, ''मैं इस बात की सराहना करती हूं कि महिला दिवस मनाया जाता है, जहां सभी अपने जीवन में महिलाओं की अहमियत को स्वीकार करते हैं, लेकिन उन्हें तो हर दिन संजोना चाहिए। जब टेलीविजन पर मेरे किरदारों की बात आती है, तो मैंने हमेशा एक ऐसी औरत का रोल निभाने में विश्वास किया है, जिसके इरादे मजबूत हों, और जो अपनी राय रखने से कभी नहीं डरती।

## पत्नी की हत्या के दोषी को 10 वर्ष की कारावास

**गोंड।** गोंडा जिले की एक अदालत ने दहेज हत्या के पांच वर्ष पुराने मामले मे पति को दोषी करार देते हुए 10 साल के सश्रम कारावास और 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अभिनव चतुर्वेदी ने शनिवार को बताया कि जिले के इटियाथोक थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सरहरा निवासी काशीराम यादव ने चार दिसंबर 2018 को खरगूपुर थाने में तहरीर दी थी कि 18 फरवरी 2018 को उसने अपनी बेटी मीना देवी की शादी दुर्गा प्रसाद यादव, निवासी ग्राम खरगूपुर इमलिया थाना खरगूपुर से की थी। तहरीर मे कहा गया था कि दुर्गा प्रसाद दहेज मे मोटी रकम की मांग को लेकर मीना को परेशान करता था। तहरीर के अनुसार दहेज की मांग को लेकर उसने मीना की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले मे सुसंगत धाराओं मे मामला दर्ज करके जांच के बाद महिला के पति दुर्गा प्रसाद यादव के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। चतुर्वेदी ने बताया कि सुनवाई के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश (द्वितीय)एफटीसी प्रथम डॉ. दीनानाथ ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यो का अवलोकन करते हुए तथा बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के उपरान्त दुर्गा प्रसाद यादव को दोषी करार देते हुए 10 साल सश्रम कारावास और 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। उनहोंने कहा कि जुर्माने की राशि अदा न किए जाने पर 45 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

## निर्धारित समय सीमा में करें भूमि संबंधी मामलों का निस्तारणः अभिषेक आनंद

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में कोतवाली कर्वी में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर निस्तारण कराया गया। लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिये। शनिवार को कोतवाली कर्वी में समाधान दिवस में मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं का पक्ष सुनते हुए शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण को आपसी तालमेल से निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कर्वी कोतवाल दीपेंद्र कुमार सिंह को निर्देश दिया कि जो लोग रास्ते में गाड़ी खड़ी करते हैं, आवागमन बाधित होता है उनका चालान कराएं।

## मुठभेड़ के बाद चार गौ तस्कर गिरफ्तार, एक सिपाही व आरोपी घायल

**बरेली।** पुलिस ने बरेली जिले के बहेड़ी इलाके में एक मुठभेड़ के बाद चार गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस मुठभेड़ में एक आरोपी और एक सिपाही घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को बहेड़ी थाना क्षेत्र के अखा और सकरस गांवों में गोकशी की घटनाओं के बाद पुलिस ने अखा गांव से चार आरोपियों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि पुलिस मंजूर अहमद नाम के एक गौ तस्कर की निशानदेही पर गोकशी में इस्तेमाल औजार बरामद करने उसके साथ अखा गांव पहुंची। मंजूर ने बताया था कि उसने गांव के एक खेत में औजार गाड़ दिए हैं। अग्रवाल ने बताया कि पुलिस के साथ खेत पहुंचे मंजूर ने गाड़े गए एक औजार को निकालने की बात कहते हुए जमीन से एक तमंचा निकाल लिया और पुलिस पर गोलीबारी कर दी। उन्होंने बताया कि सिपाही ऋतुराज हाथ में गोली लगने से घायल हो गया और पुलिस की जवाबी कार्वाई में मंजूर अहमद घायल हो गया। घायल सिपाही और गौ तस्कर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बरेली मुख्यालय स्थित अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने अखा गांव से गोकशी में प्रयुक्त किए गए औजार बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों से गहन पूछताछ की जा रही है।

## संभल में दो समुदाय के बीच विवाद, छह लोग घायल, 22 हिरासत में

**संभल।** संभल जिले में बहजोई थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार सुबह भैंस को लाठी मारने के चलते उत्पन्न विवाद के बाद दो समुदायों के बीच पथराव हुआ जिसमें छह लोग घायल हो गए। उक्त मामले में पुलिस ने 22 लोगो को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि बहजोई थाना क्षेत्र के कमाल पुर गांव में शनिवार सुबह दो पक्षों में झगड़ा और पथराव सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसने दोनों पक्षों के बीच झड़प होते हुए देखा जिसकी वजह भैंस को लाठी से मारना था। मिश्रा ने बताया कि जो लोग आपस में झगड़ रहे थे, वे नशे में थे। उन्होंने बताया कि इस घटना में छह लोग घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि 22 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और पुलिस इन लोगों से पूछताछ कर वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

# मोदी व योगी के नेतृत्व में जनजातीय कल्याण के हो रहे कार्यः अर्जुन मुंडा

### सरकार की योजनाओं की जनता में करें चर्चाः भूपेंद्र


पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय** जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक रोहनिया स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में आज पूर्वान्ह प्रारंभ हुई। दो दिवसीय इस कार्यसमिति की बैठक में कुल नौ सत्र होने है पहले दिन पांच और दुसरे दिन चार सत्र होंगे। प्रदेश कार्यसमिति के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर पं दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने केंद्र सरकार द्वारा जनजातिय वर्ग के उत्थान के लिए किए गये कार्यों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कहा कि आजादी के बाद जनजातियों के लिए अनेक नीतियां बनाई गयी लेकिन उसपर अमल नहीं किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के कार्यकाल में प्रथम बार अनुसूचित जनजाति के विकास हेतु पृथक मंत्रालय बनाया गया। कहा कि वर्षों बाद केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। इस सरकार ने पं दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए ष्सबका साथ सबका विकास के मंत्र को चरितार्थ करते हुए सुदुर अंचलों में निवास करने वाले बनवासीए गिरिवासीए आदिवासी समाज को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया। वर्तमान केन्द्र सरकार में प्रतिनिधित्व देकरए प्रधानमंत्री मोदी जी ने यह बताया है कि उनके ह्रदय में जनजाति बंधुओं के लिए कितना प्रेम व मस्तिष्क में कितना चिंतन है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने जनजातीय मोर्चे का विस्तार बूथ स्तर तक किस प्रकार हो इसकी चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जनजातियों के विकास के लिए वर्ष 2003 में अनुसूचित जनजाति मोर्चा का गठन किया जिसके फ्लस्वरूप जनजाति वर्ग की सामाजिक एवं राजनैतिक भागी दारी बढ़ी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यकाल में दलितए वंचित ए पिछड़ों एवं विशेषकर जनजाति वर्ग में आत्मविश्वास बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में आज 55 से अधिक जिलों में लोग भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा से जुड़े हैं। जिसमें से 45 जिलों में जनजाति मोर्चा का गठन हो चुका है।

## होली मिलन समारोह में उड़ा अबीर-गुलाल

**फतेहपुर।** आचार्यकुलम् संस्थान की ओर से शनिवार को नहर कालोनी परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अबीर-गुलाल के साथ-साथ फूलों की होली खेलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों नेएक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई दी। आचार्यकुलम् संस्थान के संस्थापक/अध्यक्ष आचार्य विनोद शुक्ला, जिलाध्यक्ष आचार्य प्रदीप तिवारी व कार्यक्रम संयोजक रमेश मोहन शुक्ला की ओर से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों समेत आगंतुकों का अबीर का टीका लगाकर होली पर्व की बधाई दी गई। वक्ताओं ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे व सामाजिक समरता का प्रतीक है। बुराई को त्याग कर अच्छाई की ओर चलने की सीख देता है। इसलिए सभी को अपने गिले शिकवे दूर करके गले मिलना चाहिए। उपस्थित लोगों ने अबीर-गुलाल के साथ-साथ फूलों से जमकर होली खेली।



# शिवराज ने बांके बिहारी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**मथुरा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ वृन्दावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया और लोक कल्याण की कामना की। इसके पहले चौहान ने गोवर्धन पहुंचकर पत्नी सहित गिरिराज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा लगाई। मुख्यमंत्री चौहान अपनी पत्नी संग शनिवार सुबह करीब सवा नौ बजे हेलीकॉप्टर से पवन हंस हेलीपैड पर उतरे और वहां से ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। चौहान ने मंदिर पहुंच कर ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन करके पूजा-अर्चना की। इससे पहले वह गोवर्धन पहुंचे और पत्नी साधना सिंह सहित गिरिराज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा लगाई। दंपति ने परिक्रमा लगाते समय आन्यौर गांव के गोविंद कुण्ड पर साधु-संतों के लिए भोग-भण्डारे का आयोजन भी किया। दोनों ने बरसाना व नंदगांव के मंदिरों के भी दर्शन किए। मुख्यमंत्री के साथ आए मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग एवं वहां के विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री हर बार गिरिराज जी के दरबार में हाजिरी लगाने आते हैं और इस बार भी आए हैं।

# थाने में दो सिपाहियों में विवाद व गोलीबारी, दोनों लाइन हाजिर

**सुलतानपुर।** जिले के बल्दीराय थाना परिसर में दो सिपाहियों के आपस में विवाद के बाद कथित तौर पर थाना परिसर में गोलीबारी करने के मामले का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक ने दोनों को पुलिस लाइन से सम्बद्ध कर दिया है। मामले में विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार बल्दीराय थाना परिसर में शुक्रवार को सिपाही प्रदीप सिंह और अभिषेक मिश्रा के बीच बहस हो गई जो थोड़ी देर में मारपीट में बदल गई। पुलिस के अनुसार कई सिपाहियों ने दोनों के बीच बीच-बचाव का प्रयास किया लेकिन इसी बीच एक सिपाही ने सरकारी असलहे से हवा में गोली चला दी। पुलिस के अनुसार इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस के अनुसार घटना के बाद क्षेत्राधिकारी (सीओ) रमेश कुमार भी मौके पर पहुंचे और दोनों सिपाहियों से बातचीत करके दोनों पक्षों से जानकारी ली।बल्दीराय थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अमरेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को बताया कि दो सिपाहियों के बीच मारपीट की घटना संज्ञान में आई, जिसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई।जिला पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि जानकारी मिली थी कि थाने में सिपाही ने गोलीबारी की है और इस मामले की जांच क्षेत्राधिकारी बल्दीराय द्वारा की जा रही है।

**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत होली मिलन समारोह सम्पन्नः**मिर्जापुर। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत होली मिलन समारोह जीएसबी सेवा समिति की ओर से जोगियाबारी में रखा गया । इस आशय की जानकारी संस्था की प्रबन्धक फरिहा खान ने दी। जीएसबी सेवा समिति की प्रबन्धक ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होली होने के कारण नही मनाया जा सका था।

### अखिलेश यादव को बचा-खुचा अस्तित्व बचाना है तो

# झूठ-फरेब की राजनीति बंद करें:राजभर

भाषा। बलिया

**उत्तर प्रदेश** सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें यदि बचा खुचा राजनीतिक अस्तित्व बचाना है तो वह जनभावनाओं का आदर करना सीखें व झूठ फरेब की राजनीति बंद करें। शनिवार को यहां चौकिया मोड़ पर आयोजित वृहद रोजगार मेले में आए श्रम एवं सेवायोजन मंत्री राजभर ने पत्रकारों से कहा, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं। उन्हें बचा खुचा राजनीतिक अस्तित्व बचाना है तो जन भावनाओं का आदर करना सीखें, झूठ फरेब की राजनीति बंद कर दें और ट्विटर ट्विटर खेलना बंद करें। राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी चार बार सत्ता में रही और इससे साबित हो गया कि ए लोग आरक्षण और पिछड़े वर्ग के विरोधी हैं, उनको सिर्फ अपना परिवार व अपने लोग दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा, चार बार की सरकार के आंकड़े उठा कर देख लें, जनता जब सरकार से बाहर कर देती है तो उनको आरक्षण याद आने लगता है। हम (भाजपा) विकास की बात करते हैं तो ए जाति की बात करते हैं, हम मुद्दे की बात करेंगे तो वे परिवार की बात करेंगे। श्रम मंत्री ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर पर तंज कसते हुए कहा कि वह मीडिया के मनोरंजन के साधन भर हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने 2017 से अब तक चौदह लाख से अधिक नौकरी सरकारी क्षेत्र से लेकर निजी क्षेत्र, संविदा व आउटसोर्सिंग के जरिए दी है।

## काम इनका नाम उनका

सूबे के एक मंत्री जी की अलग ही पीड़ा है। मंत्रिमंडल के जो भी फैसले उनके विभाग के होते हैं अगले दिन अखबारों की सुर्खियां तो बनते हैं लेकिन उन सुर्खियों में से मंत्री जी का नाम गायब हो जाता है। उनके विभाग के फैसले दूसरे मंत्री के हवाले से अखबारों में छपे होते हैं जबकि मंत्री महोदय रात भर जागकर कैबिनेट नोट अधिकारियों को ब्रीफ करते हैं और महाराज जी से भी इस बारे में चर्चा करते हैं। ऐसे में जब क्रेडिट मिलने की बारी आती है तो नाम किसी अन्य मंत्री महोदय का होता है। बेचारे मंत्री महोदय अपने विभाग के सूचना अधिकारियों पर नाराज हो जाते हैं। दरअसल मंत्री जी का जो प्रचार तंत्र है उसका जिम्मा कई लोगों के पास है और इस वजह से डिप्टी सीएम के मुकाबले उनका प्रचार तंत्र कहीं नहीं टिकता है। इसलिए मंत्री जी मंगलवार को अपने प्रचार तंत्र को लेकर नए सिरे से कवायद करेंगे।



## चौकन्ने हुए बड़े साहब

एलडीए के बड़े साहब को सब ठीक ठाक लग रहा था। बड़े साहब, आवास और पार्किंग की समस्याएं समझने का प्रयास कर रहे थे लेकिन साहब को जब पता चला कि दस करोड़ का गबन स्मारक समिति में हुआ है तब साहब को एहसास हुआ कि इन मासूस चेहरों के पीछे बहुत राज छिपे हैं। झटका लगने पर कर्मचारी से लेकर छोटे साहब तक आंच पहुंचने लगी तो संभले बड़े साहब। फिर क्या था! साहब को समझते देर न लगी कि कर्मचारियों के मकड़ जाल को तोड़ना बहुत जरूरी है। अब साहब ने फूंक फूंक कर कदम रखना शुरू कर दिया। कई बड़े बड़े नटवरलालों पर नजर रखने लगे। दस करोड़ घोटाले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करते हुए स्मारक समति के कई बाबूओं और अधिकारियों पर शक गया। अभी साहब की जांच जारी ही थी कि कई और दफन राज धीरे-धीरे बाहर आने लगे। अब बड़े साहब को लगने लगा कि यहां का सफर आसान नही हैं। जल्दी साहब अपने विश्वास पात्र बनाने में जुट गए और इसमें साहब को सफलता भी मिली। जी 20 और ग्लोबल इंवेस्टर समिट बिना किसी संकट के निपटाने पर वाहवाही भी खूब लूटी।




## साहब का मुखपत्र

एक शिक्षण संस्थान के मैनेजमेंट गुरु के क्या कहने हैं। आजकल साहब के दोनों हाथों में लड्डू हैं। साहब की दिनचर्या इस युनिवर्सिटी से दूसरे यूनिवर्सिटी की जिम्मेदारी संभालते ही गुजर जाती है। साहब को अच्छी खबरें छपवाने का बहुत शौक है। इस शौक को पूरा करने के लिए वो पहल भी कर लेते हैं। साहब ने इसके लिए कुछ कलमनवीस छांट रखे हैं जिनको बताने से नहीं चूकते हैं। वहीं दूसरी ओर जो परिसर की खाक छानते हैं उनके हाथ बची खुची पंजीरी ही लगती है। अब ऐसे में अच्छी खबरों के बीच कभी कभार ऐसी खबरें भी आ जाती हैं जो साहब को पसन्द नहीं आती हैं क्योंकि साहब को मीठी खबरें ही पसन्द आती है न की कडुवाहट भरी खबरें। पर साहब को यह बात कौन समझाए कि अच्छी खबरों के बीच निगेटिव खबरें भी रहती हैं। साहब को चाहिए कि निगेटिव खबरों के लिए नीलकंठ बन जाएं पर ऐसा सम्भव नहीं है। अब हर समय मुखपत्र तो नही बना रहा जा सकता है। हर मौसम का आनंद लेना चाहिए। पर साहब की पसन्द तो मुखपत्र बनाने में ही है।

## जांच करते छूटे पसीने

बड़े-बड़े अपराधी गिरोहों और माफिया सरगनाओं से मोर्चा लेकर आसानी से पार पाने में सक्षम स्पेशल टास्क फोर्स के अफसर पढ़ाई वाले महकमे के गुरुघंटालों के कारनामों की जांच में पूरी तरह से उलझ कर रह गए हैं। दरअसल बेसिक शिक्षा विभाग के तहत कई जिलों में फर्जी प्रपत्रों के आधार पर गुरुजी लोगों की भर्ती के मामले सामने आने के बाद भगवा सरकार ने पूरे सूबे में इस संबंध में जांच कराने का निर्णय लेते हुए जांच स्पेशल टास्क फोर्स के हवाले कर दी। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही प्याज के छिलकों की तरह परत-दर-परत जालसाजी का कच्चा चिट्ठा निकलता ही चला जा रहा है। अफसरों का दिमाग तो तब चकरा गया जब ऐसे कई मामले पकड़ में आए जहां एक शिक्षिका के दस्तावेजों पर तीन-तीन, चार-चार जिलों में उसी नाम से अन्य शिक्षिकाएं भी नौकरी कर रही हैं। अब इनमें से वास्तविक कौन है? इसका पता लगाने की लम्बी जांच प्रक्रिया में अफसरों के पसीने छूट रहे हैं। कुख्यात दस्यु सरगनाओं के खिलाफ अभियान चलाने में अहम भूमिका निभाने वाले एक अफसर तो इस बात की सिफारिश कराने का प्रयास करा रहे हैं कि उन्हें किसी प्रकार इस जांच के काम से छुटकारा मिल जाए।

## ठहर गई बेटे की प्रगति



घर का समाजवाद प्रगतिशील था तो बेटे को महत्वपूर्ण पद दे दिया गया था। अब समाजवाद की साझा खेती में बड़ी मुश्किल से खुद ही को स्थान मिला है तो बेटे को कहां जगह मिल जाएगी। यह आंतरिक व्यथा समाजवाद के पालनहार शिव की है जो मौजूदा समय में पारिवारिक झंझावातों से जूझ रहे हैं। जब शिव का समाजवाद प्रगति कर रहा था उस दौरान शिव ने अपने घरेलू समाजवाद में बेटे को उच्च पद दे दिया था। कहा था जाओ राजनीति करो। तरक्की करो। बस बेटे ने राजनीति में चलना ही शुरू किया था कि शिव खुद ही भटक गए और दो राहे पर आ गए। अब आलम यह है कि बेटे की राजनीति तो दूर की बात शिव की खुद की राजनीति पर भी संकट आ खड़ा हुआ है। राजनीति में तो शिव को समाजवाद का लोलक समझा जाने लगा है और शिव के बेटे का तो जैसे राजनीति में अस्तित्व ही खत्म हो गया है। सही बात भी है। आखिर बेचारा बेटा जाए तो कहां जाए। घर की प्रगति करने वाली समाजवादी दुकान तो बंद हो चुकी है और समाजवाद की साझाा खेती में उसके लिए कोई स्थान नहीं है।

# खेल, उद्योग व ढांचागत विकास को नई ऊंचाई देंगे मुख्यमंत्री

● **सांसद खेल स्पर्धा के समापन समारोह में आज खिलाड़ियों को मिलेगा सीएम का मार्गदर्शन**

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर, लखनऊ



**गोरखपुर** के दो दिन के दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खेल, उद्योग, सामाजिक सरोकार और ढांचागत सुविधाओं के विकास के कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर नागरिकों का मार्गदर्शन करेंगे। इस दौरान उनकी मौजूदगी में एक भारी उद्योग का उद्घाटन होगा तो फोरलेन सड़कों की कनेक्टिविटी की सौगात भी मिलेगी। फोरलेन सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ उपस्थित रहेंगे। रविवार को बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद कमलेश पासवान की मेजबानी में सांसद खेल स्पर्धा का समापन समारोह कौड़ीराम के जीडी इंटर कॉलेज डिघवा में आयोजित है। इसमें खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सानिध्य व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसी दिन मुख्यमंत्री गीडा के सेक्टर 23 में अंकुर उद्योग लिमिटेड के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन कर जनपद के औद्योगिक विकास की तस्वीर में नया रंग भरेंगे। अंकुर उद्योग लिमिटेड के निदेशक निखिल जालान के मुताबिक मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन के सहयोग से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अगले दिन सोमवार को सीएम योगी बक्शीपुर स्थित श्रीचित्रगुप्त मंदिर सभा के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यहां उनके हाथों पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण होगा।

सोमवार को ही वह केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ करीब 5700 करोड़ रुपये की लागत वाली चार की संख्या में फोरलेन सड़कों के शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे। एनएचएआई की तरफ से आयोजित शिलान्यास समारोह रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में होगा। यहां सीएम और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री के हाथों जंगल कौड़िया-सोनौली, जंगल कौड़िया-जगदीशपुर गोरखपुर रिंग रोड बाईपास, रामजानकी मार्ग, महराजगंज-निचलौल-ठूठीबारी फोरलेन सड़क की आधारशिला रखेंगे।

# 30 जून तक सभी शेष 91 हजार गांवों की तैयार होगी घरौनी

● **सीएम योगी ने स्वामित्व योजना की कार्रवाई में तेजी लाने के दिए निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए प्रयासरत है। सरकार की ओर से ऐसे सभी पात्र नागरिकों को उनकी भूमि का पट्टा प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए स्वामित्व योजना के माध्यम से ड्रोन सर्वे व अन्य प्रक्रिया के जरिए सत्यापन के बाद लोगों को घरौनी वितरित की जा रही है। अब तक प्रदेश सरकार करीब 35 लाख घरौनिया वितरित कर चुकी है जबकि सीएम योगी के निर्देश के बाद बाकी बचे ग्रामों के सत्यापन की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है।

उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अनुसार 30 जून 2023 तक अवशेष 90900 ग्रामों की भी घरौनियां तैयार किए जाने का लक्ष्य रखा गया गया है। इस लक्ष्य को विभिन्न चरणों मे सत्यापन एवं अन्य प्रक्रिया के साथ पूरा किया जाएगा। स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 90842 ग्रामों का ड्रोन सर्वे संपन्न हो चुका है। अंतिम रूप से प्रपत्र-10 घरौनी तैयार हुए ग्रामों की संख्या 34801 पहुंच चुकी है। वहीं अब तक कुल 5132192 घरौनियां तैयार की जा चुकी हैं। 25 जून 2022 तक 3469879 घरौनियों का वितरण भी किया जा चुका था जबकि इसके बाद 1672313 नई घरोनियां तैयार की गई हैं। योजना के अंतर्गत अवशेष ग्रामों में घरौनी तैयार करने का कार्य पूर्ण किए जाने के लिए कार्ययोजना की समयसीमा तय कर दी गई है। निर्धारित समयसीमा के अनुसार 15 अप्रैल तक सभी शेष 90900 ग्रामों का सर्वे ऑफइंडिया से त्रुटिरहित मानचित्र-1 प्राप्त कर लिया जाएगा। वहीं 30 जून तक इन सभी ग्रामों की जनपदों द्वारा प्रपत्र-10 घरौनी तैयार हो जाएगी। योजना के अंतर्गत खतौनी ग्रामों की कुल संख्या 110344 है।

# हर बूथ पर महिला शक्ति की मजबूत टीम की आवश्यकता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद गीता शाक्य द्वारा की गई। भाजपा संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए आगामी कार्य योजनाओं व संगठन द्वारा क्रियान्वयन किए गए कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारियों व क्षेत्रीय अध्यक्षों की उपस्थिति में आयोजित इस समीक्षा बैठक में केंद्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं के हितों के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा के साथ आगामी कार्यक्रम की समीक्षा की गई। धर्मपाल ने पदाधिकारियों में ऊर्जा का प्रसार करते हुए कहा कि ना महिला बेचारी हैं ना वह कमजोर हैं वह सृष्टि की जन्म दात्री हैं। समाज में नेतृत्व का भाव पहले से अधिक बढ़ा है, आज आवश्कता है हर बूथ पर महिला शक्ति की मजबूत टीम खड़ी हो, आज पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बहुत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है बहनें सुरक्षित हैं। ऐसे में पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष के छलावे से लोगों को बचाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। पिछले 9 वर्षों में 7 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी है। इन स्वयं सहायता समूहों ने 6.25 लाख करोड़ रुपये को ऋण लिया है। संगठन मंत्री ने कहा कि आज हमारी बेटियां सेना में जाकर देश की सुरक्षा करती दिखाई दे रही है। बहने जितना अधिक संगठनात्मक प्रवास करेंगी उतना ही पार्टी को लाभ होगा अत: उन्हें मजबूती के साथ संगठन के पक्ष को जनता तक पहुंचाना होगा और उत्तर प्रदेश में आगामी वर्ष में होने वाले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मजबूती के साथ स्थापित करना होगा। समीक्षा बैठक में महिला मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारी व क्षेत्रीय अध्यक्ष बहनें मौजूद रही। इस कार्यक्रम में विजय बहादुर पाठक प्रभारी महिला मोर्चा व सह प्रभारी अंजुला माहोर, प्रदेश महामंत्री रश्मि रावल, कृतिका अग्रवाल, ऊषा मौर्य द्वारा भी पदाधिकारियों को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में कल राजभवन का घेराव करेगी कांग्रेस

● **किसानों को फसल का उचित मूल्य तक नहीं मिल पा रहा: बृजलाल खाबरी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने कहा कि आंकड़े बता रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में अन्याय और अत्याचार का ग्राफ बढ़ा है। सरकार पूरी तरह सोई हुई है, जनता के पैसे को सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को लुटा रही है, सरकार के संरक्षण में विश्वविद्यालयों में बैठे कुलपति भ्रष्टाचार कर रहे हैं कोई सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, कांग्रेस भाजपा सरकार के भ्रष्टाचारी और जनविरोधी चेहरे को बेनकाब करने के लिए सोमवार 13 मार्च को राजभवन घेरेगी।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने यह बात शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। खाबरी ने कहा कि 13 मार्च को कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से कानून के दायरे में रहकर अहिंसात्मक प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि इस बार पुलिस की बैरीकेड भी नहीं रोक पायेगी और राजभवन का घेराव करेगी कांग्रेस। उन्होंने कहा कि आज देश के किसान की हालत अत्यंत दयनीय है उसे अपनी फसल का उचित मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है परन्तु भाजपा सरकार को इससे कोई लेना.देना नहीं है। केन्द्र की मोदी सरकार अपने कुछ पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है। देश की जनता सब समझ रही है और आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार है।

खाबरी ने कहा कि कांग्रेस सदैव से ही जनहित के मुद्दों पर अनुशासन के दायरे में रहकर संघर्ष करती आई है और आगे भी करती रहेगी। देश के लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश की जा रही है परन्तु कांग्रेस पार्टी ऐसा होने नहीं देगी इसके लिए वह संसद से लेकर सदन तक अपना विरोध दर्ज कराती रहेगी। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि सच की लड़ाई चल रही है। कौन अडानी के साथ है और कौन देश के व्यापारियों के साथ।

# मायूसी व परेशानी में जी रहा प्रदेश का किसान

● **किसान को उनकी हर फसल पर एमएसपी मिलना चाहिए**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की किसान विरोधी नीतियों के चलते अन्नदाता का हर कदम पर शोषण हो रहा है। इन दिनों आलू किसानों पर भाजपाराज कहर बनकर टूटा है। बदहाल आलू किसान होली पर भी अपनी फसल कोल्ड स्टोर में रखने के लिए कतार में जूझते रहे, मुख्यमंत्री इस सबसे बेसुध हैं। आलू किसान को फस ल के कम दाम मिल रहे हैं जबकि लागत बढ़ रही है। प्रदेश का किसान मायूसी और परेशानी में जी रहा है।

अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी यह मांग करती रही है कि किसानो को उनकी हर फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिलना चाहिए। भाजपा सरकार किसानों के हितों की संरक्षक बनने के बजाय पूंजीघरानो को संरक्षण देती है। धान, गेहूं के क्रय केन्द्रों में अव्यवस्था रहती है, बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसानों की फसल औने पौने दाम पर खरीद लेती है। किसान मजबूरी में बेचे नहीं तो क्या करें। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने आलू किसानों से खरीद एमएसपी पर करने के बजाय राहत के तौर पर 650 रुपये प्रति कुंतल आलू की खरीद के दाम तय किए हैं। ट्रैक्टर ट्राली के भाड़े से लेकर खाद, दवा, सिचाई, टोकनमनी और स्टोर चार्जेज के अलावा किसान के श्रम को भी जोड़ दिया जाए तो आलू कम से कम 1500 रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीदा जाना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि इन दिनों बाराबंकी में 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल से आलू की बंपर उपज हुई है। किसान को न तो वाजिब दाम मिल रहे हैं और नहीं आलू भंडारण का सही इंतजाम है। किसान की रात कोल्ड स्टोरेज के बाहर बीत रही है। टोकन के बाद भी तय समय पर आलू उतरवाया नहीं जाता है। किसान कहां फरियाद करे अधिकारी गूंगे-बहरे हो गए है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की उपेक्षा करते हुए खेती को पूरी तरह से बर्बाद और अलाभकर बना दिया है। घाटे में डूबा किसान कैसे अगली फसल की बुवाई के बारे में सोचेगा। किसानों की आय दोगुनी करने का झांसा देने वाली भाजपा सरकार को आलू ही सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त दिलाएगा।

# किसानों को सौगात, घर बैठे पशुओं का इलाज करेगा आईवीआरआई

● **72 डॉक्टर एप के मध्यम से पशुपालकों को मुफ्त चिकित्सीय परामर्श देंगे**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की किसानों, पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में आईवीआरआई (भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान) का ऐप कारगर साबित होगा। आईवीआरआई ने किसानों को घर बैठे पशुओं के इलाज की सौगात दी है। इसके लिए ऑनलाइन वेटरनरी क्लीनिक ऐप लॉन्च किया गया है। आईवीआरआई के 72 पशु रोग विशेषज्ञों ने ऑनलाइन वेटनरी क्लीनिक एप्प का रजिस्ट्रेशन कराया गया है। अब तक 5000 से ज्यादा लोग ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं। पशुओं की किसी भी तरह की बीमारी के संबंध में ऑनलाइन डॉक्टरों से परामर्श लेने की सुविधा दी गई है। आईवीआरआई की संयुक्त निदेशक रूपसी तिवारी ने बताया कि प्रात: 9 से शाम 5:30 बजे तक ऑनलाइन क्लीनिक खुला रहेगा। इसमें पशुपालक अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर पशुओं को दिखाने का समय बुक कर सकते हैं। इसके बाद आईवीआरआई के विशेषज्ञ उन्हें जरूरी चिकित्सकीय परामर्श देंगे। आईवीआरआई की संयुक्त निदेशक डॉ रूपसी तिवारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अनुज चौहान, डॉक्टर उज्जवल कुमार डे, भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान के राजेंद्र प्रसाद, संजीव कुमार, समीर श्रीवास्तव शव कांत ने मिलकर एप तैयार किया है। किसान अपने पशुओं की सामान्य समस्याएं, सर्जिकल, डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी, टीकाकरण संबंधित समस्याओं ऑनलाइन ले सकते हैं। इससे पशुपालकों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# बदला माहौल तो गीडा में भी लगने लगीं हैवी इंडस्ट्रीज

● **2000 लोगों को प्रत्यक्ष और 5000 को मिला परोक्ष रोजगार**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, गोरखपुर

## 82 एकड़ में फैला है प्लांट, 550 करोड़ रुपए का हुआ है निवेश



**छह** साल पहले तक जिस गीडा में निवेश करने से निवेशक कतराते थे, बदले माहौल में वहां हैवी इंडस्ट्री लगने लगी है। रविवार को एक नई और अत्याधुनिक हैवी इंडस्ट्री औपचारिक रूप से उदघाटित हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतिष्ठित उद्योग समूह मेसर्स अंकुर उद्योग लिमिटेड के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उदघाटन करेंगे। गीडा की तरफ से एएल-2 सेक्टर 23 में आवंटित 82 एकड़ क्षेत्रफल में फैले और 550 करोड़ रुपये के निवेश वाले इस प्लांट में टीएमएक्स थरमैक्स पॉवर्ड सरिया का उत्पादन शुरू हो चुका है। जबकि इसमें 30 मेगावाट का कैप्टिव पॉवर प्लांट भी अंतर्निहित है। प्लांट के क्रियाशील होने से दो हजार लोगों को प्रत्यक्ष और पांच हजार लोगों को परोक्ष रोजगार मिला है। प्लांट का सफलतापूर्वक संचालन करने के साथ ही अंकुर उद्योग लिमिटेड ने इसके विस्तार के लिए 700 करोड़ रुपये के निवेश का एमओयू ग्लोबल भी इन्वेस्टर्स समिट में किया है।

इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता तीन लाख टन प्रति वर्ष की है। प्लांट की स्थापना का कार्य 2020 में शुरू हुआ था। प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति 2020 के अंतर्गत मेगा प्लस श्रेणी की इस परियोजना की डिजाइनिंग देश के अग्रणी स्टील इंडस्ट्री सलाहकार और तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा की गई है। इसकी स्थापना में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। अंकुर उद्योग लिमिटेड ने डेढ़ किमी ट्रैक की लंबाई में प्राइवेट रेलवे साइडिंग विकसित किया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से कच्चा माल मंगाने के लिए फैक्ट्री परिसर में 700 मीटर की लंबाई में अनलोडिंग प्लेटफार्म भी बनाया गया है। यहां टीएमएक्स बार का उत्पादन हो रहा है जो टीएमटी का बदला हुआ और बेहतर रूप है। अंकुर उद्योग समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक जालान का कहना है कि फैक्ट्री संचालन के लिए ऊर्जा की सम्पूर्ण जरूरत यहीं के कैप्टिव पॉवर प्लांट से पूरी हो रही है। खास बात यह है कि ऊर्जा उत्पादन का 65 फीसद हिस्सा फैक्ट्री के ही रेस्ट से ही मिल रहा है। अल्ट्रा मॉडर्न स्टेट ऑफ आर्ट प्रौद्योगिकी से यहां टीएमएक्स रिबार्स का निर्माण किया जा रहा है। इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट में स्पंज आयरन प्लांट की क्षमता 212500 मीट्रिक टन प्रतिवर्षए स्टील मेल्ट शॉप, इंडक्शन फर्नेस की क्षमता 300300 मीट्रिक टन तथा सरिया रोलिंग मिल की क्षमता 291300 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। अशोक जालान का मानना है कि योगी सरकार ने निवेशकों की सुरक्षाए प्रोत्साहन सुविधा व सहूलियत के लिए कारगर कदम उठाए हैं। उसका परिणाम भी धरातल पर नजर आ रहा है। एक दौर तक सिर्फ एमसीआर में निवेश होते थे सरकार की इन्वेस्टर्स फ्रेंडली नीतियों से आज हर जिले में निवेश हो रहा है। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन अग्रवाल कहते हैं कि शासन की उद्योग मित्रवत नीतियों व पारदर्शी व्यवस्था से उद्यमियों को काफी प्रोत्साहन मिला है।

गीडा में गैलेंट समूह ने स्टील प्लांट के सीमेंट प्लांट भी संचालित किया है तो अब अंकुर उद्योग समूह ने इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का संचालन शुरू किया है। अंकुर उद्योग समूह ने जीआईएस में 700 करोड़ रुपये से उद्योग विस्तार का भी प्रस्ताव दिया है। जीआईएस में हैवी इंडस्ट्री के काफी प्रस्ताव मिले हैं। आने वाले समय में गीडा में भारी उद्योगों की लंबी श्रृंखला दिखेगी।

# योगी सरकार का लाइन लॉस कम करने पर जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बीते 6 सालों में कई सुविधाएं प्रदान की है जिससे अब ऑनलाइन बिजली बिल जमा करने, विद्युत संबंधी शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराने, लाइन लॉस कम करने समेत अनेक सुविधाएं हैं। इसके साथ ही योगी सरकार का पूरा जोर लाइन लास को कम करने में हैं। इसलिए बजट में सरकार ने पावर सेक्टर में पोरेषण व्यवस्था को बेहतर करने के लिए धनराशि की व्यवस्था की है।

बिजली व्यवस्था में सुधार की ही वजह है कि प्रदेश में जहां वर्ष 2016-17 में 21.47 प्रतिशत लाइन हानियां थी, उसे घटाकर जनवरी 2023 तक 17.62 प्रतिशत किया जा सका है। इतना ही नहीं वर्ष 2016-17 में ए टी एंड सी हानियां 28.81 प्रतिशत से घटाकर 26.83 प्रतिशत की गयीं हैं। साथ ही 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में अलग-अलग मद में कुल 23 हजार करोड़ से ज्यादा की सब्सिडी प्रदान की गई है। इसके अलावा वर्ष 2022-23 के अनुपूरक बजट में एक हजार करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी की भी व्यवस्था की गई थी। योगी सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में घरेलु विद्युत उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को कुल 6503 करोड़ की सब्सिडी दी गई। इसी तरह निजी नलकूप के लिए 7097 करोड़ तथा कृषि विभाग द्वारा 1250 करोड़ की सब्सिडी दी गई। इसके अलावा बुनकरों को 250 करोड़ तथा लॉस फंडिंग के लिए 8007 करोड़ सब्सिडी के रूप में दिये गये। कुल मिलाकर योगी सरकार ने 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए कुल 23107 करोड़ की सब्सिडी वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की। इसके साथ ही योगी सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिल देने व जमा करने के लिए उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर लिंक भेजा जा रहा है जिसमें उन्हे खुद अपना विद्युत बिल ऑनलाइन जनरेट करने की सुविधा दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को विद्युत बिल जमा करने के लिए दूर दराज स्थित उपखण्ड कार्यालय या विद्युत उपकेन्द्रों पर जाना पड़ता था। ऐसे में उनकी समस्या को दूर करते हुए योगी सरकार ने जुलाई 2018 में ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवा केन्द्रों सीएससी द्वारा विद्युत बिल भुगतान की व्यवस्था की। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों, राशन की दुकानों, सहकारी समितियों एवं बिलिंग एजेंसियों के मीटर रीडरों के माध्यम से पिछले दो वर्षों से विद्युत बिल का भुगतान करने की व्यवस्था की गई, जहां उपभोक्ता बिल संशोधन के लिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी सभी समस्याओं को दूर करने के लिए टोल फ्री नंबर 1912 की व्यवस्था की गयी है जिसकी मानीटरिंग डिस्कॉम एवं पावर कारपोरेशन के अधिकारियों द्वारा की जा रही है। उपभोक्ता इस नंबर पर बिल, विद्युत आपूर्ति व्यवधान, ट्रांसफार्मर खराब होने, मीटर की खराबी, नए कनेक्शन तथा विद्युत चोरी के संबंध में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# जहरीली शराब के कारोबार पर लगाम कसने के लिए सख्त हुआ प्रशासन

## खीरीः अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध आबकारी विभाग ने की कड़ी कार्रवाई,16 अभियोग दर्ज

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**आबकारी** आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश, डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में होली के मद्देनजर अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के लिए प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जो 15 मार्च तक अनवरत चलेगा। डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि शनिवार को जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 16 अभियोग पंजीकृत किये। 295 लीटर अवैध शराब और 1550 किग्रा लहन बरामद की। साथ ही क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों द्वारा संदिग्ध ग्रामों, ढाबों, कबाड़ी की दुकानों, ईंट भट्ठा एवं आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने मय स्टाफग्राम सलेमपुर को नए रसौरा, मीरपुर थाना कोतवाली सदर में दबिश देकर खेतों एवं संदिग्ध घरों से कच्ची शराब और लहन बरामद किए, मौके पर लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफग्राम बौधनिया, पालचक, गुलौलि, टेंगुन खुर्रम नगर, मगरैना थाना मोहम्मदी में दबिश दी, संदिग्ध खेतों से कच्ची शराब और प्लास्टिक के थैलियों में लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट करते हुए 02 अभियुक्तों को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव क्षेत्र 3 निघासन ने मय स्टाफ ग्राम नया पिंड थाना तिकोनिया में दबिश दी और गन्ने के खेतों से कच्ची शराब और गड्ढों में भरी लहन बरामद की। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफव संपूर्णा नगर पुलिस थाना उपनिरीक्षक अवनेश कुमार के साथ संयुक्त टीम बनाकर ग्राम त्रिकोलिया थाना संपूर्णानगर में दबिश में संदिग्ध घर से प्लास्टिक की बोतल में कच्ची शराब और बर्तन में लहन बरामद की। लहन को नष्ट करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ ग्राम बाबागंज, शाहबुद्दीनपुर, उदयपुर, महेशपुर, गजियापुर थाना हैदराबाद में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों और खेतों से कच्ची शराब बरामद की। मौके पर 02 अभियुक्तों को कच्ची शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफग्राम मितौली कस्बा, खंजन नगर थाना मितौली में दबिश दी। दबिश के दौरान संदिग्ध घरों से कच्ची शराब और बर्तनों में लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा ने मय स्टाफ ग्राम धौरहरा थाना धौरहरा में दबिश देकर संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब बेच रहे 02 अभियुक्तों को मौके पर गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**रमिया** बेहड़-खीरी। विकास खंड रमिया बेहड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सेकेंड बैच का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आयरन फोलिक एसिड पूर्ण कार्यक्रम के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक अनुराग सिसोदिया डॉक्टर तनवीर आलम डॉ सुरेश चंद्र आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयरन फोलिक एसिड के महत्व के बारे में समझाया गया कि बच्चों के शरीर में किस प्रकार कार्य करती है। इसको खिलाने से बच्चों को क्या फायदा होता है आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अनुराग सिसोदिया ने बताया कि आयरन फोलिक एसिड टेबलेट खाने से बच्चे स्वास्थ्य रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रनिया बेहड़ के अधीक्षक डॉ अनिल वर्मा द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# महर्षि दधीचि की पावन भूमि पर आरंभ हुआ रामायण कॉन्क्लेव

### मंत्री ने कहा रामायण पाठ से दूर होते हैं सभी कष्ट

### संस्कार भारती ने आयोजित किया है कार्यक्रम

### बिसवां के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव बतौर विशिष्ट अतिथि रहे मौजूद

संवाददाता। सीतापुर

**महर्षि** दधीचि की पावन तपोभूमि मिश्रिख में चल रहे होली परिक्रमा मेला महोत्सव में रामायण कान्क्लेव शुरू हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व बिसवां विधायक महेंद्र सिंह यादव ने दधीचि मंदिर के पुजारी आचार्य राहुल शर्मा के मंत्रोच्चार से किया। संस्कार भारती उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मंच संचालन प्रभात ने किया। संस्कार भारती के समन्वयक गिरीश चंद्र मिश्र ने कहा कि यह दो दिवसीय कार्यक्रम है, इसमें विशेष रूप से रामायण और राम के आदर्शों पर चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम चित्रकूट से शुरू हुआ है और रामनवमी को अयोध्या में इसका समापन किया जाएगा। मुख्य अतिथि सुरेश राही ने मानस विवाद के बीच मानस विरोधियों पर तीखा कटाक्ष किया। कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत में रामायण तो तुलसीदास ने अवधि में रामायण का वर्णन किया है। इसी तरह अन्य कवियों ने भी विभिन्न भाषाओं में रामायण का वर्णन किया हैं। ऐसे पवित्र ग्रंथ पर टिप्पणी करने वाले समाज के कलंक हैं। मुख्य वक्ता और लखनऊ विवि में हिंदी विभाग के प्रोफेसर हरिशंकर मिश्र ने ऋषि परंपरा और रामकथा में लोक का विशेष महत्व बताया। उन्होंने कहा कि रामकथा का वर्णन उत्तर एशिया से लेकर इंडोनेशिया तक विभिन्न भाषाओं में चल रहा हैं। मुस्लिम भी रामकथा सुनते हैं। अयोध्या से बाबा दिलीप दास त्यागी ने कहा कि जब धर्म की स्थापना हुई तभी मानवता की स्थापना हुई। कार्यक्रम में मिश्रिख एसडीएम और मेला अधिकारी अनिल कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान हिंदी संस्थान के पूर्व निदेशक सुधाकर अदीब, लखनऊ विश्व विद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश, अपर जिलाधिकारी रामभरत तिवारी और सीओ सुशील कुमार यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में चित्रकला, निबंध, लेखन प्रतियोगिता और अंताक्षरी का आयोजन किया गया, जिसमें कई स्कूलों से आए 250 बच्चों ने भाग लिया।

# डीएम-एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**जिले** के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस.प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने मातहतों को प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस का जायज़ा लेने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना खीरी व फरधान का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस थाना खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व.पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जायेए इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम व तहसीलदार को अवगत कराएंए ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें ।एसपी ने कहा कि अशांति का माहौल पैदा करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। इसके बाद डीएम.एसपी के साथ थाना फरधान पहुंचेए जहां पर मौजूद फरियादियों को समस्याओं मौके पर सुनकर यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। उन्होंने वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है ।डीएम व एसपी ने समाधान दिवस पंजिका का अवलोकन कर पूर्व में निस्तारित किये प्रार्थना.पत्रों के निस्तारण का भी जायज़ा लिया। मौजूद अधिकारियो एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं की गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए उन्हें न्याय दिलाया जाय। डीएम ने कहा कि माण् मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि थानों व तहसीलों में अपनी समस्या लेकर आने वाले फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाया जाय।

# निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करें अधिकारी

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

संवाददाता। शाहजहांपुर



**सांसद** अरूण कुमार सागर की अध्यक्षता में विकास भवन में शनिवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद में संचालित केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद अरुण सागर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति द्वारा दिए गए निर्देशों का समयांतर्गत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सांसद ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जन समस्याओं का बेहतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये जिससे लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किया जा सके। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी/ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल कार्यक्रम, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अमृत योजना, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास सेवाएं, मध्याह्न भोजन योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी। जर्जर भवनों का नियमानुसार ध्वस्तीकरण शीघ्र कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। विद्यालयों में सफाई कर्मी नियमित रूप से उपस्थित हो, इस हेतु भी निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों को विधायक निधि के लंबित कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के लिये भी निर्देश दिये गये। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत डाली गयी पाइपलाइन के बाद सड़कों के रिस्टोरेशन कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक में वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि गौ शालाओं से प्राप्त होने वाले गोबर तथा गोमूत्र के कॉमर्शियल उपयोग हेतु योजना तैयार की जाए, जिससे गोशालाएं आत्मनिर्भर हो सकें व सुचारू रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने सभी गौशालाओं में हरे चारे के भी समुचित प्रबंधन का निर्देश दिया। सभी विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये मंत्री ने कहा कि जिन विद्यालयों में कोई शिक्षक तैनात नहीं, वहां नियमानुसार शिक्षकों का प्रबन्धत सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किये जाये।

## क्विक न्यूज

### रेल खंडों का विद्युतीकरण का कार्य पूरा हुआ

**बरेली।** इज्जतनगर मंडल पूर्वोत्तर रेलवे के तीन रेल मंडलों में से एक है। यह मंडल उत्तराखंड राज्य और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुमाऊँ क्षेत्र के विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस, उत्तरांचल संपर्क क्रांति (काठगोदाम -दिल्ली), रानीखेत एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनस सुपर फास्ट एक्सप्रेस (रामनगर - बांद्रा), बाघ एक्सप्रेस (काठगोदाम -हावड़ा), पूर्णागिरी जन शताब्दी (टनकपुर- दिल्ली), छपरा सुपर फास्ट एक्सप्रेस(मथुरा- छपरा) और देहरादून एक्सप्रेस (काठगोदाम- देहरादून) वे महत्वपूर्ण रेलगाड़ियां हैं जो इस मंडल से आरंभ होती हैं या समाप्त होती हैं अथवा गुजरती हैं। मंडल की कुल स्थापित ट्रैक्शन बिजली आपूर्ति क्षमता 194.4 एमवीए है जो 09 टीएसएस को कवर करती है। मथुरा- कासगंज- कल्याणपुर , कासगंज -बरेली सिटी-पीलीभीत -टनकपुर , पीलीभीत- शाहजहाँपुर, भोजीपुरा-लालकुआं, रामपुर-लालकुआं-काठगोदाम और लालकुआं-काशीपुर रेल खंडों का विद्युतीकरण का कार्य 2019-22 के बीच पूरा किया गया था। मुरादाबाद-काशीपुर-रामनगर खंड (72.7 किमी) के विद्युतीकरण के साथ मंडल के आपरेशनल ब्रॉडगेज मार्ग के विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।मंडल के आपरेशनल ब्राड गेज मार्गों के पूर्ण विद्युतीकरण से, रेलवे परिवहन के पर्यावरण के अनुकूल मोड को सुनिश्चित किया गया है जिससे आयातित डीजल ईंधन पर निर्भरता को कम किया गया है, कीमती विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और कार्बन फुटप्रिंट को कम किया गया है।

### पम्पिंग सेट की मरम्मत के दौरान पेट में चाबी घुसने से किसान की मौत

**सीतापुर।** अचानक हुई एक अनहोनी ने एक किसान की जान ले ली। घटना पिसावां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम चौखरिया में हुई। घटना से जहां पूरा गांव सकते में है वहीं मृतक के परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार चौखरिया निवासी कल्लू शनिवार दोपहर बाद अपने खेत की सिंचाई करने जा रहा था। अपने पम्पिंग सेट में कुछ कमी देख उसकी मरम्मत करने लगा जिसके बाद जब उसने पम्पिंग सेट स्टार्ट किया वैसे ही कपलिंग की चाबी निकलकर काफी तेजी से उसके पेट में जा घुसी। चोट लगते ही कल्लू गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर गया। शोर मचने के बाद तमाम लोग मौके पर जमा हो गए । परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में कल्लू ने दम तोड़ दिया।

### पैक्स चुनावः निर्वाचन कार्यक्रम कार्यालय में होंगे आयोजित

**लखीमपुर खीरी।** एआरसीएस प्रमोद कुमार शुक्ला ने खीरी की सभी 125 साधन सहकारी समितियों में पैक्स निर्वाचन 2023 की जानकारी देते हुए बताया कि 11 मार्च को अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 12 मार्च को आपत्तियां ली जाएंगी। 13 मार्च को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। 14 मार्च को नामांकन 15 मार्च को आपत्ति निस्तारणए 16 मार्च को वैध नामों की सूची का प्रदर्शन एवं चिन्ह आवंटनए 18 मार्च को मतदानए 19 मार्च को पैक्स के सभापतिए उपसभापति एवं अन्य समितियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का चयन चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन सम्बन्धी समस्त कार्यक्रम सहकारी समिति के कार्यालय पर सम्पन्न होंगे। यह आदेश उन सहकारी समितियों पर लागू नहीं होगाए जिनके निर्वाचन किसी सक्षम न्यायालय द्वारा स्थगित किये गये हो। पैक्स निर्वाचन 2023 को निष्पक्षए निर्भीकए शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### मामा ने भांजे पर किया जानलेवा हमला

**बरेली।** ऑटो में बिछाई जाने वाली मैट को लेकर हुए विवाद के बाद मामा ने अपने बेटों की मदद से भांजे पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव परतापुर जीवन सहाय निवासी 25 वर्षीय शाहरुख पुत्र शेर मोहम्मद पर आज सुबह उसके मामा केसर खां और उसके बेटों ने बैरियर नंबर दो पुलिस चौकी के पास चाकू से हमला कर दिया जिला अस्पताल आए शाहरुख के घरवालों ने बताया कि शाहरुख और केसर दोनों ऑटो चलाते हैं शाहरुख के ऑटो की मैंट सनसिटी के पास गिर गई थी जो उसके मामा केसर खां को मिल गई लेकिन केसर खां शाहरुख को मैंट वापस नही करना चाहता था, उसे बेचना चाहता था। शाहरुख ने जब अपने दोस्तों को ऑटो की मैट होने की जानकारी दी तो उन्होंने बताया कि उसके आंटो की खोई हुई मैंट उसके मामा को मिली है तब वह आज अपने माम के पास आटो की मैंट लेने गया केसर खा ने उसे मैट देने से इंकार कर दिया। जिसको लेकर दोनों में झगड़ा हो गया पर मौके पर मौजूद लोगों ने मामले को रफा-दफा करा दिया। लगभग 1 घंटे बाद जब शाहरुख बैरियर नंबर दो पुलिस चौकी के पास ऑटो लेकर खड़ा था तभी केसर खां ने अपने लड़कों जुबेर और उबेश के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया और चाकू मारकर घायल कर दिया।

# पवित्र तीर्थ स्थल मढ़िया घाट जाने का मार्ग होगा सुगम





संवाददाता। मैगलगंज-खीरी

**मैगलगंज** क्षेत्र के पवित्र तीर्थ स्थल मढिया घाट को जाने वाली रोड के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से सड़क निर्माण की धनराशि जारी हो गयी है ।शीघ्र ही टूटी सड़क का जीर्णोद्धार कर शिव भक्तों के लिए अच्छी सड़क बनाई जाएगी जिससे शिव भक्तों को पौराणिक शिवालय जाने के लिए अच्छा रास्ता मिलेगा और आवागमन की सुगमता बनी रहेगी। बताते चलें क्षेत्र के पवित्र तीर्थ स्थल मढ़िया घाट को जाने वाली रास्ता काफी समय से जीर्ण शीर्ण अवस्था में थी। पूर्व में क्षेत्रीय विधायक सौरभ सिंह सोनू के प्रयास से उसकी पैचिंग हुई थी लेकिन कुछ समय बाद वह फिर जस की तस हो गई। प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद जी को क्षेत्र के लोगों द्वारा इस समस्या से अवगत कराया गया और उनके प्रयास से यह कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। कस्बे के सुशील शुक्लाए राजेन्द्र मिश्राए विनोद अवस्थीएअरविंद मिश्राए संजीव गुप्ता प्रेम प्रकाश अग्निहोत्री कुलदीप त्रिवेदी सहित तमाम लोगों ने मंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आखिर बेटा ही निकला पिता की जान की दुश्मन

### सदरपुर इलाके में 4 मार्च को हुई थी घटना

### धारा 302 के तहत मुकदमा हुआ था दर्ज

### लक्ष्मणपुर निवासी रामेश्वर प्रजापति की हुई थी हत्या

संवाददाता। सीतापुर

**एक** आवारा बेटे ने अपनी करतूत से खून के रिश्तों को एक बार फिर शर्मसार करने का काम कर दिया है। अपनी कारगुजारियों के चलते जमीन जायदाद से बेदखल होने का डर बेटे पर इस कदर हावी हुआ कि उसने अपने पिता की डण्डे से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर डाली। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सदरपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर में 4 मार्च को रामेश्वर प्रजापति की हत्या हो गयी थी। इसे लेकर थाने पर कत्ल का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

जांच के दौरानइसे लेकर थाने पर कत्ल का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने कुछ ऐसे सुराग पाए जो बेटे द्वारा ही पिता की हत्या किए जाने की ओर इशारा कर रहे थे। इसके बाद थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी बेटे ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल डण्डा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# सफाई कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार समाप्त

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी



**होली** में हुई घटना को लेकर बाल्मीकि समाज के माध्यम से सफाई का बहिष्कार किया गया था, अधिकारियों से बैठक के बाद नगर पालिका परिषद के सभी सफाई कर्मी आज कार्य बहिष्कार को समाप्त कर विधिवत रूप से सफाई कार्य मे लग गए तथा नगर की सफाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान अदा किया।

वहीं पुलिस ने होली के दिन हुई घटना में अमरेंद्र शुक्ला की तहरीर पर नामजद अभियुक्तों में जहां कल पुलिस ने दो लोगों को जेल भेजा, वहीं आज कृष्णा उर्फ कन्हैया, नीरज उर्फ जूड़ा तथा ओम बाल्मीकि को गिरफ्तार कर, घर में घुसकर तोड़फोड़, बलवा और हत्या के प्रयास की धाराओं में जेल भेजा है। अमरेंद्र शुक्ला की तहरीर पर चार नामजद और 10 से 15 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसमें 5 लोग गंभीर धाराओं में जेल भेजे जा चुके हैं। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह का कहना है कि विवेचना जारी है। बेवकूफ चोरों को जेल नहीं भेजा जाएगा। वही घटना में शामिल लोगों को किसी भी कीमत पर छोड़ा भी नहीं जाएगा।

# पेज एक का शेष

## आज के...

की जरूरतों के साथ जुड़कर अपना उत्पादन बढ़ा सकते हैं, जहां उन्हें कौशल एवं गुणवत्ता प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह सभी पक्षकारों के लिए फायदे की स्थिति होगी। कारपोरेट कंपनियों को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त होगा। बैंक के धन का इन योजनाओं में निवेश होगा। मोदी ने कहा कि इसका सरकार की योजनाओं पर व्यापक प्रभाव दिखेगा। प्रधानमंत्री ने सभी हितधारकों से छोटे कारीगरों को अपनी मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश के सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले इन लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है और बहुतों को पहली बार सरकार की योजनाओं का लाभ भी मिला है। उन्होंने कहा कि अधिकांश कारीगर दलित, आदिवासी, पिछड़े समुदाय के लोग और महिलाएं हैं और इन लोगों तक फायदा पहुंचाने के लिए व्यवहारिक रणनीति की जरूरत होगी।

## ईडी का...

के लिए जांच की जा रही है। ईडी ने शुक्रवार को लालू प्रसाद के पुत्र व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के दिल्ली स्थित परिसर सहित परिवार के सदस्यों के विभिन्न परिसरों पर छापा मारा। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाल ही में इस मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पति-पत्नी लालू प्रसाद और राबड़ी देवी से पूछताछ की थी। ऐसा आरोप है कि संप्रग सरकार में 2004 से 2009 में लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहते हुए, भारतीय रेल में नौकरी के बदले लोगों ने यादव परिवार और उनके सहयोगियों को भूखंड उपहार में दिए हैं या फिर उन्हें जमीनें सस्ते दाम पर बेचा है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए शनिवार को बुलाया था, लेकिन वह व्यक्तिगत कारणों से उपस्थित नहीं हो सके और नई तारीख देने का अनुरोध किया है। वहीं, ईडी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, छापों में अघोषित एक करोड़ रुपए नकद, 1,900 अमेरिकी डॉलर सहित विदेशी मुद्रा, सोने के 540 सिक्के, सोने के करीब 1.5 किलोग्राम गहने, जिनकी कीमत 1.25 करोड़ रुपए आंकी गई है, मिले। एजेंसी ने कहा, (लालू प्रसाद के) परिवार के सदस्यों के नाम वाले विभिन्न संपत्तियों के दस्तावेज, बिक्री दस्तावेज आदि सहित तमाम दस्तावेज, बेनामी संपत्ति के रिकॉर्ड मिले हैं जो अवैध तरीके से अर्जित भूखंडों की ओर संकेत करते हैं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिले हैं। केन्द्रीय एजेंसी ने कहा कि छापों के दौरान अभी तक अपराध के माध्यम से अर्जित करीब 600 करोड़ रुपए की संपत्ति का पता चला है जो 350 करोड़ रुपए की अचल और 250 करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति के रूप में है। विशेष रूप से तेजस्वी यादव का नाम लेते हुए ईडी ने कहा कि दक्षिण दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कालोनी में बना डी-1088 एक चार मंजिला बंगला है जो एबी एक्सपोर्टस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से है।

## नीतीश कुमार....

से सहमत हैं कि प्रसाद और उनके परिवार के खिलाफ सीबीआई और ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। यह 2017 में नीतीश के रूख से विपरीत है जब वह चाहते थे कि राजद भ्रष्टाचार के आरोपों पर पाक-साफ निकलकर आए। जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) नेता ने इन अटकलों को भी खारिज किया है कि नीतीश मुद्दे पर जानबूझकर चुप हैं, क्योंकि उन्हें भ्रष्ट राजनीतिक नेताओं का साथ देने पर अपनी ईमानदारी वाली छवि खराब होने की चिंता है और वह महागठबंधन से नाता तोड़ सकते हैं जिसमें राजद के अलावा कांग्रेस और वाम दल भी शामिल हैं।

## लोकतंत्र के...

ग्रैंड कमेटी रूम में विपक्षी दल लेबर पार्टी के भारतीय मूल के सांसद वीरेंद्र शर्मा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की थी। धनखड़ ने कहा कि यह उनका संवैधानिक कर्तव्य था कि दुनिया को बताएं कि भारत की संसद में माइक बंद नहीं किए जाते हैं। एक समय था जब यह किया गया था और वह एक काला अध्याय था जिसे हम आपातकाल कहते हैं, लेकिन यह अब संभव नहीं है। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि यह देखना दुखद है कि कुछ लोग कहते हैं कि देश में क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि कौन सा अन्य देश यह दावा कर सकता है कि उनकी न्यायपालिका बिजली की गति से काम करती है, लेकिन हमारा उच्चतम न्यायालय इस तरह काम करता है। धनखड़ ने कहा, हम दुनिया के सबसे कार्यात्मक लोकतंत्र हैं, कोई अन्य देश ऐसा दावा नहीं कर सकता है कि उनके पास पंचायत (जमीनी स्तर) से लेकर राज्य और केंद्र तक लोकतंत्र है। राय हो सकती हैं लेकिन यह (भारत का लोकतंत्र) जीवंत और कार्यात्मक है। गांधी ने ब्रिटेन की अपनी यात्रा के दौरान यह भी आरोप लगाया था कि मीडिया, संस्थागत ढांचे, न्यायपालिका, संसद सभी पर हमले हो रहे हैं। धनखड़ ने बृहस्पतिवार को एक किताब के विमोचन के दौरान भी गांधी पर माइक वाली उनकी टिप्पणी को लेकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, धनखड़ ने कहा, यह कितना अजीब है, यह कितना दुखद है कि दुनिया हमारी ऐतिहासिक उपलब्धियों और जीवंत लोकतंत्र को स्वीकार कर रही है तो हममें से कुछ, जिनमें सांसद भी शामिल हैं, समृद्ध लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण करने में लगे हैं। गांधी की टिप्पणी की आलोचना के लिए कांग्रेस ने धनखड़ पर पलटवार करते हुए कहा था कि राज्यसभा के सभापति एक अंपायर हैं और सत्तापक्ष के लिए चीयरलीडर नहीं हो सकते।

## संयुक्त राष्ट्र...

मामला उठाया जाता है, तो हमारे मित्र... हमारे दोस्त... हमारे... हमारे... पड़ोसी देश कड़ा और जोर-शोर से विरोध करते हैं और हकीकत से परे अपने आख्यान पर स्थिर रहते हैं और दावा करते हैं कि यह संयुक्त राष्ट्र का विवाद नहीं है और यह विवादित क्षेत्र नहीं है। भारत ने पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। इसके बाद से भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ गया है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से साफ कहा है कि अनुच्छेद 370 को रद्द करना उसका आंतरिक मामला है। उसने पाकिस्तान को भी वास्तविकता स्वीकार करने और भारत-विरोधी सभी दुष्प्रचार रोकने की सलाह दी है। जरदारी ने कहा, सच्चाई को सामने लाना हमारे लिए मुश्किल है, लेकिन हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह हर मौके पर और हर मंच पर फलस्तीन और कश्मीर के लोगों की स्थिति का जिक्र करने का प्रयास करते हैं, भले ही वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद हो या कोई अन्य कार्यक्रम। जरदारी ने कहा, मुझे लगता है कि आपने जो समानता बताई है, वह उचित है।

## आबकारी नीति...

लिए कहा था, लेकिन उन्होंने लंबे समय से अटके महिला आरक्षण विधेयक को संसद के बजट सत्र में पारित कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को यहां अनशन में शामिल होने के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के कारण नई तारीख देने का अनुरोध किया था। कविता को एजेंसी ने इसलिए बुलाया है, ताकि उनका सामना हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्रन पिल्लई से कराया जाए। पिल्लई को इस सप्ताह ईडी ने गिरफ्तार किया था। एजेंसी धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत कविता का बयान दर्ज करेगी। कविता ने हाल में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और उन्होंने आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार ईडी का इस्तेमाल कर रही है, क्योंकि भाजपा को तेलंगाना में पिछले दरवाजे से प्रवेश नहीं मिल सका। पिल्लई 12 मार्च तक ईडी की हिरासत में हैं और उन्हें 13 मार्च को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। पिल्लई रॉबिन डिस्टिलरीज एलएलपी नामक कंपनी में साझेदार हैं। ईडी ने दावा किया कि यह कंपनी तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी एवं विधान पार्षद के. कविता और अन्य से जुड़े कथित शराब कार्टल साउथ ग्रुप का प्रतिनिधित्व करती है। आरोप है कि साउथ ग्रुप ने अब निरस्त कर दी गई दिल्ली आबकारी नीति 2020-21 के तहत राष्ट्रीय राजधानी के बाजार में अधिक हिस्सेदारी हासिल करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को करीब 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। कविता से इस मामले में पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भी पूछताछ की थी। ईडी ने इस मामले में अभी तक दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आप नेता मनीष सिसोदिया समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दिल्ली सरकार की शराब कारोबारियों को लाइसेंस देने के लिए 2021-22 की आबकारी नीति से उद्यमियों को सांठगांठ करने का अवसर दिया गया तथा कुछ डीलरों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया, जिन्होंने इसके लिए कथित तौर पर घूस दी।

## सात दलों...

प्राप्त किए। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, अज्ञात स्रोतों से प्राप्त आय इन राजनीतिक पार्टियों के कुल आय का 66.04% है। उसके अनुसार, अज्ञात स्रोतों से प्राप्त आय में से 1,811.94 करोड़ (83.41% ) चुनावी बांड के माध्यम से प्राप्त हुई है। उसमें कहा गया है कि इन राजनीतिक पार्टियों ने वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट में अज्ञात स्रोतों से प्राप्त आय को दिखाया है, लेकिन उसमें आय की स्रोत का कोई जिक्र नहीं है। वर्तमान कानून के अनुसार, 20,000 रुपए से कम या चुनावी बांड के माध्यम से राजनीतिक दलों को दान देने वाले व्यक्ति या संस्था का नाम सार्वजनिक करने के लिए राजनीतिक दल बाध्य नहीं हैं। एडीआर के अनुसार, ऐसे अज्ञात स्रोतों में चुनावी बांड के माध्यम से चंदा, कूपनों की बिक्री, राहत कोष, फुटकर आय, स्वैच्छिक चंदा और बैठकों तथा मोर्चों से होने वाली आय शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में भाजपा ने अज्ञात स्रोतों से 1,161 करोड़ रुपए की आय बताई है जो राष्ट्रीय दलों को अज्ञात स्रोतों से हुई कुल आय का 53.45 प्रतिशत है। एडीआर ने बताया, भाजपा को प्राप्त आय अन्य छह राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित अज्ञात स्रोतों से कुल आय 1,011.18 करोड़ से 149.86 करोड़ ज्यादा है।

# निखत के पहुंचते ही खिदमत में जुट जाते थे जेल अधिकारी

**● वार्डन करता था कमरे की साजसज्जा का इंतजाम**

**● पैसों के दम पर जेल में चलता था माफिया का राज**

**संवाददाता।** चित्रकूट

**विधायक** अब्बास अंसारी और निखत बानो के मामले में होली के दो दिन तक जांच नहीं हो सकी। अब फिर से कार्रवाई शुरू हो गई है। एसआईटी को पूछताछ में पता चला है कि जेलर-डिप्टी जेलर निखत के आते ही गेट व बैरक के पास पहुंचते थे। इसके बाद चर्चित वार्डन कमरे तक लाने का काम संभालता था। जिला जेल मामले को लेकर विवेचना होली के बाद फिर से शुरू हो गई है। एसआईटी ने एक माह दस दिन का जेल गेट से लेकर विधायक अब्बास अंसारी के बैरक के पास लगने वाली ड्यूटी का विवरण एकत्र किया है। इसके बाद ड्यूटी वाले अधिकारियों व कर्मचारियों से पूछताछ की गई।

इसमें यह सामने आया कि जिस दिन निखत के जेल में आने का समय होता था, तो गेट व बैरक के पास पहले से तैनात ड्यूटी वाले अधिकारी-कर्मचारी के अलावा जेलर, चर्चित वार्डर व डिप्टी जेलर खुद गेट और बैरक के पास आ जाते थे। दस फरवरी को जिला जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के पुत्र विधायक अब्बास अंसारी से गैरकानूनी ढंग से मिलने के आरोप में उसकी पत्नी निखत बानो व सहयोगी



चालक नियाज को पकड़ा गया था। नियमों का उल्लंघन करने व आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी के बाद से एसटीएफ व एसआईटी की जांच जारी है। इसमें जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर, वार्डर के अलावा निखत का सहयोग करने वाले सपा नेता व कैंटीन सप्लायर को पुलिस विवेचना के आधार पर जेल भेज चुकी है। होली में दो दिन तक मामले की विवेचना नहीं हो सकी, लेकिन टीम अन्य संदिग्ध वार्डर व कर्मचारियों का डाटा एकत्र किया गया। उनके मोबाइल की जांच की गई है। उनके ड्यूटी वाले स्थान पर सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से जानकारी एकत्र की गई। बताया गया कि शुक्रवार को जांच टीम ने फिर से आगे की कार्रवाई शुरू की है। निखत के जेल में पति अब्बास से गैरकानूनी ढंग से मिलने के दौरान एक जनवरी से दस फरवरी के बीच तैनात कर्मचारियों का ड्यूटी चार्ट मांगा गया है। इन कर्मचारियों से पूरे मामले की जानकारी मांगी गई।

सूत्रों के अनुसार कुछ कर्मचारियों ने बताया कि उनकी अलग-अलग दिनों में ड्यूटी लगती थी। इन्होंने बताया कि जब निखत या विधायक से मिलने कोई अन्य गैरकानूनी तरीके से आता था, तो दो घंटे के लिए इन स्थानों पर जेल के कुछ विशेष डिप्टी जेलर, वार्डर पहुंच जाते थे। उनसे ड्यूटी पर चुप रहने की हिदायत दी जाती थी। इन कर्मचारियों ने खुद को बचाने का प्रयास किया, लेकिन इसमें हिस्सेदारी मिलने के सवाल पर चुप्पी साध ली। सूत्रों के अनुसार इनमें से कुछ ने बताया कि चर्चित वार्डर इस भूमिका में सबसे प्रमुख पार्ट निभाता था। जेल के चर्चित वार्डर जगमोहन का दबदबा ऐसा था कि शुक्रवार को जब पूछताछ हो रही थी, तो कई कर्मचारी उसका नाम लेने से कतरा रहे थे। कुछ ने स्पष्ट कहा कि उसे जरूर कोई राजनैतिक संरक्षण था इसके कारण जेल के अधिकारी भी उसकी बात मान जाते थे।

गौरतलब है कि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसके बारे में जांच टीम ने माना है कि जिस दिन डीएम एसपी का जेल में छापा पड़ा था उस दिन यही वार्डन विधायक अब्बास को डिप्टी जेलर के कमरे से लेकर बैरक में पहुंचा दिया था।

## क्विक न्यूज

### पुरोहित को नशेड़ियों ने पीट-पीट कर किया जख्मी

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के एक गेस्ट हाउस में विवाह संपन्न कराने आए पुरोहित पर रंग डालने का विरोध करने पर दबंगों ने मारा कर जख्मी कर दिया, डाक्टरों ने उसे गंभीर हालत में कानपुर इलाज के लिये रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र सुमेरपुर के ग्राम बिदोखर निवासी लखी पुत्र स्वर्गीय रामकिशोर गुप्ता व ग्राम सिकरी बांदा निवासी ज्योति पुत्री धर्मपाल गुप्ता का विवाह नगर के नेशनल मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में 10 मार्च को होना तय था जिसके चलते कन्या पक्ष के लोग शाम को ही गेस्ट हाउस पहुंच गए तभी विवाह संपन्न कराए कराने आए गेस्ट हाउस के बाहर घूम रहे पंडित मिथलेश शुक्ला को वहां बैठे लोंली के एक ओर शराबी बैठे युवकों ने पंडित के ऊपर रंग डालने का प्रयास किया तो पंडित ने इसका विरोध करते हुए नाराजगी जाहिर की तो आरोपियों ने गाली गलौच करते हुए पंडित के साथ जमकर मारपीट की जिसमें उसके गंभीर चोटें आईं यह देख गेस्ट हाउस में मौजूद लोगों ने 112 पुलिस को बुला लिया जिस पर पुलिस को देख आरोपी इधर उधर हो गए। पुलिस ने घायल पंडित से अपना इलाज कराने के साथ-साथ पुलिस से शिकायत करने को कहा तो कन्या पक्ष के कुछ लोग घायल मिथलेश को लेकर कोतवाली जा रहे थे तभी नेशनल मार्ग पर दबंगों ने उनका रास्ता रोक पुनः मिथिलेश को मारा पीटा जिस पर वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल में नाजुक हालत में मुख्यालय रेफर कर दिया गया। कोतवाली पुलिस ने चार अज्ञात दबंगों के खिलाफमामला दर्ज कर ली। कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा न मामले में आरोपियों के खिलाफकठोर कार्यवाही करने की बात कही है।

### हादसे में प्रधानाचार्य दंपत्ति के पुत्र की मौत

**फर्रुखाबाद ।** हादसे में प्रधानाचार्य दंपत्ति के युवा पुत्र हिमांशु शाक्य उर्फपिंटू की मौत हो गई । हिमांशु नगर के मोहल्ला राजीव गांधी नगर निवासी पूर्व प्रधानाचार्य जानकी प्रसाद शाक्य का पुत्र था। बताया गया कि पिंटू परसों बुलेट बाइक द्वारा कादरी गेट ओपी लान के निकट से गुजर रहा था।उसी समय किसी वाहन की टक्कर लगने से पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे लोहिया अस्पताल से रेफर कराकर लखनऊ ले जाया गया थाए वहां पिंटू वेंटिलेटर पर था। पिंटू ने आज सुबह करीब 7 बजे अंतिम सांस ली। यह जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पिंटू अपने पीछे पत्नी के अलावा एक पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया है। पूर्व प्रधानाचार्य जानकी प्रसाद शाक्य ग्राम सरैया में पुत्र हिमांशु के साथ एन जी ओ चलाते थे।जानकी प्रसाद की पत्नी जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हुई है। पिंटू के शव का आज सायं पांचाल घाट पर दाह संस्कार किया गया।

### जीआरपी ने भारी मात्रा में गाँजा के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**मानिकपुर, चित्रकूट।** जीआरपी पुलिस ने शनिवार को गश्त के दौरान ट्रेन के माध्यम से गांजे की तस्करी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। जीआरपी पुलिस ने युवक के कब्जे से 18 किलो 450 ग्राम गाँजा बरामद किया है। शनिवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक जीआरपी दिलीप मिश्रा की अगुवाई में प्लेटफार्म पर गश्त कर रही टीम के एसआई प्रेम प्रकाश, हेड कांस्टेबल इकरार अहमद, कॉन्स्टेबल प्रभात कुमार को रेलवे प्लेटफार्म नंबर चार सतना आउटर के करीब एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर ट्रॉली बैग लेकर भागता नजर आया, इस पर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की और तलाशी के दौरान पुलिस को उसके बैग से 18 किलो 450 ग्राम गांजा प्राप्त हुआ। जीआरपी पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपी सत्यम सिंह पुत्र गयाशंकर गौतम निवासी सुकुलपुर थाना मेजा जिला प्रयागराज को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेजने की कार्यवाही की है।

### अभिषेक ने बटोरीं सुर्खियां

लखनऊ। ट्विटर पर अभिषेक अस्थाना ने हाल ही में अपने सुडोनॉमस सोशल मीडिया ऐप हुड के लिए शार्क टैंक पर उपस्थिति के साथ खूब सुर्खियां बटोरीं। सत्यबामा इंस्टीट्यूट ऑफसाइंस एंड टेक्नो लॉजी से बीटेक स्ना तक और पुणे के सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफबिजनेस मैनेजमेंट से एमबीए करने वाले अभिषेक के पास ब्रांड प्रबंधन, कंटेंट क्रिएशन और उद्यमिता में काफी अनुभव है।अभिषेक हुड में चीफऑपरेटिंग ऑफिसर हैं और मार्केटिंग, प्रॉडक्ट और कंटेंट का काम देखते हैं। काम सौंपने की उनकी क्षमता और छद्म नाम से खाता चलाने का व्यावहारिक अनुभव उन्हें एक असाधारण उद्यमी बनाता है।

### महिलाएं विकास की महत्वपूर्ण कड़ी

**जालौन (उरई)।** महिला चौकी में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारी और महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला कल्याण टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं के लिए आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में महिला चौकी प्रभारी रानी गुप्ता ने कहा कि महिलाएं विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं वह अपने अधिकारों को नहीं जानती है और प्रताड़ना का शिकार होते रहती हैं। इस कार्यक्रम को आयोजित किए जाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। जिससे वे समाज की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में अपने आपको शामिल पाएं। महिला रिसोर्स पर्सन साधना त्रिपाठी ने कहा कि महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, महिलाओं के विरूद्ध अपराध के संबंध में प्रावधान, प्रसव पूर्व और प्रसव धारण पूर्व निवारक तकनीक, लिंग चयन अधिनियम, महिला बंदियों के अधिकार, विवाह पंजीयन आदि से संबंधित जानकारी दी। विधि परिवीक्षा अधिकारी संध्या झा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए विधिक रूप से जागरूक होना जरूरी है। विधिक अज्ञानता के कारण अक्सर महिलाएं अपने अधिकारों से वंचित हो जाती हैं। महिलाओं को पुरुषों के समान पारिश्रमिक प्राप्त करने, लैंगिक समानता, संपत्ति में बराबरी का अधिकार, मताधिकार, कामकाजी महिलाओं को मातृत्व संबंधी लाभ का अधिकार और कार्यस्थल पर छेड़छाड़ अथवा यौन उत्पीड़न से संरक्षण जैसे कानूनी अधिकार प्राप्त हैं।

### व्यापारियों के होली मिलन समारोह में उड़े रंग-गुलाल

**फतेहपुर।** आदर्श व्यापर मण्डल एवं वितरक संघ द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें फूलों की होली, फाग आदि संगीत कार्यक्रम हुए। इस मौके पर प्रदेश के पूर्व मंत्री नकुल दुबे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ ही खागा विधायक कृष्णा पासवान भी पहुंची। आयोजक संघ अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने सभी का स्वागत करते हुए संगठन द्वारा व्यापारी हितो में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर जमकर रंग - गुलाल उड़े और मुंह मीठा कराकर एक दूसरे को बधाई दी गई। प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा, व्यापारी नेता अनिल सिंह, साजन गुप्ता, शमीम अहमद, ब्रजेश सोनी (जिला अध्यक्ष), रज्जन वैश्य, अकरम खान, इमरान, अनीश, सुबोध शुक्ल, प्रीती श्रीवास्तव, सोनी साहू, सीमा आदि मौजूद रहीं।

### कांच पीकर युवक ने किया जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के आधारपुर गांव में 22 वर्षीय नव युवक ने जंगल मे जाकर पिसा हुआ कांच पी लिया। जानकारी होने पर परिजनों में हड़कम्प मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने नव युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र ने आधार पर गाँव निवासी शिवराम का 22 वर्षीय पुत्र बिमलेश ने किन्ही कारणों वस जंगल जाकर पिसा हुआ काँच पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी तो किसी तरह काँच पीने की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरन्त सरकारी एम्बुलेंस से विमलेश को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने हालात गम्भीर देख उसको कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

## वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को लेकर वृहद बैठक का आयोजन



**संवाददाता।** चित्रकूट

**वीरांगना** रानी दुर्गावती जी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम हेतु एक बृहद बैठक का आयोजन दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन की उपस्थिति में महर्षि वाल्मीकि परिसर कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां, सतना में किया गया ।जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक राम बेटा कुशवाहा, सह विभाग कार्यवाह लक्ष्मीकांत , पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री मध्यप्रदेश रामखेलावन पटेल, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश शासन चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, सांसद सतना गणेश सिंह, रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा , चित्रकूट बांदा – सांसद आर के सिंह पटेल, त्योंथर विधायक श्याम लाल द्विवेदी, जितेंद्र सिंह एम एल सी हमीरपुर, नगर पंचायत अध्यक्ष चित्रकूट सुश्री साधना पटेल के अलावा दीनदयाल शोध संस्थान के समस्त प्रकल्पों के प्रभारियों के साथ–साथ विभिन्न जिलों के भाजपा जिला अध्यक्ष, समाजसेवी, विचार परिवार के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधियां व मझगवां विकास खंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रमुखों तथा ग्रामीण जनों की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। बैठक में दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने सभी अतिथियों के समक्ष कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना एवं रूपरेखा का प्रस्तुतिकरण कर कार्यक्रम को और बेहतर बनाने हेतु सुझाव मांगे।

## बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों की लापरवाही उजागर

# हमीरपुर समेत 25 जिलों के बीएसए व डीआईओएस से जवाब-तलब

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर

**बेसिक** शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक के छात्र छात्राओं की समस्त रिपोर्ट यू डायस में अंकित न कराने पर शासन ने हमीरपुर जिला समेत 25 जिलों के बीएसए व डीआईओएस से जवाब तलब किया है।

शासन के सख्त आदेश है कि कक्षा एक से लेकर इंटरमीडिएट के समस्त छात्र छात्राओं की उनके निवास, परिवार की पूरी प्रगति रिपोर्ट यू डायस में अंकित कराना आवश्यक है। बेसिक शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनन्द ने जनपदों के डीआईओएस व बीएसए को भेजे गये पत्र में कहा है कि हमीरपुर जनपद में 2 लाख 47 हजार 380 छात्र–छात्राओं की रिपोर्ट पंजीकृत है करानी थी जिसमे शासन ने कई मर्तवा समस्त जिलों के बीएसए व डीआईओएस को पत्र भी लिखा था जिस पर अभी तक केवल 4028 छात्रों की रिपोर्ट यू डायस में दर्ज की गई है।

अभी भी 2 लाख 43 हजार 88 छात्रों की रिपोर्ट यू डायस में दर्ज नहीं की गई है। 98 प्रतिशत रिपोर्ट यू डायस में अंकित न होने पर शासन ने नाराजगी जताते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना जायसवाल व जिला विद्यालय निरीक्षक केके ओझा के अलावा बलिया,औरैया,प्रतापगढ़,बस्ती महाराजगंज,गोंडा,गोरखपुर,फतेहपुर,लखनऊ,देवरिया,अलीगढ़,संतकबीरनगर,आजमगढ़,उन्नाव,मीरजापुर,अंबेडकरनगर,जौनपुर,हमीरपुर,झांसी,मोरादाबाद,बांदा,संभल,सीतापुर,मऊ,खीरी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने सात दिनों के अंदर सभी से जवाब मांगा है। शिक्षाधिकारियों का कहना है कि बच्चों की प्रगति रिपोर्ट यानी स्टूडेंट्स प्रोफाइल देने की जिम्मेंदारी प्रधानाचार्य व खंड शिक्षाधिकारियों की होती है।

मगर इन लोगों ने समय से रिपोर्ट नहीं भेजी है। जिससे यू डायस में रिपोर्ट दर्ज कराने से बच्चों के विकास व उसको कौन कौन सी योजनाओं का लाभ मिल रहा है इसकी रिपोर्ट शासन को प्राप्त हो जाती है उसी आधार पर बच्चों के विकास के लिये अन्य योजनाएं तैयार की जाती है। यू डायस की रिपोर्ट देने में हमेशा हमीरपुर जिला पीछे रहा है इसके लिये पहले भी कई बीएसए पर कार्यवाही की जा चुकी है। इधर जब से कल्पना जायसवाल ने कार्यभार संभाला तब से विभाग की स्थिति ज्यादा दयनीय हो गयी है। इसके लिए कई बार पत्र जारी किया जा चुका है। बताया जाता है कि शासन ने स्पष्ट कहा है कि पच्चीस जिलों की हालत बहुत ही दयनीय है। इन जिलों में 98 फीसदी काम नही किया गया है। कारण बताओं नोटिस जारी होने से अफसरों में हडकंप मचा है। इसके पहले

# फतेहपुर में मिनी औद्योगिक स्थान योजना बनी माखौल

**संवाददाता।** फतेहपुर

**● प्रभारी मंत्री को इसी योजना से दिए गए थे 72 प्लाट**

**● योगी सरकार भी नहीं गंभीर, विभागीय जिम्मेदारों पर लग रहें गंभीर आरोप**

**● सरकार के दबाव में मंत्री ने लौटाए भूखण्ड**

**मिनी** औद्योगिक अस्थान योजना का जनपद में कोई पुरसाहाल हाल नहीं हैं। इसी योजना के तहत तत्कालीन समाजवादी पार्टी सरकार में सूबे के मौजूदा कैबिनेट मंत्री राकेश सचान (प्रभारी मंत्री) को 72 प्लाटो की सौगात दी गई थी, यह अति महत्वाकांक्षी योजना जिले में अंतिम सांसे गिन रही है, कुछ सिस्टम के जिम्मेदारों की अदूरदर्शिता और कुछ राकेश सचान सरीखे लाभार्थियों ने इस योजना का माखौल बनाकर रख दिया हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि उद्योग विभाग की भी इस मद में कोई खास रुचि नहीं रहीं। यह मामला चर्चा में आने के बाद बढ़े दबाव के चलते राकेश सचान ने चकहाता के सभी भूखंडों को विभाग को लौटा दिया है। संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने इसकी पुष्टि की है।

उल्लेखनीय है कि लगभग चार दशक पूर्व कांग्रेस शासन काल में सूबे में मिनी औद्योगिक अस्थान योजना को अमल में लाया गया था, इसे तत्कालीन मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में लांच किया गया था। जनपद में 19 स्थानों पर इस योजना के तहत् भू–खण्ड चयनित हुए थे और इसके लिए मोटी रकम भी आवंटित हुईं थी, जिसके भी बड़े पैमाने पर दुरुपयोग की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है! इस योजना पर जनपद के तत्कालीन सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री रहे स्व. हरिकृष्ण शास्त्री काफी गंभीर थे और उन्होंने लगभग सभी स्थानों का दौरा भी किया था जिन 19 स्थानों पर इस योजना के तहत् भू आवंटन हुआ था, उनकी देख– रेख के लिए बाकायदे चौकीदारों की नियुक्ति भी हुई थीं, किन्तु जिम्मेदारों की अदूरदर्शिता के चलते यह बड़ी योजना अपने उद्देश्य पर खरी नहीं उतर सकी! अब सबंधित प्लाट किस हाल में है इसके बारे में भी विभाग के पास कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। कई जगहों पर तो अवैध कब्जों की भी बात कहीं जा रही है! बताते चलें कि लगभग एक दशक पूर्व जब जिले के सांसद राकेश सचान थे, क्योंकि उनका ताल्लुक सत्तारूढ़ दल (समाजवादी पार्टी) से था, इसलिए उनके सारे जायज–नाजायज मामलों में किसी की भी टीका–टिप्पणी महत्वहीन होती थी। इसी दौरान इन्हीं भू खण्डो में से राकेश सचान के नाम 72 प्लाटों का आवंटन किया गया, इतना ही नहीं उनसे निर्धारित न्यूनतम शुल्क भी पूर्व नहीं जमा कराया गया। राकेश सचान 2014 में लोकसभा का चुनाव हार गए बावजूद इसके उनका सियासी प्रभुत्व स्थानीय विभागीय अधिकारियों पर बरकरार रहा! 2019 में वे कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लडे और उनका प्रचार करने दो बार प्रियंका गांधी आईं फिर भी उन्हें पचास हजार वोट भी नहीं मिल पाए। विगत विधान सभा चुनाव के दरमियान राकेश सचान ने अपने हाई प्रोफाइल संबंधों के दौरान भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व स्तर पर सेटिंग की और पार्टी में शामिल होते ही पड़ोसी जनपद की एक सीट से विधायकी का टिकट हासिल कर लिया और विधायक बनते ही योगी सरकार में केबिनेट मंत्री का सीट हासिल कर ली।

# पीएम मत्स्य संपदा योजना में अपात्रों को लाभ पर भड़के मंत्री

**● कार्यकर्ताओं की शिकायत पर जनपद में आकर सुनीं समस्याएं**

**● जांच में दोषी मत्स्य अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**निषाद** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश, डॉक्टर संजय निषाद ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को न देकर अपात्र व्यक्तियों को लाभ देने की शिकायत से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने उक्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि मत्स्य अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती गई है, उसकी जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य योजना अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ही लाभान्वित किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद ने कहा कि मत्स्य विभाग द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिया जाए अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मत्स्य विभाग को बेहतर बनाने के लिए इस विभाग को अलग से बनाया है जिससे निषाद समाज के लोगों का उत्थान हो सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मछुआरे समाज के लिए मत्स्य कल्याण बोर्ड की स्थापना की है जिसमें 70 साल से दबे, कुचले एवं अंग्रेजों, मुगलों द्वारा उत्पीड़न किया गया है, उनके उत्थान के लिए योजना बनाई गई है। जिससे उनके गांव में लाइब्रेरी कम्युनिटी हॉल के साथ–साथ जिनके मकान नदियों की वजह से उजड़ गए हैं उनको प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाए जाएंगे साथ ही दुर्घटनाओं में घायल बीमारियों के लिए कल्याण बोर्ड के द्वारा धनराशि देकर उनका बेहतर इलाज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें सशक्त बनाने के लिए ट्रेनिंग सेंटर की खोले जाएंगे जिससे उनको ट्रेनिंग दी जा सके और विभाग के जरिए अनुदान देकर अपना कारोबार कर सकें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग दीपमाला सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में महिला समेत पांच लोग घायल

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र में हुई अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित पांच घायल सभी घायलों को लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बा स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जिनमें दो की हालत चिंताजनक होने पर सघन इलाज हेतु जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। डीहा डेरा निवासी धर्मपाल 27 वर्ष पुत्र राधेश्याम अपने ही गांव के श्याम 16 वर्ष पुत्र रमेश के साथ बाइक में सवार होकर बीती शाम मौदहा से अपने गांव की ओर जा रहे थे। सड़क में क्रासिग लेते समय बाइक अनियंत्रित होकर बाइक स्लिप कर गई।जिन्हें लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया वही दूसरी घटना अर्चना भवानी निवासी अपने ही घर में सीढ़ियों से गिर गई जिसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया वही संतोष 35 वर्ष पुत्र राम आसरे सिसोलर निवासी रात के समय अपने खेतों की ओर जा रहा था जो सड़क में बाइक स्लिप हो जाने से घायल हो गया लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी की हुई मौत

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**मोहम्मदाबाद** कोतवाली क्षेत्र में आज एक कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पति. पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र एवं कस्बा में शिवाजी नगर निवासी संतोष कुमार शर्मा उर्फ संजू उम्र करीब 45 वर्ष की कस्बे में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है जोअपनी पत्नी उर्मिला उम्र करीब 38 वर्ष के साथ आज शनिवार को एक मोटरसाइकिल से कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सकवाई के समीप कोल्ड स्टोरेज के पास स्थापित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने के लिए गए थे।

इसके बाद यहां से पतिएपत्नी अपनी मोटर साइकिल से करीब 7रू30 जब अपने घर वापस लौट रहे थेए तभी कोतवाली क्षेत्र में बेवर. बरेली हाईवे पर सकवाई हवाई पट्टी के सामने बेवर की ओर से तेज रफ्तार वाली आ रही है कार की चपेट में आने सेए मोटर साइकिल सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल इन दोनों पति पत्नीको समीपवर्ती मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया,सरकारी चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार चौबे ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटना करने वाली कार को अपने कब्जे में ले लिया तथा मृतक पति पत्नी का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाने की कार्रवाई की।

## हत्या के आरोप में स्मैकिया पुजारी के बेटे समेत 3 लोग हुए गिरफ्तार

**संवाददाता।** बाँदा

**पुलिस** लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी अभिनंदन सिंह ने एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाने के लिए वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने का अभियान चलाया जा रहा है गत दिवस देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महोखर में राम जानकी मंदिर के पुजारी सद्गुण का शव उनके नए बने मकान के अंदर से बरामद हुआ था एसपी लक्ष्मी निवास मिश्र वाक्य श्री गजेंद्र पाल गौतम के मार्गदर्शन में कोतवाली निरीक्षक मिथिलेश कुमार एसआई पवन तिवारी और उनकी टीम हत्या आरोपियों की तलाश में जुटी थी शव बरामद होने के 30 घंटे के अंदर हत्या में शामिल बुजुर्ग पुजारी के पुत्र विपिन तिवारी व उसके गांव के दो साथियों काम था और राजू को गिरफ्तार किया गया कड़ाई से पूछताछ पर हत्या आरोपी पुत्र ने बताया कि जिसमें जांच के क्रम में मृतक के पुत्र विपिन तिवारी से जांच अधिकारी ने सख्ती से पूछताछ की विपिन ने बताया कि मैं स्नेक और शराब पीता था नशा करता था इसके लिए वह अपने पिता से पैसे मांगता था जिसको लेकर पिता से उसका अक्सर विवाद होता था जिसके चलते वारदात की है परचून की दुकान में तैयार की थी जोशना पिता से विवाद को लेकर परचून दुकान के गांव के ही काम था तिवारी व राजू कुशवाहा ने पूर्व नियोजित तरीके से शत्रुघ्न की जमीन कब जाने के उद्देश्य विपिन तिवारी को शराब पिलाई थी और इस बीच कामता ने उससे कहा था कि तुम्हारा राजू कुशवाहा से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और तुम्हारे पिता और तुम से आए दिन पैसे को लेकर विवाद होता है यह जो तुम चाहो तो तुम्हारा राजू कुशवाहा से जमीन का विवाद भी हल हो जाएगा और तुम्हारे पिता की सारी संपत्ति भी तुम्हें मिल जाएगी इसके लिए तुम्हें अपने पिता को रास्ते से हटाना होगा उस दिन विपिन वहां से घर चला आया था उसके बाद घटना की रात बुधवार को काम था वह राजू ने विपिन को खूब शराब पिलाई पुन: वही बात कही।

## मौरम से भरे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, महिला की हुई मौत

**कानपुर देहात रूरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम भटौली चौराहे पर मौरम से भरे एक टैक्टर ने बाइक सवार लोगों को टक्कर मार दी। घटना में बाइक पर सवार महिला की अस्पताल लाते समय मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार 5 वर्षीया बच्ची एवम् बाइक चालक घायल हो गए। ग्राम इंदलपुर लालू थाना रसूलाबाद निवासी अभिषेक पुत्र राकेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि वह अपनी मां सुशीला देवी पत्नी राकेश कुमार के साथ शुक्रवार को अपने फूफा धीरज कुमार तिवारी निवासी भटौली के यहां आयोजित मुंडन एवं सुन्दर काण्ड पाठ समारोह में शामिल होने आए थे वहां से अपनी छोटी बुआ नीतू तिवारीपत्नी आत्माराम तिवारी ग्राम भटौली के घर चला गया था। शनिवार की सुबह मां सुशीला देवी 55वर्ष बच्ची अनन्य के साथ बाइक से जब धीरज कुमार तिवारी के घर वापस लौट रहा था तभी रूरा की ओर जा रहे मौरम से लदे पावर ट्रैक टैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे सुशीला देवी पत्नी राकेश कुमार टैक्टर के पहिए के नीचे दब गई जबकि बच्ची अनन्या सड़क पर जा गिरी और तेज रफ्तार टैक्टर की ट्राली के नीचे आ गई और पुत्र अभिषेक घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल सुशीला देवी को आनन फानन में रिश्तेदार लाद कर रूरा अस्पताल लाए जहां सुशीला देवी की मौत हो गई। घटना स्थल पर मौजूद मृतका सुशीला देवी की ननद नीतू पत्नी आत्माराम तिवारी के पुत्र राम जी तिवारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद टैक्टर चला रहे मनोज कुशवाहा निवासी किशुनपुर ने दुर्घटना वाले टैक्टर को लेकर भागने का प्रयास किया।

# मकान निर्माण के दौरान मिले चांदी के 279 सिक्के

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**उरई** तहसील क्षेत्र के ग्राम व्यासपुरा में बीती शाम जब गृहस्वामी दिनेश कुशवाहा अपने मकान का निर्माण कराने के लिये मजदूरों से खुदाई करा रहे थे उसी दौरान जमीन से एक भारी संख्या में चांदी के सिक्के व चार कड़े मिलने की खबर पूरे गांव ही नहीं आसपास के गांवों में जंगल में लगी आग की तरह फैल गयी।

मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम सदर व कोतवाल जालौन गांव में पहुंचे जहां सभी चांदी सिक्कों व चारों कड़ों को अपने कब्जे में लेकर पुरातत्व विभाग की निगरानी में कोषागार में जमा करा दिये गये। इसके साथ ही मकान निर्माण के लिये नींव खुदाई पर भी रोक लगा दी गयी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बरहा के मजरा व्यासपुरा निवासी दिनेश कुशवाहा पुत्र रघुनंदन लाल शुक्रवार की शाम अपना प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिये नींव की खुदाई मजदूरों से करवा रहे थे उसी दौरान एक मजदूर ने दिनेश कुशवाहा को बताया कि नींव खुदाई में मिट्टी का घड़ा दिखायी दे रहा था इसके बाद दोनों मौके पर पहुंचे जहां दिनेश ने अपने सामने खुदाई शुरू करायी और कुछ ही देर में खुदाई दौरान मिट्टी का घड़ा फूट गया और चांदी के सिक्के मिट्टी में बिखर गये। यह नजारा देखकर मजदूर व दिनेश कुशवाहा हक्के बक्के रह गये। जब तक दोनों चांदी के सिक्कों के बारे में कुछ सोच पाते पूरे गांव में यह खबर फैल गयी कि दिनेश कुशवाहा के मकान में खुदाई के दौरान खजाना निकला है इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा होनी शुरू हो गयी। तभी किसी ने मकान खुदाई के दौरान चांदी के सिक्के मिलने की जानकारी जालौन कोतवाली पुलिस को दी तो तत्काल जालौन कोतवाल पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे उसी दौरान सदर एसडीएम राजेश सिंह भी गांव में पहुंचे जहां उन्होंने मकान की नींव खुदाई में मिले सभी सिक्के व कड़े अपने कब्जे में ले लिये।

जब उक्त संबंध में एसडीएम सदर राजेश सिंह से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि दिनेश कुशवाहा के नाम प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था जिसके निर्माण के लिये वह नींव की खुदाई करा रहा था जहां 279 चांदी के सिक्के व चार कड़े मिले है जिसमें दो सफेद धातु व दो तांबे के है।

### आजादी के पूर्व से ही व्यासपुरा में रह रहा है कुशवाहा परिवार

**उरई।** व्यासपुरा गांव में मकान की नींव खुदाई के दौरान दिनेश कुशवाहा के मकान में चांदी के सिक्के मिलने के बाद उसके भाई कमलेश कुशवाहा से मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि उनके पिता 1941 में अंग्रेजी शासनकाल में पकड़े गये थे जिन्हें फतेहगढ़ कारागार भेज दिया गया था जहां से उनके पिता जब देश को आजादी मिले तब 1947 में उन्हें फतेहगढ़ कारागार से रिहा किया गया था तभी से उनका परिवार व्यासपुरा गांव में रह रहा है।

# बखमुट के आगे रूस की राह आसान नहीं

## रूस को मिली बढ़त पर बड़ी कीमत चुकानी होगी : ब्रिटेन

भाषा। कीव



**रूसी बलों ने** अग्रिम मोर्चे के अहम केंद्र बखमुट में बढ़त हासिल की है, लेकिन इस बढ़त के फायदों को नुकसान उठाए बिना कायम रखना मुश्किल होगा। ब्रिटिश सेना के अधिकारियों ने शनिवार को अपने आकलन में यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि पूर्वी यूक्रेन में जारी रूसी अभियान में बखमुट महीनो से प्रमुख लक्ष्य रहा है और इसकी वजह से रूस को नुकसान हुआ है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने ट्विटर पर दी गई अद्यतन जानकारी में बताया कि क्रेमलिन नियंत्रित अर्धसैनिक वागनर समूह ने पूर्वी बखमुट के अधिकतर हिस्सों को अपने नियंत्रण में ले लिया है और शहर के बीच से बहने वाली नदी अब नया अग्रिम मोर्चा है। हालांकि, अद्यतन जानकारी में कहा गया कि वागनर बलों के लिए आगे बढ़ना बहुत ही चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि यूक्रेन ने नदी पर बने अहम पुल को ध्वस्त कर दिया गया है और यूक्रेनियाई निशानेबाज पश्चिम में बनी इमारतों की छत पर तैनात हैं व सामने मैदान की खाली पट्टी मृत्यु स्थल में तब्दील हो गई है। इस बीच, रूसी सेना के ब्लॉगर और अन्य क्रेमलिन समर्थक टेलीग्राम अकाउंट से शुक्रवार को दावा किया गया कि रूसी सेना पश्चिमोत्तर बखमुट स्थित धातु प्रसंस्करण संयंत्र में प्रवेश कर चुकी है।

## मोल्दोवा में सरकार गिराने की कोशिश कर रहा है रूस : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया अधिकारियों ने कहा है कि रूसी खुफिया एजेंसी से ताल्लुक रखने वाले लोग मोल्दोवा सरकार को गिराने की मंशा के साथ प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि खुफिया जानकारी से पता चलता है कि रूस के खुफिया तंत्र से जुड़े कुछ लोग मोल्दोवा की नई पश्चिम समर्थक सरकार के खिलाफ विद्रोह भड़काने के लिए देश में प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं। मोल्दोवा को पिछले साल जून में यूरोपीय संघ में शामिल होने के लिए उम्मीदवार का दर्जा दिया गया था। उसी दिन युद्धग्रस्त यूक्रेन को भी यह दर्जा दिया गया था। किर्बी ने कहा कि खुफिया जानकारी से पता चलता है कि रूसी तत्व मोल्दोवा में प्रदर्शन भड़काने में मदद करेंगे और प्रदर्शनकारियों को प्रशिक्षण देंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कहा कि वह गलत सूचना देने के रूस के अभियान और अन्य षड्यंत्रों को उजागर करना चाहता है ताकि सहयोगी देश मॉस्को के इरादों को स्पष्ट तौर पर जान सकें और रूस कोई अभियान चलाने से पहले दो बार सोचे। व्हाइट हाउस ने यह खुफिया जानकारी तब दी है जब बाइडन का यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वोन देर लेएन से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

# ताइवान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच चीनी सेना ने युद्धकालीन कानून पर जोर दिया : रिपोर्ट

भाषा। बीजिंग

**चीनी सेना** ताइवान को लेकर अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए युद्धकालीन कानून लाने पर जोर दे रही है। मीडिया में आई एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। हांगकांग के समाचार पत्र साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार चीनी संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के प्रतिनिधियों ने वर्तमान सत्र के दौरान इस तरह का कानून लाने का आह्वान किया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के पास एनपीसी में पीएलए के प्रतिनिधियों की पर्याप्त संख्या है। खबर के अनुसार पीएलए के एक प्रतिनिधि (डिप्टी) ए डबिन ने कहा, हमारी युद्धकालीन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, (हमें) समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से युद्धकालीन कानून का अध्ययन किया जाना चाहिए। शानदोंग प्रांत सैन्य जिले के कमांडर झांग लाइक ने सुझाव दिया कि चीन को इस तरह के कानूनों को लाए जाने पर जोर देना चाहिए। दक्षिणी थिएटर कमान के पूर्व कमांडर युआन युबाई ने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कानूनों का अध्ययन किया जाना चाहिए। ताइवान जलडमरू मध्य और दक्षिण चीन सागर को लेकर बढ़े तनाव के बीच उनकी यह टिप्पणी आई है। अमेरिकी सेना और खुफिया अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि 2027 की शुरुआत में ताइवान को लेकर संघर्ष हो सकता है।

## कॉलेज परिसर में गोली चलने के बाद लॉकडाउन

**पोर्टलैंड।** मैने के एक कॉलेज मे छात्रों के आवासीय परिसर में वार्षिक पार्टी के दौरान गोली चलने के बाद शनिवार सुबह कॉलेज परिसर मे लॉकडाउन लगा दिया गया। कोल्बी कॉलेज की ओर से कहा गया कि मैने के वाटरविले में अल्फ्रेड सीनियर अपार्टमेंट मे झगड़े के दौरान गोली चलने से कोई छात्र घायल नही हुआ। कॉलेज का कहना है कि संदिग्ध कॉलेज का नही था और पुलिस जांच कर रही है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक विमान का रंग नीला और सफेद ही रहेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन की जगह आ रहे नए विमान का भी रंग नीला और सफेद ही रहेगा। यह नया विमान चार साल मे मिलने की उम्मीद है। एयर फोर्स ने शुक्रवार देर रात कहा कि आधुनिक 747 विमान के नए मॉडल मे आसमानी रंग पहले के मुकाबले थोड़ा गहरा होगा। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विमान का बाहरी रंग लाल-सफेद और नीला रखने का फैसला किया था, लेकिन राष्ट्रपति जो बाइडन ने इसे बदल दिया। समीक्षा के दौरान यह पता चला कि गहरे रंग से लागत बढ़ जाएगी और विमानो की आपूर्ति मे देरी होगी। बोइंग अपने 747-800 विमानों में बदलाव कर रहा है, जिनका इस्तेमाल अमेरिकी राष्ट्रपति विदेश यात्रा के दौरान करते है। ए बोइंग के पुराने हो चुके 747-200 विमानों का स्थान लेंगे, जिनका अभी राष्ट्रपति इस्तेमाल करते है। एयर फोर्स ने कहा कि नए विमानो में से एक की आपूर्ति 2027 मे होनी है। इसके बाद दूसरा विमान 2028 मे मिलने की उम्मीद है।


## यमन के दोनों पक्षों ने कैदियों की अदला-बदली पर वार्ता शुरू की

**काहिरा।** युद्धग्रस्त यमन के विभिन्न गुटो ने संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता मे कैदियो की अदला-बदली के लिए हुए समझौते को लागू करने के लिए शनिवार को बातचीत शुरू की। संयुक्त राष्ट्र ने यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा मान्यता प्राप्त यमन की सरकार और हूती विद्रोहियो के बीच स्विट्जरलैंड में बातचीत हो रही है। बातचीत की सह अध्यक्षता यमन के लिए संयुक्त राष्ट्र के दूत हैन्स ग्रंडबर्ग और अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस समिति कर रही है। ग्रंडबर्ग ने दोनों पक्षों से अपील की है कि वे गंभीर वार्ता करें और आगामी चर्चा मे अधिक से अधिक कैदियों को रिहा करने पर सहमत हों। गौरतलब है कि यमन में गृहयुद्ध ने वर्ष 2014 में उस समय विकराल रूप लिया जब ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने राजधानी सना और देश के अधिकतर उत्तरी हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया।

# ली किआंग बने चीन के नए प्रधानमंत्री

● राष्ट्रपति शी के करीबी विश्वासपात्र हैं

भाषा। बीजिंग



**चीन की संसद** ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग के विश्वासपात्र ली किआंग की देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति की शनिवार को पुष्टि की। उन पर कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए लगाए सख्त तीन साल तक लगाए गए लॉकडाउन और पश्चिम के साथ बिगड़ते संबंधों से प्रभावित दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने का जिम्मा होगा। वह ली खछ्यांग (67) का स्थान लेंगे, जो पिछले 10 साल से देश के प्रधानमंत्री पद पर काबिज रहे। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के वार्षिक सत्र में ली किआंग की उम्मीदवारी पर मुहर लगा दी गई। राष्ट्रपति शी ने खुद उनके नाम का प्रस्ताव दिया था। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार के अनुसार, हालांकि, शी के बरक्स उनका चुनाव सर्वसम्मति से नहीं हुआ। एनसीपी के 2,947 में से 2,936 सदस्यों ने उनके नाम का समर्थन किया, जबकि तीन ने उनके खिलाफ मतदान किया और आठ सदस्य मतदान से दूर रहे। मतदान के बाद शी ने ली किआंग को प्रधानमंत्री नियुक्त करते हुए एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके बाद उन्होंने संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। बाद में राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित संक्षिप्त वीडियो क्लिप में शी को किआंग के साथ हाथ मिलाते हुए देखा गया। उन्होंने ली खछ्यांग से भी हाथ मिलाया और उन्हें विदाई दी। राष्ट्रपति पद की दौड़ में 2012 में शी के साथ एक दावेदार रहे ली खछ्यांग ने पिछले साल सेवानिवृत्त होने का फैसला कर लिया था। वह भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक कार्रवाई तथा सत्ता पर पकड़ मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति के दबाव से नाखुश बताए जाते हैं। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्रियों के मुकाबले कम शक्तिशाली प्रधानमंत्री माना जाता है। शी के करीबी लोगों में कारोबारी समर्थक नेता कहे जाने वाले ली किआंग (63) सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) तथा सरकार में दूसरे नंबर के अधिकारी होंगे। इससे पहले राष्ट्रपति के तौर पर शी के अभूतपूर्व तीसरे कार्यकाल पर शुक्रवार को मुहर लगी थी। पार्टी के संस्थापक माओ त्से-तुंग के बाद शी (69) इकलौते नेता हैं, जिन्हें दो से अधिक बार पांच साल का कार्यकाल मिला है।

## ईरान-सऊदी अरब वार्ता की मेजबानी के पीछे कोई छिपी मंशा नहीं : चीन

**बीजिंग।** चीन ने ईरान और सऊदी अरब की बातचीत की मेजबानी करने के पीछे कोई छिपी हुई मंशा होने से शनिवार को इनकार किया और कहा कि वह पश्चिम एशिया में किसी निर्वात को भरने की कोशिश नहीं कर रहा है। उल्लेखनीय है कि ईरान-सऊदी अरब के बीच हुई वार्ता में दोनों देशों ने राजनयिक संबंध स्थापित करने पर सहमति जताई और इसकी घोषणा शुक्रवार को की गई। दोनों देशों द्वारा सात साल बाद एक दूसरे देश में अपने दूतावास दोबारा खोलने के फैसले को चीन की अहम कूटनीतिक जीत मानी जा रही क्योंकि खाड़ी देशों का मानना है कि पश्चिम एशिया में अमेरिका अपनी उपस्थिति कम कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने अज्ञात प्रवक्ता के हवाले से बताया कि चीन का कोई स्वार्थ नहीं है और वह इलाके में भूराजनीतिक प्रतिस्पर्धा का विरोध करता है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन संवाद और विचार विमर्श के जरिए, विवादों को सुलझाने और क्षेत्र में स्थाई शांति व स्थिरता कायम करने के लिए पश्चिम एशियाई देशों का समर्थन करना जारी रखेगा।

# कैलिफोर्निया में गुरुद्वारे पर हमले की साजिश रचने को लेकर भारतीय मूल का सिख नेता गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में कई लोगों को गोली मारने और एक गुरुद्वारा को आग के हवाले करने के लिए कथित तौर पर भाड़े पर बदमाशों को रखने का प्रयास करने को लेकर भारतीय मूल के 60 वर्षीय एक सिख व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया में आई खबरों में यह बताया गया है। गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी खालसा दरबार को कथित तौर पर निशाना बनाने और संपत्ति को आग के हवाले करने को लेकर बेकर्सफील्ड सिटी काउंसिल के पूर्व उम्मीदवार राजवीर राज सिंह गिल को चार मार्च को गिरफ्तार किया गया। खबर में कहा गया है कि गिल के आवास पर अधिकारियों ने तलाशी वारंट तामील किया था, जिसके बाद उसे छह आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। बेकर्सफील्ड पुलिस विभाग ने कहा कि गिल ने गुरुद्वारा को आग के हवाले करने और अपने साथ विवाद वाले लोगों को गोली मारने के लिए, कुछ लोगों को रकम की पेशकश करने की कोशिश की थी। गिल ने 2022 में सिटी काउंसिल वार्ड 7 का चुनाव मनप्रीत कौर के खिलाफ लड़ने की कोशिश की थी। कौर चुनाव जीत गई और वह बेकर्सफील्ड सिटी काउंसिल के लिए निर्वाचित पहली सिख पंजाबी महिला है।

## श्रीलंका ने भारत से मिली आर्थिक मदद का इस्तेमाल विद्यार्थियों के लिए किताबें खरीदने में किया

**कोलंबो।** श्रीलंका ने भारत से मिली सौ करोड़ डॉलर की सहायता में से एक करोड़ डॉलर की राशि का इस्तेमाल अपने 40 लाख विद्यार्थियों के लिए लगभग आधी पाठ्य पुस्तकों को मुद्रित करने के लिए किया है। यहां भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारत ने श्रीलंका को उसके आर्थिक संकट से निपटने में मदद के लिए अपनी आर्थिक सहायता के हिस्से के रूप में पिछले साल उसे सौ करोड़ डॉलर की ऋण सहायता की घोषणा की थी। उच्चायोग ने कहा कि खाद्य, ईंधन, दवाओं, औद्योगिक कच्चे माल सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति के लिए भारत सरकार द्वारा मार्च 2022 में श्रीलंका सरकार को सौ करोड़ अमेरिकी डॉलर की रियायती ऋण सुविधा प्रदान की गई थी।

# सिएटल के बाद टोरंटो में पहुंचा लोगों का विरोध

भाषा। वाशिंगटन

● जातिगत भेदभाव को प्रतिबंधित किए जाने के बाद में भी मुद्दा गरमाया

**सिएटल में** जाति आधारित भेदभाव को प्रतिबंधित किए जाने के बाद अब कनाडा के टोरंटो में भी यह मुद्दा गरमाया हुआ है, जहां एक धड़ा जातिगत भेदभाव का विरोध कर रहा है, लेकिन दूसरा धड़ा इस प्रकार के प्रतिबंध के खिलाफ है। सिएटल पिछले महीने जाति आधारित भेदभाव को प्रतिबंधित करने वाला अमेरिका का पहला शहर बन गया। भारतीय-अमेरिकी नेता क्षमा सावंत ने सिएटल सिटी काउंसिल में भेदभाव न करने की नीति में जाति को शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिसे पारित कर दिया गया है। उच्च जाति की हिंदू नेता सावंत के प्रस्ताव को सिएटल के सदन यानी सिटी काउंसिल में एक के मुकाबले छह मतों से पारित किया गया। अमेरिका में जाति आधारित भेदभाव के मामले पर इस मत परिणाम के दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। जातिगत भेदभाव संबंधी प्रस्ताव को टोरंटो जिला स्कूल बोर्ड (टीडीएसबी) के सामने विचार-विमर्श के लिए रखा गया, लेकिन बोर्ड ने 30 मार्च को इसे ओंटारियो मानवाधिकार आयोग के पास समीक्षा के लिए भेज दिया। बोर्ड ने कहा कि उसे इस मामले में विशेषज्ञता प्राप्त नहीं है। सिएटल की सिटी काउंसलर सावंत ने टीडीएसबी सदस्यों को लिखे एक पत्र में कहा, इस प्रस्ताव पर यदि हां में जवाब आता है, तो यह टोरंटो में सभी स्कूली छात्रों के हित में होगा। छात्र शैक्षणिक माहौल में कई प्रकार से जातिगत भेदभाव का अनुभव कर सकते हैं।

# अफगानिस्तानः पत्रकारों के पुरस्कार समारोह में विस्फोट, एक की मौत

● आठ घायल

भाषा। जलालाबाद (अफगानिस्तान)

**अफगानिस्तान** के मजार-ए-शरीफ शहर में पत्रकारों के लिए शनिवार को आयोजित एक पुरस्कार समारोह के दौरान हुए बम विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। बल्ख पुलिस के लिए तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने बताया कि बल्ख प्रांत की राजधानी मजार-ए-शरीफ के ताबियान फरहंग केंद्र में पूर्वाह्न 11 बजे पुरस्कार समारोह के लिए पत्रकार एकत्र हुए थे, तभी यह विस्फोट हो गया। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल नफी ताकोर ने कहा कि पांच पत्रकार और तीन बच्चे घायल हो गए। उन्होंने कहा कि विस्फोट में एक सुरक्षा कर्मी की मौत हो गई। इससे दो दिन पहले मजार-ए-शरीफ में बम धमाके में एक प्रांतीय गवर्नर सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी और चार घायल हो गए थे। घायलों में आर्याना न्यूज टेलीविजन चैनल का रिपोर्टर नजीब फरयाद शामिल है। फरयाद ने कहा कि उन्हें महसूस हुआ कि जैसे उनकी पीठ में कोई चीज आकर लगी। इसके बाद एक जोरदार



आवाज हुई और वह जमीन पर गिर गए। इस हमले की अभी किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़ा क्षेत्रीय संगठन इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्रोविंस तालिबान का अहम प्रतिद्वंद्वी है। तालिबान ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा किया था, जिसके बाद से इस संगठन के हमले बढ़े हैं।

## अमेरिकी सांसद ने चीन सरकार को खून की प्यासी और सत्ता के लिए भूखी बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सदन की एक विशेष समिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष ने वाशिंगटन में चीनी दूतावास के बाहर एक रैली में शुक्रवार को बीजिंग सरकार को खून की प्यासी और सत्ता के लिए भूखी बताया। रिपब्लिकन सांसद माइक गैलाघर चीन के शासन के खिलाफ 1959 के तिब्बत के असफल विद्रोह की याद में आयोजित इस रैली में शामिल हुए। यह रैली ऐसे वक्त में की गई जब अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ रहा है। तिब्बती समुदाय के सदस्यों से बातचीत में गैलाघर ने कहा कि वह आजादी और संस्कृति के लिए लड़ाई में उनके साहस को पहचान देना चाहते हैं। उन्होंने तिब्बती लोगों को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सांस्कृतिक नरसंहार का पीड़ित बताया। वे जरा भी नहीं बदले।

# फंगल संक्रमण से खास तौर से सुरक्षित हैं घड़ियाल

● मनुष्यों के लिए दवाई बनाने में मिल सकती है मदद

भाषा। मेलबर्न



धरती पर लाखों वर्षों से घड़ियालों की विभिन्न प्रजातियां निवास कर रही हैं और अपनी इस यात्रा में उन्होंने बेहद खास तरीके की रोग प्रतिरोधी क्षमता विकसित कर ली है जो उन्हें दलदलों और अन्य जलस्रोतों में अपने ठिकानों में मौजूद हानिकारक सूक्ष्मजीवों से बचाव करने में मदद करती है। नेचर कम्युनिकेशन्स में हाल में प्रकाशित हमारे अध्ययन में खारे पानी के घड़ियालों में मिलने वाले सूक्ष्मजीवरोधी प्रोटीन डिफेंसिन्स पर शोध किया गया है। यह प्रोटीन घड़ियालों में संक्रामक बीमारियों से लड़नेबचाव में मुख्य भूमिका निभाता है। जैसे-जैसे एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए और प्रभावी इलाज की हमारी जरूरत भी बढ़ रही है। क्या इन घड़ियालों में मिलने वाला डिफेंसिन्स प्रोटीन इन सवालों का जवाब बनेगा और जीवन रक्षक दवाएं विकसित करने में मददगार होगा? डिफेंसिन्स क्या है? डिफेंसिन्स पौधों और पशुओं में बेहद कम मात्रा में बनने वाला प्रोटीन है। पौधों में सामान्य तौर पर डिफेंसिन्स फूलों और पत्तों में बनता है जबकि पशुओं (जीवों) में यह श्वेत रक्त कणिकाओं और म्युकस झिल्लियों (फेफड़े और आंतों की झिल्लियों) में बनता है। इनकी भूमिका संक्रामक सूक्ष्मजीवों को मारकर शरीर की रक्षा करना है। पौधों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों में मिलने वाले डिफेंसिन्स का अध्ययन करने पर पता चला है कि वे बीमारियां फैलाने वाले तमाम सूक्ष्मजीवों से लड़ सकते हैं।

### घड़ियालों के डिफेंसिन्स में खास क्या है ?

गंदे पानी मे रहने के बावजूद घड़ियालो को बिरले ही संक्रमण होता है, जबकि शिकार करने और अपने-अपने क्षेत्रों पर अधिकार की लड़ाई के दौरान वे अक्सर घायल होते है। यह बताता है कि घड़ियालो की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत है। हम और बेहतर तरीके से समझना चाहते है कि इन मुश्किल भरी जगहो पर उनकी रक्षा करने के क्रम मे समय के साथ-साथ डिफेंसिन्स का विकास कैसे हुआ। खारे पानी के घड़ियालों के जीनोम का अध्ययन करने के क्रम में हमें एक खास डिफेंसिन्स सीपीओबीडी13 का पता चला जो कैंडीडा एलबीकान्स नामक फंगस को प्रभावी तरीके से मार सकता है। कैंडीडा एलबीकान्स दुनिया भर मे मनुष्यों मे फंगस से होने वाली बीमारियो का मुख्य कारक है। हालांकि, पहले भी कुछ पौधों और पशुओं के डिफेंसिन्स को कैंडीडा एलबीकान्स को मारते हुए देखा गया है, लेकिन सीपीओबीडी13 का इस फंगस को मारने का तरीका इसे खास बनाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सीपीओबीडी13 अपने आसपास के वातावरण के पीएच के आधार पर अपनी गतिविधियों का स्व-नियमन कर सकता है। उदासीन पीएच (जैसे, रक्त का पीएच) मे डिफेंसिन्स अक्रिय रहता है। लेकिन, संक्रमण की जगह पर पहुंचते ही वह सक्रिय हो जाता है और संक्रमण से लड़ने लगता है क्योंकि वहां का पीएच निम्न और अम्लीय होता है। डिफेंसिन्स मे ऐसी गतिविधि पहली बार देखी गई है। हमारी टीम ने एक्स-रे क्रिस्टेलोग्राफी प्रक्रिया का उपयोग करके सीपीओबीडी13 की संरचना का पता लगाकर उसकी गतिविधियो को खोजा।

## भारतवंशी नर्स ब्रिटेन की स्वास्थ्य सेवा की वर्चुअल वार्ड्स योजना को दे रही है बढ़ावा

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन में सरकार** द्वारा वित्तपोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के लिए काम करने वाली भारतीय मूल की एक नर्स वर्चुअल वार्ड्स की नई योजना को बढ़ावा दे रही हैं। योजना के तहत मरीजों को वीडियो या फोन के माध्यम से घर में ही अस्पताल जैसी देखभाल प्रदान करने में मदद की जाती है जिससे गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए अस्पताल के बिस्तर खाली रख पाते हैं। मर्सी केयर्स क्लिनिकल टेलीहेल्थ हब में क्लिनिकल टीम की प्रमुख नर्स निशा जोस ने कहा कि कार्यक्रम ने चिकित्सकीय देखभाल को पूरी तरह से बदल दिया है और बीमार होने पर घर का आराम चाहने वाले रोगियों के लिए यह बहुत जरूरी आश्वासन है।

## दो भारतीय-अमेरिकी व्यापार नीति एवं वार्ता सलाहकार समिति में नामित

**वाशिंगटन। अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने दो भारतीय-अमेरिकी नागरिक फ्लेक्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेवती अद्वैती और नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल के सीईओ मनीष बापना को व्यापार नीति एवं वार्ता की सलाहकार समिति के लिए शुक्रवार को नामित किया। बाइडन ने शुक्रवार को 14 लोगों को सलाहकार समिति में नियुक्त करने का संकेत दिया।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्रधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत M/s Panchsheel Buildtech Pvt. Ltd. भूखण्ड संख्या–जीएच–01ए, सेक्टर–16 ग्रेटर नोएडा पर (Group Housing Project) का अधिभोग प्रमाण पत्र हेतु दिनांक 17.10.2022 को ऑनलाईन आवेदन संख्या–सीसी–5553 के माध्यम से (Tower-E1, E2, E3, E4, E5, 16 Villas & Commercial) आवेदन किया गया है। तत्क्रम में U.P. Apartment Act-2010, Amendment 2016 in Section-4 Sub Section-B के अन्तर्गत परियोजना के आवंटियों से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्रावधान है। इस संबंध में विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत कार्यपूर्ति मानचित्र एंव Declarations of UP Apartment Act 2010 परीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:30 से सांय 6 बजे के मध्य नियोजन विभाग में तथा प्रधिकरण की वैबसाईट पर किया जा सकता है।

अतः उपरोक्त परियोजना के आंवटियो द्वारा Completion Map एंव Declarations of UP Apartment Act 2010 के संम्बन्ध में सूचना प्रकाशित करने के 30 दिनों के अन्दर आपत्तिया / सुझाव आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त के निहितार्थ अपनी आपत्तिया लिखित से अपने आवंटन पत्र, नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या–1, नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नौएडा में स्थित प्रभारी महाप्रबन्धक नियोजन को सम्बोधित करते हुए सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों के अन्दर जमा करायी जा सकती है।

प्रभारी महाप्रबन्धक (नियो0/वास्तु0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी है पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL4CNA1501, | DL1CP5128, | HR03F6006, |
| DL4CAJ0930, | UP16X0143, | DL4SZ3520, |
| DL4CG8152, | DL9SE8020, | DL6SV4784, |
| DL3CBA1527, | DL2SL7906, | DNE0359, |
| DL3CAY3382, | MH15AE9237, | DL4SN5799, |
| SB308IN280147, | DL4CND0985, | DL4SAQ4856, |
| JTNBE40K- | RJ23RA3297, | DL4SAY4198, |
| 603137912, | DL8CNB2722, | DL6SM4977, |
| WVWB11606- | DL3CS7255, | HR12E2095, |
| BT043133, | DL2CAG0731, | DL4SAG5258, |
| DL3CAS3215, | DL4SBJ4625, | DL4SAU4621, |
| DL7CF2108, | DL4SC1638, | DL4SNA0938, |
| DL3CT3111, | DL8SZ1650, | DL4SNA1170, |
| DL7CF4634, | DL6SJ4237, | DL6SQ8775, |
| DL3CN1477, | DL4SAB6672, | DL8SL6478, |
| DL8CN8092, | DL4SAM4611, | DL6SX7071, |
| DL2CP0943, | DL8SAL0303, | DL8SS2284, |
| HR02AH8158, | DL8SAE9162, | DL8SJ2193, |
| DL8CR0652, | DL8SX0965, | DL8SAC2552, |
| DL9CQS3160, | DL1SK0690, | DL8SB9083, |
| DL8SAE4258, | DL5SX0685, | DL6SK5983, |
| DL2S2258, | HP12B8448, | DL3SG3856, |
| DL1SN3057, | UP78BB3492, | DL6SK3758, |
| DL8SP2637, | DL8SAF9387, | MP04NU4795, |
| DL4SBH8123, | DL9ST7257, | DL8CQ1390, |
| DL6SA6469, | RJ071M9141, | DL7CE6831, |
| DL4SBB3107, | DL4SAF5142, | DL7CC4630, |
| DL4SAD9782, | DL6SX6236, | DL4CU6945, |
| DL8SF6781, | DDN2988, | DL7CK5563, |
| DL8SF3735, | DL1SJ4866, | DL9CF2828, |
| DL5CF1329, | DL6SW1204, | DL9CM2181, |
| DL2CAG9272, | RJ06CB1905, | DL3SAJ4070, |
| DL4CAH4123, | DL3SAT4758, | DL1S7516, |
| DL1CS0632, | DL8SV1951, | DL8SF8207, |
| DL2CQ1368, | DL8SAH3512, | DL4SBH3355, |
| DL5CD5436, | CH03E6312, | DL8SD2209, |
| CG10DA0270, | DL2SE0243, | DL6SF9087, |
| DL2CAG9585, | DL8SW9123, | DL4ST0887, |
| DL7SAK7598, | DL3SZ2821, | DL4SAX3788, |
| DL8SAF8473, | UP78BD4109, | DL4SAN4683, |
| DDZ4799, | DL8SAE9053, | DL8SM2741, |
| DL6SY6706, | DL5SU4393, | DL8SR7654, |
| HR26AM9711, | DDF3725, | PB11Y9752, |
| DL8SG6761, | DL7SAZ4206, | DL5SM1268, |
| DL4SBF1089, | DL5SW4092, | DL4SAN0922, |
| DL4SAQ2196, | DL4SU4181, | DL4SBF4100, |
| DL8SAG6421, | DL7SAY5373, | UP86D6484, |
| DL6SX3855, | DL7SAS3855, | DL1CP2899, |
| DL3CAQ8434, | DL7SP1647, | DL3CBM6011, |
| DL4CND1782, | DL5SG5695, | DL3CBE0635, |
| DL2CS1814, | DL5SM6781, | TMBBGC3U- |
| DL4SJ7962, | DL7SAX1761, | 66A300200, |
| DL2CAD5558, | DL5SR8905, | DL5CD5881, |
| DL9CB3171, | DL5SQ5551, | MALAM51B- |
| DL9CL1084, | DL7SW8723, | LBM055887, |
| DL5CB7164, | DL7SAX0969, | DL7SV6541, |
| DL4CNC1957, | DL6ST3525, | DL4SQ9104, |
| DL5CE3789, | DL7SY5059, | DL4SW6450, |
| DL9CM7291, | DL5SR5587, | DL4SBF0576, |
| DL2CAE0104, | DL4SAG7336, | DL4SZ1890, |
| DL1CL9048, | DL7SN5004, | DL6SF3320, |
| 01M41M01788, | DL5SJ9425, | DL6SE5565, |
| DL8SAB7978, | DL7SAE8702, | DNM3777, |
| DL7SAE2284, | DL5SV8074, | DL4SAU2118, |
| DL8SQ8799, | DL5SQ9565, | UP07H4489, |
| DL5SS0815, | DL7SZ1232, | DL4SAC1273, |
| DL6SJ0513, | UP80AK5534, | DL4SBF4458, |
| DL5ST3306, | DL8CX0029, | DL4SAB6863, |
| DL7SAK6779, | DL4SAA9095, | DL3SE9511, |
| DL7SV8275, | DL8SR6503, | DL4SAC5325, |
| MP44BA7927, | DL4SAQ4732, | DL8SAQ1004, |
| DL3SAY0100, | HR06AA4049, | DL8SH6654, |
| DL6SJ0334, | HR36J2123, | RJ14CP1690, |
| DL7SZ3163, | DL4CND2612, | DL9CAB8226, |
| DL1SP0630, | DL7SAD0408, | DL4CL2134, |
| DL13SA1130, | DL8SAD4077, | HR51AH3960, |
| DL3SAV2932, | DL4SNB1899, | DL8SAF5949, |
| DL5SP2969, | DL4SBE9451, | DL9SU1298, |
| PB10AW8597, | DL8SAK6321, | DL8SAJ2178, |
| DL5SN7186, | DL9CK7351, | DL8SS7946, |
| DL3SV6400, | HR51AU7453, | DL1SA0921, |
| DL5SQ3182, | DL2CAA1857, | DL8SL9409, |
| DL7SZ7297, | DL9CAB8748, | DL8SV2279, |
| UP82F4787, | RJ14CQ5636, | DL8SAD8295, |
| DL7SQ2137, | DL6SU4517, | DL8ST8887, |
| DL13SA4327, | DL4SM1940, | DL6SL7817, |
| DL5SX3592, | DL4SW9820, | DL8SAJ5506, |
| DL5SR1463, | DL4SBE2562, | DL4SAU0295, |
| DL7SBB2709, | DL4SAM0196, | DL8SAE6827, |
| 02H21C29692, | DL1SH3752, | DL4SY1261, |
| DL13SA1358, | DL3SY0312, | DL6ST6750, |
| DL5SV6359, | DNK2571, | DL6SF9873, |
| GJ3JJ6353, | DL9SQ1561, | DL1SM9514, |
| DL5SV7899, | DL9SS0774, | HR05G8140, |
| DBH4172, | DL2SK3246, | DL9SQ5949, |
| DL13SA2987, | DL4SBE6028, | HR19B3191, |
| DL5SQ4204, | DL4ST2820, | HR20L5334, |
| DL1SC1836, | DL4SR5448, | CH03R6050, |
| DL5SM9177, | DL4SAN1518, | KA03MJ1749, |
| DL5SX3367, | PB04AD1434, | DL4CAE8237, |
| PB02AT4664, | MH16R541, | DL3CAR1608, |
| DL8SNA5562, | DL7CC6136, | HR20X3922, |
| DL6SZ6534, | DL4CM4747, | DL8CNB6427, |
| DL5SL9585, | DL3CAJ4789, | DL6SQ3424, |
| DL4SZ3275, | DL3CAK6280, | DL3ST7207, |
| DL8SU2978, | DL4CAL1266, | DL4ST8005, |
| DL2SA3832, | DL7C8790, | DL4SBF5623, |
| DL8SK4115, | DL4CS9024, | DL8SAH3653, |
| HR05U6494, | PB10GK2806, | DL4SAW9428, |
| DL8SZ5876, | DL7CK6210, | DL8SAC1527, |
| DL8SQ4524, | DL7CF5345, | DL4SAP2949, |
| DL9SS4450, | DL8CR1659, | DL4SBJ2582, |
| DL2CAH3353, | DL2CH0640, | DL4SBF2626, |
| KA01MC1942, | MAT600433- | DL6ST7625, |
| DL2CAH2260, | CPB11117, | DL4SAS8104, |
| DL9CM5600, | UP94V1106, | DL1SG0468, |
| DL8CNB1681, | MH02AY9440, | DL8SAH1659, |
| DL4CAA9932, | UK14E1630, | DL7SAG3752, |
| MALAB51GR1 | DL3SAZ0324, | DL8SZ0855, |
| M171265, | DL8SN4820, | HR03F5646, |
| DL3CAQ3129, | HR05N1760, | DL1SM7595, |
| 475IDI03, | DL8SL9753, | UP93C0358, |
| DL3CBE1562, | DL8SAE6595, | DL8SP4126, |
| DL3CBF0463, | DL4SAU3019, | UP11H2059, |
| DL2CAH2841, | DL8SU5532, | DL4SY4780, |
| DL2CAH2994, | DL5SY1223, | UP323324, |
| DL7CD2545, | DL4SV4438, | DL8SP2202, |
| DL2CAF8333, | DL4SAF9678, | DL4SAU8008, |
| DL7CE6093, | DL6SF0461, | DL7CF5538, |
| DL7CE8784, | DL4SC0739, | PB02EE2496, |
| DL7SA4038, | DL4SAY4344, | DL2CAJ0742, |
| DL8SU9906, | DL6SP3124, | DL9SJ4065, |
| DL7SAQ7243, | JH01L9602, | DL5SX0822, |
| DL7SAP4707, | DAK1194, | DL1CL1943, |
| DL7SH7738, | DL4SAP0171, | UP15AU3314, |
| DL7SAP8770, | DL3CAL5958, | DL7CJ1566, |
| DL7SJ2975, | DL1LH0271, | DL8SAE1198, |
| DL8SW5096, | DL4SAU0190, | DL8SAB0688, |
| DL3CBR9151, | DL8SAE9044, | HR19B2463, |
| DIS8673, | DL8SU2031, | DL4SAP0165, |
| DL1SG2271, | HR12AE0803, | UP730368, |
| DL5SM3542, | DL3CAL5774, | DL4SL5194, |
| UP74B0379, | DDS3346, | DL4ST7968, |
| DL7SAT1228, | DL8SY4883, | DL4SBF0594, |
| DL1SJ0088, | DL4SBK3761, | DL5SY1732, |
| DL5SL3628, | DL8SZ2867, | DL4SM9440, |
| DL5SQ7074, | DL6ST2478, | DL9SB8999, |
| DL5SL6393, | DL8SAN3243, | UP81S8987, |
| DL5SV3271, | DL4ST6826, | DL4SAU4741, |
| DBH1251, | DL1YC4022, | DL4SAY0730, |
| DL7SV2053, | DL2CAE0213, | DIE3735, |
| DL8SZ3740, | DL4SZ2495, | DL4SAK9037, |
| UP135624, | DL9SN6822, | MH02AD3834, |
| DL3SA7346, | DL7SV1175, | DL4SAY0542, |
| DL7SW3675, | KL01AH2783, | DL4SAG7627, |
| DL7SAX1019, | DL4SBF3934, | DL4SV6901, |
| DL5SG9521, | DL9SQ9575, | DL3CBW1245, |
| DL5SQ4290, | DL3SAK1633, | DL9SG3107, |
| DL7SZ3494, | DL4SAJ5051, | DL4SBE7952, |
| DL5SJ5170, | HR26S0370, | DL4SBG0734, |
| DL7SN9632, | DL4SBF2686, | DL4SBE0109, |
| DL8SAD8431, | DL4SAX0243, | DL4SBD7817, |
| DL4SY0022, | DL9SQ8265, | DL8SM6674, |
| DL4SAB3008, | KA05EJ6549, | DND4013, |
| DL8SAJ8322, | DL8SAJ7407, | DL4SAA3607, |
| DL8SU4408, | DL6SF2181, | DL6SJ0920, |
| DL8SAN2178, | DL4SAQ7152, | DL4SBF0913, |
| DL8SAG1399, | DL4SAA4153, | DL6SW0465, |
| DL1SH6823, | DL6SAB7831, | DL4SBG4095, |
| DL8SS2940, | DL4SAQ3301, | UP16Q4089, |
| DL6SF4505, | MH15BK0976, | DL4SBF3295, |
| DL4SY5727, | DL4SAB9093, | DLZ9159, |
| DL8SU6540, | DL9CR1398, | DNK1756, |
| DL9CS1351, | DL2CN6055, | DL4SAG4626, |
| DL11C3000, | DL3CJ9093, | DL4SNB3507, |
| MAT607161 | JH09F0911, | DL4SAM2603, |
| CWF31288, | MA3ECA12- | DL4SAH6282, |
| UP12N4657, | S02645314, | DL4SAP1784, |
| DL7CH0466, | HR20Z5231, | PB69D6758, |
| UP16N9833, | DL4SAN5760, | DL4SAU8319, |

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 12 मार्च, 2023



# बुजुर्ग व दिव्यांग अब घर से डाल सकेंगे वोट

- 80 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए विकल्प
- कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव में शुरू होगी सुविधा



भाषा। बेंगलुरु

**निर्वाचन आयोग** ने शनिवार को कहा कि उसने कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनावों में 80 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और दिव्यांगों के लिए घर से मतदान (वोट-फ्रॉम-होम) की सुविधा शुरू की है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पहली बार निर्वाचन आयोग 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को यह सुविधा देने जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारी टीम फॉर्म-12डी के साथ ऐसे मतदाताओं के पास जाएगी। उन्होंने कहा, हालांकि हम 80 साल से अधिक उम्र के लोगों और इस सुविधा का लाभ नहीं लेने वाले लोगों को मतदान केंद्र पर आने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कुमार ने कहा कि इस संबंध में गोपनीयता बरती जाएगी और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन सक्षम शुरू किया गया है, जिसमें वे लॉगिन कर सकते हैं और मतदान करने की सुविधा का चयन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक अन्य मोबाइल एप्लिकेशन, सुविधा विकसित की गई है, जो उम्मीदवारों के लिए नामांकन और शपथ पत्र दाखिल करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल है। कुमार ने कहा, उम्मीदवार बैठकों और रैलियों की अनुमति लेने के लिए सुविधा पोर्टल का भी उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के लाभ के लिए अपने उम्मीदवार को जानें (केवाईसी) नामक एक अभियान भी शुरू किया है। कुमार ने कहा, राजनीतिक दलों को अपने पोर्टल और सोशल मीडिया मंच पर मतदाताओं को सूचित करना होगा कि उन्होंने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार को क्यों चुना और चुनाव लड़ने के लिए टिकट क्यों दिया। उन्होंने कहा कि आयोग ने चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए किसी के लिए भी ई-विजिल मोबाइल एप्लिकेशन पेश किया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 224 निर्वाचन क्षेत्रों वाले राज्य में अनुसूचित जाति के लिए 36 सीट और अनुसूचित जनजाति के लिए 15 सीट आरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि यहां 5.21 करोड़ मतदाता हैं जिनमें 2.59 महिला मतदाता हैं। चुनाव की संभावित तिथि के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह 24 मई से पहले कराया जाना है, जब मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। कुमार चुनाव तैयारियों की समीक्षा करने के लिए राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। कर्नाटक में कितने चरणों में चुनाव होंगे, इस पर उन्होंने कहा कि यह आयोग का विशेषाधिकार है और यह सुरक्षा बलों की उपलब्धता, परीक्षा और त्योहारों जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। उन्होंने चुनाव के दौरान पक्षपात करने वाले अधिकारियों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे चुनाव के दौरान धन बल का दुरुपयोग न हो, यह सुनिश्चित करने के वास्ते अपनी प्रणाली के माध्यम से निगरानी रखें।

# धार्मिक स्थलों पर हमले सहन नहीं करेगा ऑस्ट्रेलिया

- अल्बनीज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया आश्वासन

भाषा। नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलिया के** प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी को आश्वासन दिया कि ऑस्ट्रेलिया धार्मिक स्थलों पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसी गतिविधियों के लिए जो भी जिम्मेदार होगा उसे कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ऑस्ट्रेलिया में हाल में मंदिरों पर हमलों की घटनाओं को लेकर अल्बनीज से साझा की गई चिंताओं के एक दिन बाद उनकी (अल्बनीज की) यह टिप्पणी आई है।अल्बनीज ने कहा, मैंने उन्हें (प्रधानमंत्री मोदी को) आश्वासन दिया कि ऑस्ट्रेलिया एक ऐसा देश है जहां लोगों की आस्था का सम्मान किया जाता है और वह धार्मिक इमारतों पर, चाहे वे हिंदू मंदिर हों, मस्जिद हों या चर्च हों, किसी भी तरह के हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच एक त्रिपक्षीय सुरक्षा व्यवस्था ऑकस पर जानकारी दी। भारत की अपनी तीन दिवसीय यात्रा समाप्त करने से पहले,अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलियाई पत्रकारों के एक समूह से कहा, मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि ऑस्ट्रेलिया एक ऐसा देश है जो लोगों की आस्था का सम्मान करता है और धार्मिक स्थलों पर हमलों को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में इसका कोई स्थान नहीं है। और, हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पुलिस और अपनी सुरक्षा एजेंसियों के माध्यम से हर संभव प्रयास करेंगे कि जिम्मेदार लोगों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पुलिस और अपनी सुरक्षा एजेंसियों के माध्यम से हर संभव प्रयास करेंगे कि जिम्मेदार लोगों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों की रक्षा के लिए उन्होंने मोदी को क्या आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को पहले भारत-ऑस्ट्रेलिया शिखर सम्मेलन में अल्बनीज के साथ बातचीत के दौरान मंदिरों पर हमलों का मुद्दा उठाया था।

## व्यापारियों को फल पकाने में कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल न करने को चेताया

**नई दिल्ली।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने व्यापारियों, फल विक्रेताओं और खाद्य व्यापार संचालकों (एफबीओ) को फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग ना करने के लिए चेतावनी दी है। नियामक ने कहा कि दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियामक ने इसके लिए एथिलीन जैसे उपयुक्त पदार्थों का उचित तरीके से उपयोग करने को कहा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक बयान में कहा कि फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक (बिक्री पर प्रतिबंध और प्रतिबंध) विनियम, 2011 के उप-विनियमन में प्रावधान के तहत कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है। बयान के अनुसार, कैल्शियम कार्बाइड से निकलने वाली एसिटलीन गैस फल पकाने में शामिल लोगों के लिए भी उतनी ही हानिकारक है।

## प्रमोद तिवारी राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता और रजनी पटेल सचेतक होंगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के अपने वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी को राज्यसभा में उपनेता और रजनी पाटिल को सचेतक नियुक्त करने का फैसला किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह जानकारी दी। उन्होने ट्वीट किया,"कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने प्रमोद तिवारी को राज्यसभा मे पार्टी का उपनेता और रजनी पाटिल को सचेतक नियुक्त करने को स्वीकृति दी। इन नियुक्तियों के बारे मे राज्यसभा के सभापति (जगदीप धनखड़) को सूचित किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ही उच्च सदन मे पार्टी के नेता यानी नेता प्रतिपक्ष है। रमेश मुख्य सचेतक की भूमिका निभाते है।पिछले साल की शुरुआत में आनंद शर्मा का राज्यसभा का कार्यकाल पूरा होने के बाद से सदन मे पार्टी का कोई उपनेता नही था। उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले तिवारी राजस्थान से राज्यसभा सदस्य है।

## ईडी के विशेष लोक अभियोजक नितेश राणा ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष लोक अभियोजक नितेश राणा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया है।साल 2015 से विशेष लोक अभियोजक रहे राणा ने कई चर्चित मामलों मे एजेंसी का प्रतिनिधित्व किया। इनमे पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम, कांग्रेस के नेता डी. के. शिवकुमार, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद तथा उनके परिवार, तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी और कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाद्रा से संबंधित मामले शामिल है। जब तक प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कोई व्यवस्था नही की जाती, तब तक उनका कार्यालय अदालत को स्थिति के बारे मे सूचित करेगा।

# इंदिरा गांधी का कहा नही मानने के बाद गिर गई थी द्रमुक की सरकार: स्टालिन

भाषा। कोयंबटूर



**तमिलनाडु के** मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने शनिवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनकी पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) से आपातकाल का विरोध नहीं करने का अनुरोध किया था लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री दिवंगत एम. करुणानिधि ने लोकतंत्र को अपनी सरकार से ऊपर रखकर इसका विरोध किया जिसके कारण उनकी सरकार गिर गई।

स्टालिन ने यहां विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिवंगत प्रधानमंत्री गांधी ने करुणानिधि को यह संदेश देने के लिए अपने दूत भेजे थे कि उन्हें 1975 में लागू आपातकाल का विरोध नहीं करना चाहिए और यदि उन्होंने इस अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया तो द्रमुक सरकार को बर्खास्त किया जा सकता है। स्टालिन की इस जनसभा के दौरान अन्नाद्रमुक और डीएमडीके सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के 4,000 से अधिक लोग द्रमुक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गांधी ने खुद को एक संकट से बचाने के लिए देश में आपातकाल लगाया था, जिसके बाद कई लोगों को गिरफ्तार किया गया और कई नेताओं के खिलाफ कठोर आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) के तहत मामले दर्ज किए गए।स्टालिन ने कहा, तब तमिलनाडु में हमारी सरकार थी। उस समय कलैगनार (करुणानिधि) के लिए एक संदेश आया। कहां से? दिल्ली से। मैडम इंदिरा गांधी के दूतों ने उन्हें सूचित किया कि (आपको) आपातकाल का विरोध नहीं करना चाहिए और यदि विरोध किया तो, (द्रमुक) सरकार एक सेकंड में गिर जाएगी। हालांकि, करुणानिधि ने उनसे कहा कि उन्हें अपनी जान की भी परवाह नहीं है और लोकतंत्र उनके लिए महत्वपूर्ण है। करुणानिधि ने आपातकाल के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश किया, जिसके तुरंत बाद द्रमुक सरकार को बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने कहा, हम सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। जनसभा के दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आने वाले चुनावों में सभी 40 सीटों (तमिलनाडु की 39 और पुडुचेरी की एक सीट) को जीतने के लिए कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया। लोगों ने हाल में इरोड पूर्वी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में गठबंधन सहयोगी-कांग्रेस को शानदार जीत देकर एसपीए को स्पष्ट जनादेश दिया है। इरोड पूर्वी सीट पर जीत तमिलनाडु के लोगों को दिए गए सुशासन और योजनाओं को दर्शाती है जिसमें महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा और सरकारी स्कूलों में छठी से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली लड़कियों को एक हजार रुपए देना शामिल है। उन्होंने दावा किया कि कुछ दल भ्रम पैदा करने और धर्म एवं जाति के नाम पर हिंसा भड़काने की कोशिश में हैं तथा वे द्रमुक को सत्ता से बेदखल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन द्वारा सभी 40 सीटें जीतना उन्हें उचित जवाब होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि द्रमुक अन्य राज्यों में गठबंधन सहयोगियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी।पार्टी का गठन सत्ता के लिए नहीं, बल्कि गरीबों, दबे-कुचलों और किसानों की सेवा के लिए किया गया था।

# जांच एजेंसियों की कार्रवाई का विरोध कर रहे विपक्षी दलों का गठजोड़ महा ठग बंधन : ठाकुर

भाषा। पुणे



**केंद्रीय सूचना** और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को आरोप लगाया कि जांच एजेंसियों की कार्वाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के खिलाफ विपक्षी दल साथ आ रहे हैं जो महा ठग बंधन है। ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा, सभी का अपना भ्रष्टाचार का मॉडल है। अब जब कार्रवाई हो रही है तो सब साथ आ रहे हैं। यह महागठबंधन नहीं है बल्कि महा ठग बंधन है। उन्होंने केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग विपक्षी दलों के नेताओं को निशाना बनाने के लिए करने का आरोप लगाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को आड़े हाथ लिया। दिल्ली में आबकारी नीति घोटाले के संदर्भ में ठाकुर ने कहा कि आप नेता मनीष सिसोदिया मामले में मुख्य आरोपी हो सकते हैं, लेकिन मुख्य कर्ताधर्ता मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं। ठाकुर ने कहा, वी कौन है? किसने संदेश भेजा था कि वी को पैसा चाहिए? अरविंद केजरीवाल आपका विजय नायर से क्या रिश्ता है? क्या आबकारी नीति बनाए जाते समय विजय नायर मौजूद था? बीआरएस की नेता के. कविता द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में महिला आरक्षण विधेयक पारित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने पर चुटकी लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में तेलंगाना की पार्टी ने केवल एक महिला के सशक्तीकरण के लिए काम किया। उन्होंने कहा, जब भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए तो आपको महिला सशक्तीकरण की बात सूझ रही है। तेलंगाना में लूट काफी नहीं थी, जो आप दिल्ली में आए हैं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के खिलाफ जांच पर ठाकुर ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री का एक विशेष नारा था, आप मुझे भूखंड दीजिए, मैं आपको नौकरी दूंगा।

## प्रधानमंत्री मोदी की मां को श्रद्धांजलि देने और मातृत्व का उत्सव मनाने के लिए माइक्रोसाइट की शुरुआत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आधिकारिक वेबसाइट पर एक माइक्रोसाइट मां शुरू की गई है जिसमें उनकी माता की स्मृतियों को संजोया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबा का 30 दिसंबर, 2022 को निधन हो गया था। माइक्रोसाइट मां हीराबा को समर्पित है और इसमें मातृत्व के भाव को सम्मान देने के साथ हीराबा की स्मृतियों को संजोया गया है। इस माइक्रोसाइट में एक मां और उसके पुत्र के बीच के प्रेम और अटूट बंधन को दर्शाया गया है। इसमें हीराबा के कुछ वीडियो और चुनिंदा कथन भी हैं। साइट पर प्रधानमंत्री मोदी का एक विशेष ब्लॉग है जो उन्होंने अपनी मां के जीवन के 100वें वर्ष में प्रवेश करने पर उनके लिए लिखा था। ब्लॉग का ऑडियो संस्करण हिंदी भाषा में है। इस माइक्रोसाइट पर मोदी के जीवन और यात्रा को चार हिस्सों में समेटा गया है। इनमें सार्वजनिक जीवन, राष्ट्र की स्मृतियां, वैश्विक संवेदना और मातृत्व का उत्सव हैं। इसमें वैश्विक संवेदना (वर्ल्ड कंडोल्स) वाले खंड में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा तथा कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो समेत प्रमुख वैश्विक नेताओं के ट्वीट हैं जिनमें हीराबा के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति शोक संवेदना प्रकट की गई।

## उत्तराखंड में एलोपैथिक डॉक्टरों को आयुर्वेद में प्रशिक्षण दिया जाएगा

**देहरादून।** उत्तराखंड में एलोपैथिक डॉक्टरों को आयुर्वेद में छह दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली की प्रभाव क्षमता को लेकर उनके संदेह दूर करने में मदद करेगा। मुख्य सचिव एसएस संधू ने शनिवार को कहा कि एलोपैथी और आयुर्वेद परस्पर विरोधी नहीं बल्कि एक दूसरे के पूरक हैं। संधू ने कहा कि आयुष विभाग तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर प्रस्तुतियों के जरिए प्रशिक्षण देगा। मुख्य सचिव ने कहा,"छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेदिक उपचार के बारे में गलत धारणाओं को दूर करना है और एलोपैथिक डॉक्टरों की इसकी प्रभाव क्षमता को लेकर संदेह दूर करने में मदद करना है।

## जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो 20 मार्च को भारत की यात्रा पर आएंगे

**नई दिल्ली।** जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो 20 मार्च को दो-दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहे हैं। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आपसी हितों से जुड़े द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो 20-21 मार्च को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं। बयान में कहा गया है कि अपनी यात्रा के दौरान फुमियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर आपसी हितों से जुड़े द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्ष जी7 और जी20 की अपनी अपनी अध्यक्षता से जुड़ी प्राथमिकताओं के बारे में भी चर्चा करेंगे।

## आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन जन आंदोलन में तब्दील हो रहा : पी.के.मिश्रा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पी.के.मिश्रा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना की वजह से आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन जन आंदोलन का रूप ले रहा है। उन्होंने इसके साथ ही अपादा प्रबंधन के निकायों को पेशवर बनाने का आह्वान किया। आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय मंच (एनपीडीआरआर) के विदाई कार्यक्रम के तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए मिश्रा ने विचार विमर्श के वृहद अवसर और चर्चा के विशाल स्वरूप पर प्रसन्नता जताई। मिश्रा वर्ष 2013 से ही एनपीडीआरआर के सभी तीन सत्रों में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय उपस्थिति की वजह से यह कार्यक्रम आपदा जोखिम न्यूनीकरण को जन आंदोलन में तब्दील कर रहा है, जैसा कि प्रधानमंत्री ने परिकल्पना की है।

# ईसाइयों को गलत परिप्रेक्ष्य में पेश करने वाले नाटक पर प्रतिबंध की मांग की

- केरल शीर्ष चर्च निकाय ने किया आग्रह

भाषा। कोच्चि

केरल कैथोलिक बिशप्स काउंसिल (केसीबीसी) ने राज्य सरकार से एक मलयालम नाटक के मंचन पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है और आरोप लगाया है कि इस नाटक में ईसाई धर्म को खराब परिप्रेक्ष्य में दिखाया गया है। राज्य में कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च निकाय केसीबीसी के अध्यक्ष कार्डिनल बेसेलियोस क्लेमिस की अध्यक्षता में बिशप और धर्म प्रमुखों की हाल ही में हुई एक बैठक में कक्कुकली नाटक की निंदा की गई है और कहा गया है कि इसका मंचन केरल की संस्कृति पर एक धब्बा है। मलयालम लेखक फ्रांसिस नोरोन्हा की कहानी पर आधारित एक नाटक, कक्कुकली एक युवा नन और उसके उन संघर्षों एवं चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका सामना उसने कॉन्वेंट में किया था। अलप्पुझा स्थित नेथल नाटक संघम ने जॉब मदाथिल के निर्देशन में इस कहानी को एक मंचीय रूप दिया। बैठक में केसीबीसी के प्रतिनिधियों ने कहा कि नाटक और साहित्यिक कृतियों का सुधार, परिवर्तन और सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करने का इतिहास रहा है। शीर्ष निकाय ने एक बयान में कहा, लेकिन अत्यधिक अपमानजनक सामग्री और इतिहास की विकृति के साथ महिमामंडन अस्वीकार्य है। कैथोलिक निकाय ने सांस्कृतिक समाज से भी नाटक की निंदा करने का आग्रह किया और सरकार से इसके मंचन पर प्रतिबंध लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की। हालांकि, नाटक के निर्देशक जॉब मैडाथिल ने आलोचनाओं को खारिज कर दिया है और कहा है कि मंडली इसका मंचन करती रहेगी। पंद्रह जगहों पर नाटक का मंचन हो चुका था और मुझे समझ नहीं आया कि अब अचानक से विरोध क्यों शुरू हो गया।



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की

# केंद्र ने एच-3एन-2 के बढ़ते मामलों के बीच कुछ राज्यों में कोविड में क्रमिक वृद्धि पर चिंता जताई

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** मौसमी इंफ्लूएंजा के उप-स्वरूप एच3एन2 के मामलों में वृद्धि के बीच केन्द्र ने कुछ राज्यों में कोविड-19 संक्रमण दर में क्रमिक बढ़ोतरी को लेकर शनिवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि इससे तुरंत निपटने की जरूरत है। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इंफ्लूएंजा जैसी बीमारी या गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण के मामलों के रूप में पेश होने वाले श्वसन संबंधी रोगों की एकीकृत निगरानी के लिए दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया। राज्यों से दवाओं और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता, कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के खिलाफ टीकाकरण जैसी अस्पताल की तैयारियों का जायजा लेने का भी अनुरोध किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने ` एक पत्र में कहा है, हालांकि पिछले कुछ महीनों में कोविड-19 के मामले कम होते जा रहे है लेकिन कुछ राज्यों में कोविड-19 संक्रमण दर में क्रमिक वृद्धि हुई है जो चिंता का एक मुद्दा है।

## रेलवे दावा न्यायाधिकरण के अध्यक्ष की दोबारा नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति के. एस. आहलूवालिया की दूसरी बार नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका 50 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए खारिज दी। अदालत ने कहा कि बिना किसी तार्किक आधार के न्यायाधीशों को बदनाम करने की कोशिश की अनुमति नहीं दी जा सकती। उच्च न्यायालय ने कहा कि रेल दावा बार एसोसिएशन, लखनऊद्वारा दायर की गई याचिका पद पर आसीन पूर्व न्यायाधीश की प्रतिष्ठा पर कीचड़ उछालने की कोशिश और न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। न्यायालय द्वारा तीन मार्च को दिए गए फैसले में कहा गया, इस अदालत की राय है कि वकीलों के संघ की ओर से दायर इस याचिका में कानून के तहत गठित न्यायाधिकरण के प्रति आशंका पैदा करने की कोशिश की गई है।

# शिवसेना (यूबीटी) नेता परब का सहयोगी ईडी की हिरासत में

- खुद को बलि का बकरा बताया

भाषा। मुंबई



**शिवसेना** (यूबीटी) के नेता अनिल परब के करीबी माने जाने वाले सदानंद कदम को उनकी गिरफ्तारी के एक दिन बाद शनिवार को यहां स्थित एक विशेष अदालत ने 15 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया है। महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के दापोली में स्थित एक रिसॉर्ट से जुड़े धन शोधन के कथित मामले में कदम को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय एजेंसी द्वारा शुक्रवार की रात गिरफ्तार किए गए कदम ने अदालत में दावा किया कि ईडी किसी और पर निशाना साधने के लिए सिर्फ उनके कंधे पर बंदूक रख रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता व पूर्व मंत्री परब तथा अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज धन शोधन के 10 करोड़ रुपए से ज्यादा के मामले में रत्नागिरि के दापोली में स्थित साईं रिसॉर्ट को इस साल जनवरी में जब्त किया था। धन शोधन का यह मामला रिसॉर्ट निर्माण के दौरान तटवर्ती नियमन जोन के प्रावधानों के कथित उल्लंघन से जुड़ा हुआ है। ईडी ने मुंबई के केबल ऑपरेटर कदम को शुक्रवार को गिरफ्तार किया और विशेष अवकाश न्यायाधीश एस. एम. टापकिरे की अदालत में पेश किया। अदालत ने कदम को 15 मार्च तक, पांच दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। धन शोधन का यह मामला अनिल परब, साई रिसॉर्ट, सी कोंच रिसॉर्ट और अन्य के खिलाफ केन्द्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) कानून के उल्लंघन के संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत और पूर्व मंत्री परब एवं अन्य लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार को धोखा देने और राज्य सरकार को नुकसान पहुंचाने के पुलिस में दर्ज मामले से जुड़ा हुआ है। ईडी ने पहले दावा किया था कि पीएमएलए के तहत हुए इस अपराध से 10.2 करोड़ रुपए की कमाई हुई है।

# ओजोन का स्तर बढ़ने से हृदय रोगों का खतरा

भाषा। नई दिल्ली

एक नए अध्ययन के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सीमा से ओजोन का स्तर अधिक होने से हृदयाघात और आघात (स्ट्रोक) से पीड़ति मरीजों की अस्पतालों में भर्ती होने की संख्या बढ़ी है। इस बारे में पहला प्रमाण यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में कहा गया है कि डब्ल्यूएचओ के अधिकतम स्तर से कम ओजोन का स्तर भी खराब स्वास्थ्य से जुड़ा है। चीन के शीआन जियाओतोंग विश्वविद्यालय के अध्ययन लेखक प्रोफेसर शाओवेई वू कहा, इस तीन वर्षीय अध्ययन के दौरान, हृदय रोगियों की अस्पतालों में बढ़ती संख्या के लिए ओजोन जिम्मेदार कारक है। उन्होंने कहा, हमारे नतीजों से संकेत मिलता है कि बुजुर्ग लोग विशेष रूप से ओजोन के प्रतिकूल हृदय संबंधी प्रभावों के प्रति संवेदनशील होते हैं, जिसका मतलब है कि जलवायु परिवर्तन के साथ ओजोन प्रदूषण और वैश्विक आबादी की तेजी से उम्र बढ़ने से भविष्य में हृदय रोग के और भी अधिक जोखिम पैदा हो सकते हैं। ओजोन एक गैस है और मुख्य वायु प्रदूषक है। ओजोन प्रदूषण ओजोन परत से भिन्न है, जो सूर्य के पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करती है।

## तैयार किए जाएंगे कुशल कामगार

**नई दिल्ली।** सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की सबसे बड़ी टीएमटी बार विक्रेता कामधेनु लिमिटेड, उत्तर प्रदेश में हर महीने 25-30 राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस के हर माह 1500 से अधिक राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कंपनी की ओर से 40 से 50 राजमिस्त्री के समूह के साथ नियमित बातचीत एवं प्रशिक्षण और गुणवत्ता कार्यक्रम सुनिश्चित करती है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कंपनी निर्माण क्षेत्र के बारे में नवीनतम जानकारी उन लोगों तक पहुंचाती है जो निर्माण और चिनाई के काम में शामिल हैं। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा,कामधेनु ग्रुप ने साल 2009 से ही राजमिस्त्रियों को शिक्षित करने और उन्हें निर्माण और संरचनात्मक सुरक्षा के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी देने की पहल की थी। हमारा उद्देश्य देश के अकुशल कार्यबल का कौशल और उत्थान करना है।

# गिल की शतकीय पारी, कोहली डटे

**● अंतिम टेस्ट : भारत के तीन विकेट पर 289 रन**

**भाषा।** अहमदाबाद



**युवा सलामी** बल्लेबाज शुभमन गिल की परिपक्वता से भरी शतकीय पारी और विराट कोहली के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 289 रन बनाए।

सभी प्रारूपों में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे गिल ने अंतिम एकादश में केएल राहुल पर प्राथमिकता दिए जाने को सही साबित करते हुए 235 गेंदों पर 128 रन बनाए जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल है। यह उनका टेस्ट क्रिकेट में दूसरा शतक और सर्वोच्च स्कोर है। गिल ने कप्तान रोहित शर्मा (58 गेंदों पर 35 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 74, चेतेश्वर पुजारा (121 गेंदों पर 42 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 रन और विराट कोहली (128 गेंदों पर नाबाद 59 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। भारत अभी ऑस्ट्रेलिया से 191 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 480 रन बनाए थे। कोहली के साथ दूसरे छोर पर रविंद्र जडेजा खड़े हैं जिन्होंने 54 गेंदों पर 16 रन बनाए हैं। इन दोनों ने अब तक 20 से अधिक ओवरों में 44 रन जोड़े हैं। भारत ने पहले सत्र में 93 रन जोड़े लेकिन दूसरे सत्र में उसने केवल 59 रन बनाए क्योंकि गेंद पुरानी होने के साथ उस पर स्ट्रोक खेलना मुश्किल हो रहा है। यही वजह है कि आस्ट्रेलिया ने 94 ओवर के बाद नई गेंद ली। भारत ने तीसरे सत्र में 101 रन बनाए लेकिन दिन के अंतिम घंटे में उसने बेहद धीमी बल्लेबाजी की। गिल को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को खेलने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। वह 70 रन के पार पहुंचने के बाद जरूर कुछ समय के लिए धीमे पड़ गए थे लेकिन जल्द ही वह अपने नैसर्गिक अंदाज में खेलने लग गए। उन्होंने पहले नाथन लियोन पर उनके सिर के ऊपर से चौका जड़ा और फिर पैडल स्कूप से अपना शतक पूरा किया। भारत ने सुबह बिना किसी नुकसान के 36 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहले सत्र में रोहित का विकेट खोया जिन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर बड़ा स्कोर बनाने का सुनहरा मौका गंवाया। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहेनमन ने आउट किया। रोहित अच्छे प्रवाह में बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने मिशेल स्टार्क पर पुल करके छक्का भी लगाया था। वह कुहेनमन की जिस गेंद पर आउट हुए वह विकेट लेने वाली गेंद नहीं थी। यह शॉर्ट पिच गेंद थी जिसे रोहित मैदान के किसी भी भाग में खेल सकते थे लेकिन उन्होंने इसे बैकफुट पर जाकर खेला और शार्ट एक्स्ट्रा कवर पर खड़े मार्नस लाबुशेन को कैच दे दिया।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी:** 480 रन,भारत पहली पारी:रोहित का लाबुशेन बो कुहनेमैन 35, गिल पगबाधा बो लियोन 128,पुजारा पगबाधा बो मरफी 42,कोहली खेल रहे हैं 59,जडेजा खेल रहे हैं 16, अतिरिक्त: 09 (बाई 4, लेग बाई 3, नो बॉल 2), **कुल:** 99 ओवर में तीन विकेट पर 289 रन,**विकेट पतन** : 1-74, 2-187, 3-245, **गेंदबाजी:** स्टार्क 17-2-74-0,ग्रीन 10-0-45-0,लियोन 37-4-75-1,कुहनेमैन 13-0-43-1, मरफी 22-6-45-1।

### अपनी खराब लय के दौरान खुद को बहुत अधिक दबाव में डाल रहा था: गिल

**अहमदाबाद।** शुभमन गिल को आक्रमक बल्लेबाजी करते हुए आउट होने का कोई मलाल नही होता है लेकिन अपने स्वभाव के विपरीत रक्षात्मक शॉट खेलने के दौरान आउट होने पर उन्हे निराशा होती है। गिल से तीसरे दिन के खेल के बाद शनिवार को यहां जब पूछा गया कि वह जब खराब दौर से गुजर रहे होते है तो खुद से क्या बातें करते है। उन्होने कहा, मैंने बीच में एक ऐसा दौर देखा है जब मैं 40 और 50 (2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 52 और 44) रन के आस-पास स्कोर कर आउट हो जा रहा था। मैंने जब इंग्लैंड मे पांचवां टेस्ट खेला, तो लगभग 20 (17) रन बनाए और उस पारी मे जल्दी आउट हो गया। इस सलामी बल्लेबाज ने कहा, मुझे लग रहा था कि क्रीज पर समय बिताने के बाद मै रक्षात्मक और अति सतर्क हो रहा था। मै यह सोचने लग रहा था अब जितनी देर तक संभव हो मुझे उतनी देर तक बल्लेबाजी करनी होगी।

# पीएम मोदी ने सानिया को सराहा

**● लिखा-आपकी उत्कृष्टता में दुनिया ने भारत की खेल प्रतिभा की झलक देखी**

**भाषा।** नई दिल्ली





**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने महान टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को उनके शानदार करियर के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनकी उत्कृष्टता में दुनिया ने भारत की खेल प्रतिभा की एक झलक देखी। सानिया ने अपने करियर में छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं, उन्होंने पिछले महीने दुबई में अपना अंतिम अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया था। उन्हें बधाई संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि सानिया ने भारतीय खेलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है जो आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरित करती रहेगी। युगल में दुनिया की नंबर एक रैंकिंग पर रह चुकी सानिया ने नौ मार्च को अपने ट्विटर हैंडल पर इस बधाई संदेश को पोस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, टेनिस प्रेमियों के लिए यह समझना मुश्किल होगा कि अब से आप पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर नहीं खेलेंगी। मोदी ने लिखा, आपकी उत्कृष्टता में दुनिया ने भारत के खेल कौशल की एक झलक देखी। जब आपने खेलना शुरू किया था तो भारत का टेनिस परिदृश्य बहुत अलग था। आपने जो किया वो यह दर्शाने के लिए था कि अधिक महिलाएं टेनिस खेल में आ सकती हैं और इसमें उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं। प्रधानमंत्री ने लिखा, लेकिन इसके अलावा, आपकी सफलता ने कई अन्य महिलाओं को भी ताकत दी जो खेलों में अपना करियर बनाना चाहती थीं, लेकिन किसी न किसी वजह से ऐसा करने से हिचकिचा रही थीं। सानिया ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस तरह के प्रेरक शब्दों के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। मैंने हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में बहुत गर्व महसूस किया है और भारत को गौरवान्वित करने के लिए मैं जो कुछ भी कर सकती हूं वो करना जारी रखूंगी। आपके समर्थन के लिए शुक्रिया। मोदी ने लिखा कि सानिया की सफलता ने हर भारतीय का दिल गर्व से भर दिया। उन्होंने लिखा, जब आपने 13 जनवरी को लाइफ अपडेट की घोषणा की, तो आपने छह साल की उम्र से अपनी यात्रा को शानदार तरीके से व्यक्त किया, जिसे आगे के वर्षों में एक विश्व स्तरीय टेनिस खिलाड़ी बनने के लिए टेनिस कोर्ट में सचमुच संघर्ष करना पड़ा। आपने लिखा कि भारत के लिए पदक जीतना आपके लिए सबसे बड़ा सम्मान कैसे रहा है। मैं कह सकता हूं कि आप भारत की गौरव हैं, जिनकी सफलता ने हर भारतीय के दिल और दिमाग को अत्यंत आनंद से भर दिया है। प्रधानमंत्री ने उस समय को भी याद किया जब सानिया एक कठिन दौर से गुजरी थीं, जब कलाई की चोट ने उनके करियर को लगभग खतरे में डाल दिया था लेकिन इससे बाद वह एक मजबूत युगल खिलाड़ी बनकर उभरीं। मोदी ने उम्मीद जताई कि सानिया युवा खेल प्रतिभाओं का मार्गदर्शन करना जारी रखेंगी।

### गंडास ने कीनिया ओपन के कट में जगह बनाई, शुभंकर चूके

**नैरोबी।** भारत के मनु गंडास कीनिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे लेकिन शुभंकर शर्मा दूसरे दौर से आगे नही बढ़ पाए। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे गंडास मे दूसरे दौर में इवन पार 71 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर अब एक अंडर 141 है और वहां 64वें स्थान पर काबिज है। शुभंकर ने पहले दो दौर में 73 और 70 का कार्ड खेला जिससे वह कट मे जगह बनाने में असफल रहे। नाचो एलविरा ने 67 और 65 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है।

### चार बार की ओलंपिक डाइविंग चैंपियन पैट मैक्कॉर्मिक का निधन

**लॉस एंजिलिस।** लगातार दो ओलंपिक में तीन मीटर और 10 मीटर की गोताखोरी (डाइविंग) स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने वाली अपने जमाने की दिग्गज गोताखोर पैट मैक्कॉर्मिक का निधन हो गया है। वह 92 वर्ष की थी। उनके बेटे टिम मैक्कॉर्मिक ने बताया कि मंगलवार को सांता एना के ऑरेंज काउंटी शहर मे नैसर्गिक कारणों से उनका निधन हो गया था। मैक्कॉर्मिक ने 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक खेलो मे गोताखोरी की स्प्रिंगबोर्ड और प्लेटफ़ॉर्म स्पर्धाओ मे स्वर्ण पदक जीते थे। इसके बाद उन्होने चार साल बाद मेलबर्न मे यही उपलब्धि दोहराई थी। उनके बेटे टिम मैक्कॉर्मिक का जन्म मेलबर्न खेलो से केवल पांच महीने पहले हुआ था। ग्रेग लोगानिस ने 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक मे और फिर 1988 मे सियोल ओलंपिक मे तीन मीटर और 10 मीटर के खिताब जीतकर मैक्कॉर्मिक की उपलब्धि की बराबरी की थी।

### अवनी महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक में संयुक्त 24वें स्थान पर

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत ने यहां महिला एमेच्योर एशिया-पैसिफिक (डब्ल्यूएएपी) चैंपियनशिप के तीसरे दौर मे 74 का कार्ड बनाया और वह संयुक्त 24वें स्थान पर है। पहले दो दौर में 71 और 72 का स्कोर बनाने वाली निश्ना पटेल ने तीसरे दौर मे निराशाजनक प्रदर्शन किया। उन्होने पांच ओवर 77 का कार्ड खेला जिससे वहां संयुक्त 34वें स्थान खिसक गई। थाईलैंड की ईला गैलिट्स्की ने अंतिम दौर से पहले तीन शॉट की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। किम मिनसोल (73) दूसरे जबकि जापान की युना अर्की (68) तीसरे स्थान पर है।

### वाणी शीर्ष दस में पहुंची, प्रणवी का अच्छा प्रदर्शन जारी

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने लगातार दूसरे दिन 70 से कम का स्कोर बनाया जिससे वह इन्वेस्टेक दक्षिण अफ्रीकी महिला ओपन मे शीर्ष 10 में पहुंच गई जबकि प्रणवी उर्स ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। वाणी ने पहले दौर मे 72 का कार्ड खेला था लेकिन इसके बाद अगले दो दौर में 68 और 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर सात अंडर 209 है और वहां संयुक्त आठवे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका मे अपने सत्र की शुरुआत करने वाली प्रणवी ने 70, 71 और 71 के कार्ड खेले। उनका कुल स्कोर चार अंडर 212 है और वह संयुक्त 27वे स्थान पर है। अन्य भारतीयो मे अमनदीप द्राल, दीक्षा डागर और रिद्धिमा दिलावरी कट से चूक गई।

# पैरी का आरसीबी की कप्तान को समर्थन

**कहा- स्मृति को बस एक मौका चाहिए**

**भाषा।** मुंबई



**महिला प्रीमियर लीग** (डब्ल्यूपीएल) की सबसे महंगी खिलाड़ी स्मृति मंधाना भले ही खराब दौर से गुजर रही हों और उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की काफी खराब शुरूआत के बावजूद महान क्रिकेटर एलिस पैरी ने अपनी कप्तान का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें टी20 टूर्नामेंट में बड़ी पारी खेलने के लिए बस एक मौके की जरूरत है। मंधाना को शुरूआती डब्ल्यूपीएल में 3.4 करोड़ रूपए में खरीदा गया, उन्होंने अभी तक टूर्नामेंट के चार मैचों में 35, 23, 18 और 04 रन बनाए हैं जिसमें टीम को हार का सामना करना पड़ा है। पैरी ने शुक्रवार को यहां यूपी वारियर्स द्वारा मिली 10 विकेट की हार के बाद कहा, स्मृति को जानते हुए मैं कह सकती हूं कि वह काफी जिम्मेदार खिलाड़ी है, वह अपने ऊपर ज्यादा ही दबाव ले रही है। भारतीय टीम की उप कप्तान मंधाना स्टार सुसज्जित आरसीबी टीम की अगुआई कर रही हैं जिसमें पैरी, सोफी डेविने और हीथर नाइट जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। छह बार की टी20 विश्व कप विजेता पैरी ने उम्मीद जताई कि मंधाना इस दौर से जल्द ही निकल जाएंगी। नए टूर्नामेंट में ऐसे खिलाड़ियों के साथ खेलना जिनके साथ आप पहले कभी नहीं खेले हों और इतने कम दिन में सभी के साथ घुलना मिलना। मुझे लगता है कि वह शानदार कप्तान हैं। उन्हें बस टूर्नामेंट में बड़ी पारी खेलने के लिए एक मौके की जरूरत है। वहीं मंधाना ने टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी खुद पर लेते हुए कहा, पिछले चार मैचों में, ऐसा हो रहा है। हम अच्छी शुरूआत करते हैं और फिर लगातार विकेट गंवा देते हैं। मैं भी इसकी जिम्मेदारी लेती हूं। गेंदबाजों को बचाव करने के लिए स्कोर-बोर्ड पर कुछ रन चाहिए होते हैं। हम संतुलित टीम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। देखिए कैसा रहता है। निचले पायदान पर काबिज आरसीबी का सामना अब सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

# शेफाली के खेल से जीता दिल्ली कैपिटल्स



**● गुजरात जायंट्स को 10 विकेट से रौंदा**

**भाषा।** नवी मुंबई

**दक्षिण अफ्रीका की** तेज गेंदबाज मरीजान काप (15 रन पर पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दबदबे वाले प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा (28 गेंद में नाबाद 76 रन) की आतिशी बल्लेबाजी से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग मैच में शनिवार को यहां गुजरात जायंट्स को 77 गेंद शेष रहते 10 विकेट से रौंदा। दिल्ली ने गुजरात की पारी को नौ विकेट पर 105 रन पर रोकने के बाद महज 7.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली की यह चार मैचों में तीसरी जीत जबकि गुजरात की इतने ही मैचों में यह तीसरी हार है। शेफाली ने 28 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाने के साथ कप्तान मेग लानिंग (15 गेंद में नाबाद 21) के साथ 43 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी की। मैन ऑफ द मैच काप ने चार ओवर में 15 रन देकर पांच विकेट चटकाए जो इस सत्र में अब तक का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है। काप को भारतीय तेज गेंदबाज शिखा पांडे का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 26 रन देकर तीन विकेट लिए। वामहस्त स्पिनर राधा यादव ने 19 रन देकर एक सफलता हासिल की। गुजरात जायंट्स के लिए किम गार्थ ने सबसे ज्यादा नाबाद 32 रन का योगदान दिया। उन्होंने 37 गेंद की पारी में तीन चौके लगाने के साथ सातवें विकेट के लिए जॉर्जिया वेहरहम (22) के साथ 33 और आठवें विकेट विकेट के लिए तनुजा कंवर (13) के साथ 31 रन की अहम साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली ने दूसरे ओवर में तनुजा के खिलाफ छक्का और चौका जड़कर अपने इरादे जता दिए। उन्होंने तीसरे ओवर में गार्थ के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाया। शेफाली की आक्रामक पारी के सामने गार्डनर जैसी अनुभवी गेंदबाज की भी एक ना चली। उन्होंने चौथे ओवर में इस गेंदबाज के खिलाफ लगातार दो चौका लगाने के बाद गगनदाई छक्का लगाया। इसी ओवर में लानिंग ने भी लगातार दो चौके लगाए जिससे चार ओवर में ही टीम का स्कोर 57 रन हो गया। शेफाली ने पांचवें ओवर में मानसी वर्मा के खिलाफ दो चौके जड़ने के बाद एक रन लेकर 19 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह इस टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है।

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात जायंट्स पारी:** मेघनाबो काप00, वोल्वाईट बो काप 01,देओल पगबाधा काप 20, गार्डनर पगबाधा काप 00,हेमलता का तानिया बो शिखा 05,वेयरहम बो राधा 22,वर्मा बो काप,गार्थ नाबाद 32, कंवर का जेमिमा बो शिखा 13, राणा का एवं बो शिखा 02,जोशीनाबाद 05,**अतिरिक्त:** (लेग बाई: 02, वाइड : 01) 03,**कुल योग:** (20 ओवर में नौ विकेट पर) 105 रन,**विकेट पतन:** 1-0, 2-9, 3-9, 4-18, 5-28, 6-33, 7-66, 8-94, 9-96,**गेंदबाजी:** काप 4-0-15-5, राधा 4-0-19-1,शिखा 4-0-26-3, जॉनासन4-0-19-0,नॉरिस, 1-0-6-0, मनी 3-0-18-0

**दिल्ली कैपिटल्स पारी:**लानिंग नाबाद 21,शेफालीनाबाद 76,अतिरिक्त: (बाई:01, लेग बाई: 02, वाइड: 07) 10,**कुल योग:** (7.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के) 107 रन,**गेंदबाजी:** गार्थ 2-0-20-0, कंवर 2-0-27-0,गार्डनर 1-0-22-0,जोशी 2-0-31-0 वेयरहम 0.1-0-4-0

# चोटिल झाय रिचर्डसन आईपीएल से बाहर

**भाषा।** सिडनी



**ऑस्ट्रेलिया के तेज** गेंदबाज झाय रिचर्डसन हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की सर्जरी के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से बाहर हो गए हैं। रिचर्डसन को 31 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में मौजूदा चैम्पियन मुंबई इंडियन्स टीम से जुड़ना था। इस चोट के कारण वह भारत के खिलाफ 17 मार्च से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से भी बाहर हो गए हैं। पिछले सप्ताह हैमस्ट्रिंग की चोट के फिर से उभरने के बाद उनकी सर्जरी हुई थी। रिचर्डसन ने ट्वीट किया, चोटिल होना क्रिकेट का एक बड़ा हिस्सा हैं, यह एक सच्चाई है, लेकिन निराशाजनक है। इस 26 साल के गेंदबाज ने कहा, मैं हालांकि अब ऐसी स्थिति में हूं जहां अपनी पसंद की चीजें कर सकता हूं। मैं पहले से भी बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए कड़ी मेहनत करता रहूंगा। एक कदम पीछे, दो कदम आगे। चलिए इसे करते हैं। रिचर्डसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टेस्ट, 15 वनडे और 18 टी20 मैच खेले हैं।

# थॉमसन ने उलटफेर किया, सिटसिपास हारे

**भाषा।** इंडियन वेल्स



**ऑस्ट्रेलिया के** जॉर्डन थॉमसन ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर उलटफेर किया।

थॉमसन ने दो घंटे 37 मिनट तक चले दूसरे दौर के इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के उपविजेता सिटसिपास को 7-6 (0), 4-6, 7-6 (5) से हराया। यह उनकी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी पर दूसरी जीत है। अन्य मैचों में तीसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने डिएगो श्वार्ट्जमैन को 6-2, 6-3 से जबकि दसवीं वरीयता प्राप्त कैमरून नॉरी ने ताइवान के क्वालीफायर वू तुंग-लिन को 6-2, 6-4 से हराया। कुछ अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इनमें ग्रिगोर दिमित्रोव, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट और योशीहितो निशिओका शामिल हैं। महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने एवगेनिया रोडिना को 6-2, 6-0 से जबकि छठी वरीयता प्राप्त कोको गौफ ने क्रिस्टीना बुक्सा को 6-2, 6-4 से हराया। नौवीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच हालांकि जिल टीचमैन से 3-6, 6-3, 6-3 से हार गईं।

### अंकिता ने रूतुजा को हराया, फाइनल में ब्रेंडा से होगी भिड़ंत

**बेंगलुरू।** भारत की अंकिता रैना ने शनिवार को यहां हमवतन रूतुजा भोसले को सीधे सेटों में पराजित कर आईटीएफ महिला ओपन के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उनकी भिड़ंत शीर्ष वरीय ब्रेंडा फ्रुहविर्तोवा से होगी। रैना ने केएसएलटीए स्टेडियम में एक तरफा मुकाबले में भोसले को 6-1 6-1 से पराजित किया। वहीं चेक गणराज्य की 15 वर्षीय फ्रुहविर्तोवा ने स्लोवाकिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त डालिला जाकुपोविच पर दूसरे सेमीफाइनल में 7-6 (2) 6-2 से जीत हासिल की।

# मिशेल का शतक, न्यूजीलैंड को श्रीलंका पर पहली पारी में बढ़त



**भाषा।** क्राइस्टचर्च

**डेरिल मिशेल** के शानदार शतक और मैट हेनरी के 75 गेंद में 72 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में बढ़त हासिल की।

मिशेल ने 102 रन बनाए जबकि हेनरी ने आक्रामक पारी खेली। इनके अलावा नील वैगनर ने 24 गेंदों पर 27 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड अपनी पहली पारी में 373 रन बनाकर 18 रन की बढ़त हासिल करने में सफल रहा। पहली पारी में 355 रन बनाने वाले श्रीलंका ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 83 रन बनाए हैं और अब उसे 65 रन की बढ़त हासिल हो चुकी है। स्टंप उखड़ने के समय एंजेलो मैथ्यूज 20 रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड ने सुबह पांच विकेट पर 162 रन से आगे खेलना शुरू किया। वह तब श्रीलंका से 193 रन पीछे था लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने मिशेल का अच्छा साथ दिया। माइकल ब्रेसवेल और कप्तान टिम साउदी ने 25--25 रन का उपयोगी योगदान दिया। मिशेल ने 187 गेंदों पर अपना पांचवा और श्रीलंका के खिलाफ पहला शतक पूरा किया। दूसरी तरफ हेनरी ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की तथा अपना पांचवां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाए। इनमें कासुन रजिता के एक ओवर में लगाए गए चार चौके और एक छक्का भी शामिल है। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में ओशदा फर्नांडो (28), दिमुथ करुणारत्ने (17) और कुसल मेंडिस (14) के विकेट गंवाए। ब्लेयर टिकनर ने तीनों विकेट लिए।

### हनी बैसोया ने 62 का कार्ड खेला, शीर्ष 10 में जगह बनाई

**भाषा।** हुआ हिन

**भारतीय गोल्फर** हनी बैसोया ने दूसरे दौर में 10 अंडर पार 62 का शानदार स्कोर करते हुए अंतराष्ट्रीय सीरीज थाईलैंड के शीर्ष 10 में जगह बनाई। बैसोया ने पहले दौर में 73 का स्कोर बनाया था और इस तरह से उनका कुल स्कोर नौ अंडर पार है जिससे वह शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। यह भारतीय खिलाड़ी अभी शीर्ष पर काबिज अमेरिका के डॉज केमर (64-66) से पांच शॉट पीछे है। भारतीय खिलाड़ियों में हालांकि एस चिक्कारंगप्पा अब भी सबसे आगे हैं। उन्होंने दूसरे दौर में भी 67 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर 10 अंडर पार है। वीर (70-68), भुल्लर (69-69), कोचर (69-69) और रंधावा (70-69) कट में जगह बनाने में सफल रहे। जोशी (76-67), कार्तिक शर्मा (67-77), एसएसपी (74-71), जीव (73-72), विराज(75-74) और राशिद (78-73) कट में जगह नहीं बना पाए।

# दर्शी, दीक्षा, वैष्णवी व सलोनी को स्वर्ण

**● खेलो इंडिया 10 का दम : महिला सशक्तिकरण बॉक्सिंग**




**लखनऊ।** महिला दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया 10 का दम प्रतियोगिता के अंतर्गत हुई महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दर्शी गुप्ता, सानिया तुबा, दीक्षा राय, वैष्णवी खन्ना, सलोनी व पूजा ने शानदार प्रदर्शन के साथ अपने-अपने भार वर्गो में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण और क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ जिला बॉक्सिंग संघ के समन्वय से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग एरिना में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में डाण् नवनीत सहगल ;अपर मुख्य सचिव खेलद्ध और भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के कार्यकारी निदेशक संजय सारस्वत ने पुरस्कार बांटे। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय सेठी और लखनऊ जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव सहदेव सिंह व अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे। आज हुई स्पर्धाओं में 28.30 भार वर्ग में दर्शी गुप्ता ने पहला व अनिका दुबे ने दूसराए 42.45 किग्रा में इंदीवरा ने पहला व जुनाली बिष्ट ने दूसरा, 45.48 किग्रा में काजल पाण्डेय ने पहला व अदीबा ने दूसरा, 48.51 किग्रा में सोनाली सिंह ने पहला व साबी अली ने दूसरा, 51.54 किग्रा में सानिया तुबा ने पहला व श्रीमिष्ठा ने दूसरा, 54.57 किग्रा में दीक्षा राय ने पहला व अश्मिता ने दूसरा, 57.60 किग्रा में वैष्णवी पाल ने पहला व साधना गौर ने दूसरा, 60.64 किग्रा में कामना रावत ने पहला व परमिंदर कौर ने दूसराए 64.69 किग्रा में पूजा कुमारी ने पहला व सनाया पाल ने दूसरा और 70.75 किग्रा भार वर्ग में वैष्णवी खन्ना ने पहला व जान्हवी यादव ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### अतुल सम्मानित

लखनऊ जिला बॉक्सिंग संघ की ओर से संघ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री को सम्मानित किया गया। अतुल अग्निहोत्री को हाल ही में हुई उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ की बैठक में सह संयुक्त सचिव और अनुशासन समिति का संयोजक नामित किया गया था।